

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात: किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



03 गहराता जा रहा है जल संकट पर विवाद, चुनाव आयोग ने आतिशी ...

श्रीलंका अदाणी ग्रीन एनर्जी के साथ बिजली खरीद समझौते पर नए ... 10

वर्ष : 15 | अंक : 282 | नई दिल्ली, बुधवार, 29 जनवरी, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 21°C

न्यूनतम तापमान 30.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 79,005 |
| चांदी | 92,500 |
| सेंसेक्स | 81,786 |
| निफ्टी | 24,668 |

## मौनी अमावस्या स्नान पर्व से पहले ही प्रयागराज में श्रद्धालुओं का सैलाब













प्रात : किरण/ एजेंसी

महाकुंभनगर। महाकुंभ के तीसरे स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर त्रिवेणी में डुबकी लगाने के लिये देश विदेश के कोने कोने से आ रहे श्रद्धालुओं की भीड़ से प्रयागराज की सड़कें पट गयी हैं। मेला प्रशासन ने बुधवार को मौनी अमावस्या पर आठ से दस करोड़ लोगों के संगम में स्नान का अनुमान जताया है। मौनी अमावस्या पर स्नान ध्यान का क्रम रात 12 बजे से ही शुरू हो जायेगा, वैसे महाकुंभ क्षेत्र में पहले से ही रात दिन श्रद्धालु स्नान कर रहे हैं। जिला प्रशासन ने जनसैलाब के मद्देनजर सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किये हैं। एंबुलेंस और पुलिस वाहन के अलावा सभी प्रकार के वाहनों को मेला क्षेत्र के लिये प्रतिबंधित कर दिया गया है। शहर के सभी स्कूल कालेज मौनी अमावस्या के दिन बंद रहेंगे।

मौनी अमावस्या के दिन भोर से ही 13 अखाड़ों के साधु संतों के स्नान का क्रम शुरू होगा जो कि देर दोपहर तक जारी रहेगा। इस विहंगम दृश्य के साक्षी बनने के लिये हर श्रद्धालु जिज्ञासु है। श्रद्धालुओं पर हेलीकाप्टर से पुष्प वर्षा की जायेगी। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार पिछले 17 दिनों में महाकुंभ में 15 करोड़ से ज्यादा लोग स्नान कर चुके हैं जो कि अब तक का एक रिकार्ड है। मौनी अमावस्या पर 8 से 10 करोड़ लोगों के आगमन का अनुमान है। महाकुम्भ 2025 में श्रद्धालुओं की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। महाकुम्भ में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं और चप्पे चप्पे पर पुलिस की निगरानी है।

## संक्षिप्त खबरें

### बागपत में मंच गिरने से सात की मौत, 75 से अधिक घायल

बागपत। उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में मंगलवार सुबह श्री दिगंबर जैन डिग्री कॉलेज में भगवान आदिनाथ के निर्वाण लाडू महोत्सव के लिए बनाया गया लकड़ी का मंच गिर गया, जिसमें सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 75 से अधिक घायल हो गए। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है, क्योंकि कई पीड़ितों की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस के अनुसार यह हादसा बड़ौत शहर कोतवाली क्षेत्र में गांधी रोड पर एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान हुआ, जो पिछले 25 वर्षों से हर साल आयोजित किया जाता रहा है। महोत्सव के लिए 65 फुट ऊंचा अस्थायी मंच बनाया गया था, लेकिन श्रद्धालुओं की अधिक संख्या के कारण सीढ़ियां गिर गईं। इससे भगदड़ मच गई और कई लोग मलबे में दब गए।

### महत्वपूर्ण खबर



**केजरीवाल पर केस करेगी हरियाणा सरकार, चुनाव आयोग में शिकायत करेगा भाजपा का प्रतिनिधिमंडल**

नई दिल्ली। यमुना नदी पर दिए बयान को लेकर दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किल बढ़ सकती है। जहां एक तरफ हरियाणा सरकार ने उन पर मानहानि का मुकदमा दर्ज कराने की बात कही है तो वहीं दूसरी तरफ भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग में भी केजरीवाल की शिकायत करेगा। दरअसल, केजरीवाल ने सोमवार को दावा करते हुए हरियाणा सरकार पर आरोप लगाया था कि यमुदा नदी में जहर मिलाकर भेजा जा रहा है। केजरीवाल के आरोप पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा, ₹केजरीवाल ने यह बयान देकर साबित कर दिया है कि वह सस्ती राजनीति के लिए कुछ भी कर सकते हैं। जिस धरती पर वह पैदा हुए वहां का अपमान किया है। हम लोग यमुना नदी को पवित्र मानते हैं।

### श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के 13 मछुआरों को किया गिरफ्तार

चेन्नई। श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के 13 मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया है। उसने आरोप लगाया है कि वे श्रीलंका के समुद्री जल क्षेत्र में अवैध रूप से घुस गए थे। श्रीलंकाई नौसेना की गोलीबारी में दो मछुआरे गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें श्रीलंका के जाफना के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक सोमवार की रात करीब 10 बजे तमिलनाडु के कोडियाकराई के पास स्थित कराईकल के 20 से अधिक मछुआरे एक मोटरबोट में मछली पकड़ रहे थे। उन्हें श्रीलंकाई नौसेना की दो गश्ती नौकाओं ने घेर लिया। इस दौरान मछुवारे भाग गए, लेकिन एक मोटरबोट श्रीलंकाई नौसेना के हाथ लगा। कराईकल के क्लिंजल मेडु गांव के आनंदवेल की नाव में 13 मछुआरे सवार थे, जिनके नाम मणिकावेल, दिनेश, कार्तिकेयन, सेंथामिज, मैविलिनथन, वेत्रिवेल, नवाथ, राजेंद्रन, रामकी, शशिकुमार, नंदकुमार, बाबू और कुमारन हैं। इसके अलावा नवाथ, राजेंद्रन, रामकी, शशिकुमार, नंदकुमार, बाबू और कुमारन, जो नगाई और मयिलादुथुराई से हैं।

# पूर्वी भारत देश का विकास इंजन है और ओडिशा इसका एक महत्वपूर्ण हिस्सा है : पीएम मोदी

**पीएम मोदी ने कहा, 2025 की शुरूआत में जनवरी में ओडिशा की यह मेरी दूसरी यात्रा है। कुछ दिन पहले, मैं प्रवासी भारतीय दिवस कार्यक्रम का हिस्सा था, और आज मैं यहां उत्कर्ष ओडिशा कॉन्क्लेव में हूं। मैं ओडिशा के लोगों को बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा, जब इंडोनेशिया के राष्ट्रपति भारत के दौरे पर थे, तो उन्होंने कहा कि ओडिशा उनके डीएनए में है। ओडिशा के पास एक विरासत है, जो इसे दक्षिण पूर्व एशिया से जोड़ती है। इस सदी में ओडिशा फिर से उस विरासत को पुनर्जीवित करने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा, ओडिशा में हमारी सरकार लगातार नई-नई संभावनाओं को विकसित करने की दिशा में काम कर रही है। यहां हमारी हजारों करोड़ों रुपये की परियोजनाएं चल रही हैं।**





प्रात : किरण/ एजेंसी

भुवनेश्वर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को उत्कर्ष ओडिशा कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में आए लोगों को भारत की उपलब्धियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा, मुझे बताया गया है कि यह ओडिशा के इतिहास में सबसे बड़ा निवेशक शिखर सम्मेलन है - 5 से 6 गुना अधिक निवेशक इसमें भाग ले रहे हैं। मैं इसके लिए ओडिशा सरकार को बधाई देता हूं। मेरा मानना है कि पूर्वी भारत देश का विकास इंजन है और ओडिशा इसका एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जब भारत का वैश्विक विकास में बहुत बड़ा योगदान था, तो भारत के पूर्वी हिस्से दक्षिण पूर्व एशिया के साथ व्यापार का मुख्य केंद्र हुआ करते थे। पीएम मोदी ने कहा, 2025 की शुरूआत में जनवरी में ओडिशा की यह मेरी दूसरी यात्रा है। कुछ दिन पहले, मैं प्रवासी भारतीय दिवस कार्यक्रम का हिस्सा था, और आज मैं यहां उत्कर्ष ओडिशा कॉन्क्लेव में हूं। मैं ओडिशा के लोगों को बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा, ₹जब इंडोनेशिया के राष्ट्रपति भारत के दौरे पर थे, तो उन्होंने कहा कि ओडिशा उनके डीएनए में है। ओडिशा के पास एक विरासत है, जो इसे दक्षिण पूर्व एशिया से जोड़ती है। इस सदी में ओडिशा फिर से उस विरासत को पुनर्जीवित करने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा, ओडिशा में हमारी सरकार लगातार नई-नई संभावनाओं को विकसित करने की दिशा में काम कर रही है। यहां हमारी हजारों करोड़ों रुपये की परियोजनाएं चल रही हैं। हमारी सरकार ओडिशा को उद्योगों का हब बनाने की कोशिश कर रही है। ओडिशा ब्लू इकोनॉमी के नाम पर भी देश के शीर्ष राज्यों में शामिल होने जा रहा है। हम भारत में एक ऐसी सप्लाई चेन बनाएंगे जिससे विश्व में होने वाले उतार-चढ़ाव का असर न पड़े। उन्होंने कहा कि आज की तारीख में कोई भी इंडस्ट्री अत्यधिक तकनीक के बिना आगे नहीं बढ़ सकती है। हमारी सरकार अर्थव्यवस्था की गति को आगे बढ़ाने में लगी हुई है। हम लगातार एक ऐसी दिशा में काम कर रहे हैं, जिससे हमारे उद्योगों को फायदा पहुंचे। हमें पूरा विश्वास है कि ओडिशा समृद्ध होगा। इस दिशा में हम लगातार काम कर रहे हैं। यहां हजारों वर्षों से हमारी संस्कृति पाई जाती है। यह राज्य विकास और विरासत का अद्भुत मॉडल है। इस भाव के साथ ही हम लोगों ने जी-20 में कई तथ्यों को प्रस्तुत करने का प्रयास किया। उत्कर्ष ओडिशा में हमें पर्यटन उद्योग से जुड़े तथ्यों को प्रस्तुत करना है। हमें इको-टूरिज्म को विस्तृत करना है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा, आज के समय में अनुसंधान और नवाचार की आवश्यकता है। सरकार अनुसंधान के लिए एक जीवंत पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए काम कर रही है और इसके लिए एक विशेष फंड भी तैयार किया गया है। उद्योगों को आगे आना चाहिए और सरकार के साथ काम करना चाहिए, यह सभी की अपेक्षा है। उन्होंने कहा, आज की तारीख में बड़े-बड़े निवेशक और कलाकार भारत की तरफ आकर्षित हो रहे हैं। आप सभी दुनिया भर में यात्रा करते हैं और दुनिया भर के लोगों से मिलते हैं। आज, भारत को समझने की जिज्ञासा बढ़ रही है, जिसे आप हर जगह अनुभव करते हैं। भारत को समझने के लिए ओडिशा एक आदर्श स्थान है। इसमें हजारों साल की विरासत और इतिहास है। आध्यात्मिकता, घने जंगल, पहाड़ और महासागर, सब कुछ एक ही स्थान पर अनुभव किया जा सकता है।

## राष्ट्रपति मुर्मू संसद के संयुक्त सत्र को करेंगी संबोधित

**बजट सत्र 31 जनवरी से, एक फरवरी को आएगा बजट**

प्रात : किरण/ एजेंसी



नई दिल्ली। संसद के बजट सत्र की शुरूआत 31 जनवरी को संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से होगी और फिर अगले दिन शनिवार एक फरवरी को आम बजट पेश किया जाएगा। सोमवार से लोकसभा और राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा शुरू हो जाएगी। संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद शुक्रवार को लोकसभा और राज्यसभा की संक्षिप्त बैठक होगी। इसी दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण दोनों सदनों में आर्थिक सर्वेक्षण पेश करेंगी। एक फरवरी को सीतारमण, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट और बतौर वित्त मंत्री लगातार अपना आठवां बजट पेश करेंगी। सोमवार से दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू हो जाएगी। लोकसभा ने इसके लिए फिलहाल दो दिन (3-4 फरवरी) आवंटित किए हैं, जबकि राज्यसभा ने बहस के लिए तीन दिन निर्धारित किए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छह फरवरी को राज्यसभा में बहस का जवाब दे सकते हैं। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बजट सत्र के सुचारू संचालन के मद्देनजर चर्चा के लिए 30 जनवरी को संसद में सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बजट सत्र के पहले चरण में 31 जनवरी से 13 फरवरी तक नौ बैठकें प्रस्तावित हैं। इसके बाद दोनों सदन 13 फरवरी को अवकाश के लिए स्थगित हो सकते हैं और विभिन्न मंत्रालयों व विभागों की अनुदान मांगों पर चर्चा के लिए 10 मार्च को फिर से मिलेंगे। सत्र का दूसरा चरण 10 मार्च को शुरू होगा और इसके 4 अप्रैल तक जारी रहने की संभावना है। बजट सत्र में कुल 27 बैठकें प्रस्तावित है।

## प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं से मनमाने दाम वसूल रही हैं विमान कंपनियां : राघव चड्ढा

प्रात : किरण/ एजेंसी



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) सांसद राघव चड्ढा ने प्रयागराज महाकुंभ के लिए फ्लाइट किराए कम करने की सरकार से अपील करते हुए ये सवाल उठाया है कि जिन फ्लाइट में आम दिनों में टिकट 5 से 6 हजार का होता था, वह 50 से 60 हजार का मिल रहा है। उन्होंने सरकार से अपील की है कि इस किराए पर कैंपिंग लगाई जाए, ताकि ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालु महाकुंभ में पहुंचकर अपनी भागीदारी दर्ज कर सकें। उन्होंने कहा कि सनातन धर्मियों के लिए महाकुंभ आस्था और अध्यात्म का सबसे बड़ा पर्व है। आज जब 144 वर्षों के बाद प्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है, तब देश ही नहीं बल्कि दुनिया भर के लाखों करोड़ों लोग स्नान, साधना और तपस्या करने के लिए प्रयागराज जाना चाहते हैं।

उन्होंने आगे कहा, ₹मगर हैरानी की बात यह है कि आस्था और पवित्रता के महापर्व को एयरलाइंस ने, यानी की फ्लाइट कंपनियों ने, अपनी मनमानी कमाई के अवसर में तब्दील कर दिया है। सामान्य दिनों में प्रयागराज की फ्लाइट का खर्च 5 से 8 हजार हुआ करता था। आज वही फ्लाइट आपको 50 से 60 हजार रुपए तक की खरीदनी पड़ रही है। यानी की फ्लाइट कंपनियां श्रद्धालुओं से मनमाने रेट वसूल रही हैं। ऐसे में लाखों श्रद्धालु जो महाकुंभ जाना चाहते थे, आज उन्हें निराश होना पड़ रहा है। यह कंपनियां फायदे के चक्कर में ठीक नहीं कर रही हैं। राघव चड्ढा ने कहा कि मेरी सभी श्रद्धालुओं की ओर से सरकार से यह मांग है और मैं निवेदन करता हूं कि सरकार इन एयरलाइंस की मनमानी पर रोक लगाए, कार्रवाई करें और कुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए किफायती फ्लाइट की सुविधा उपलब्ध करवाए। फ्लाइट की प्राइसिंग में कैंपिंग इंट्रोड्यूस करें। श्रद्धालुओं की सेवा से बड़ा धर्म कुछ नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि पहले जब सदन में हमने एयरपोर्ट पर मिल रहे महंगे खाने का मुद्दा उठाया था, तब सरकार के कानों तक हमारी बात पहुंची और यात्रियों के लिए किफायती कैंटीन सस्ते दाम पर मिलने वाली उड़ान कैंटीन की व्यवस्था शुरू की गई।

## पॉल ने राष्ट्रपति ट्रम्प से की अवैध भारतीय नागरिकों के निर्वासन पर रोक लगाने की अपील

प्रात : किरण/ एजेंसी



नई दिल्ली। वैश्विक शांति दूत एवं अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के समर्थक डॉ. के. ए. पॉल ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से उनके देश में रह रहे अवैध भारतीय प्रवासी नागरिकों की निर्वासन प्रक्रिया को रोकने और उन्हें समर्थन देने की अपील की है। डॉ. पॉल ने मंगलवार को यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि उन्होंने श्री ट्रम्प को इस बाबत एक पत्र लिखा है, जिसमें उनसे अवैध प्रवासी भारतीयों के निर्वासन प्रक्रिया को रोकने और इन भारतीयों को मदद करने की अपील की है। उन्होंने अमेरिका में भारतीय प्रवासियों, वीजा धारकों (एच1, बी1, बी2) और अवैध कामकाजी श्रमिकों को आश्वस्त किया कि ट्रम्प प्रशासन से उन्हें किसी प्रकार की नीति परिवर्तन से चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने श्री ट्रम्प से लगभग 8,00,000 अवैध भारतीय श्रमिकों के योगदान को जानने और उनकी सुरक्षा के लिये ठोस कदम उठाने का अनुरोध किया, जो कि अमेरिकी समाज और अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा हैं। उन्होंने वैश्विक दृष्टिकोण पर भारत के रणनीतिक महत्व को स्पष्ट किया, विशेष रूप से उन्होंने चीन, उत्तर कोरिया और ईरान से उत्पन्न होने वाले खतरों का मुकाबला करने में भारत की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय मतदाता पेनसिलवेनिया, मिशिगन, विस्कॉन्सिन और उत्तर कैरोलिना जैसे राज्यों में निर्णायक भूमिका निभाते हैं, जिससे भारत का महत्व अमेरिकी चुनावों और विदेश नीति में और बढ़ जाता है। इसके साथ ही उन्होंने किसी भी प्रकार के जन्मसिद्ध नागरिकता को समाप्त करने के प्रयासों का विरोध करते हुये श्री ट्रम्प को याद दिलाया कि अमेरिकी संविधान में कानूनी प्रवासी और उनके परिवारों के अधिकारों की रक्षा की आवश्यकता है(उन्होंने कहा, श्री ट्रम्प को भारत की जरूरत है और भारत को श्री ट्रम्प की। अब समय है कि आप उन भारतीयों के विश्वास को कायम रखें, जो हमेशा आपके पक्ष में खड़े रहे हैं। डॉ. पॉल ने सात महत्वपूर्ण राज्यों में भारतीय मतदाताओं के प्रभाव और रिपब्लिकन पार्टी को उनके द्वारा दिये गये समर्थन को रेखांकित किया।

**कार्यक्रम** भारत में रहकर, इस धरती का उपभोग करने वाली बड़ी आबादी, जो दुर्भाग्य से केवल वोट बैंक बनकर रह गई है

# भारत के अल्पसंख्यक कब स्वीकार करेंगे कि उनके पूर्वज राम थे: योगी

प्रात : किरण/ एजेंसी



लखनऊ। सीएम योगी आदित्यनाथ ने इंडोनेशिया के राष्ट्रपति का उदाहरण देते हुए भारतीय अल्पसंख्यकों को अपने पूर्वजों पर गर्व करने की सलाह दी है। लखनऊ के ताज होटल में एक निजी चैनल के कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि इंडोनेशिया, जो दुनिया का सबसे बड़ा मुस्लिम देश है, वहां के राष्ट्रपति अपने भारतीय डीएनए पर गर्व करते हैं। उनका नाम भी संस्कृत से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि इंडोनेशिया में राम को पूर्वज माना जाता है, गरुड़ उनकी राष्ट्रीय एयरलाइंस है, गणपति उनकी मुद्रा पर है और रामलीला उनका राष्ट्रीय त्योहार है। भारत में रहकर, इस धरती का उपभोग करने वाली बड़ी आबादी, जो दुर्भाग्य से केवल वोट बैंक बनकर रह गई है, क्या वे स्वीकार कर पाएंगे कि उनके पूर्वज राम थे ? सीएम योगी ने कार्यक्रम में देश और प्रदेश में चल रहे कई ज्वलंत मुद्दों पर खुलकर अपनी राय रखी। उन्होंने भारत के अल्पसंख्यकों, बिजली चोरी, वक्फ कानून, तुष्टिकरण की राजनीति और कुंभ 2025 की तैयारियों जैसे विषयों पर विस्तार से बात की। कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी ने भारत के अल्पसंख्यकों को अपने पूर्वजों पर गर्व करने की सलाह दी। उन्होंने इंडोनेशिया का उदाहरण देते हुए कहा कि एक बड़ा इस्लामिक राष्ट्र भगवान राम को अपना पूर्वज मानता है, इस पर वह गर्व करता है, क्या भारत के अल्पसंख्यकों की एक बड़ी आबादी इस सच को स्वीकार कर पाएगी कि उनके भी पूर्वज राम थे। वक्फ कानून में बदलाव पर विपक्षी नेताओं द्वारा दी जा रही चेतावनियों पर मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि समय की जरूरत के अनुसार वक्फ कानून में बदलाव हो रहा है। मुझे खुशी है कि संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) ने इस संशोधन पर काम किया है। उम्मीद है कि अगले सत्र में इसे लागू किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी बदलाव का उद्देश्य समाज में पारदर्शिता और न्याय को सुनिश्चित करना है। जैसे देश में सीएए लागू हुआ है वैसे ही वक्फ बिल में संशोधन के बाद इसे भी लागू कर दिया जाएगा। सीएए से आज हमारे पड़ोसी देशों के अल्पसंख्यकों को देश में नागरिकता मिल रही है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में संभव हुआ है। सीएम योगी ने कहा कि वक्फ की कोई जमीन नहीं होती है, यह राजस्व की जमीन है। उत्तर प्रदेश में वक्फ ने एक लाख 27 हजार संपत्तियों पर अपना दावा किया था, जिसे हमने जांच कराया वह सिर्फ 7 हजार ही है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक संपत्ति राजस्व की होती है, वहां थाने बने या अन्य सार्वजनिक उपयोग या प्रशासनिक के उपयोग के भवन, किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए। संभल में किसी ने आपत्ति भी नहीं की। संभल की शाही जामा मस्जिद को लेकर छिड़े विवाद पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पुराणों में संभल का उल्लेख है।

आईन-ए-अकबरी के अनुसार, मीर बाकी ने श्रीहरि का मंदिर तोड़कर वहां मस्जिद बनाई थी। उन्होंने कहा कि हम हर जगह मंदिर नहीं तलाश रहे हैं, लेकिन जहां ऐतिहासिक साक्ष्य मौजूद हैं, वहां सच को सामने लाना जरूरी है। मुख्यमंत्री योगी ने ओवैसी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि भारत के पौराणिक ग्रंथ हमारे सामने इस बात के प्रमाण हैं कि श्रीहरि विष्णु का 10वां अवतार कहां पैदा होना है। 3500 वर्ष से 5000 वर्ष के दौरान ग्रंथों की रचना हुई है। इस्लाम का जन्म हुए 1400 वर्ष हुए हैं, हमें इससे कोई आपत्ति नहीं है। उन्होंने कहा कि पुराणों के बारे में हो सकता है कि ओवैसी या अन्य लोगों को भरोसा न हो, लेकिन कम से कम आइन-ए-अकबरी देखें। वह तो इस बात का उल्लेख कर रहा है और वहां पर जो कुछ भी उत्खनन में सामने आ रहा है, वह इस बात को प्रमाणित करता है कि वहां पर कोई पौराणिक नगरी थी।

पुरातात्विक अवेशषों के आधार पर हम कह सकते हैं कि यह संभल नगरी वही है, जो पुराण उल्लेख करता है। परंपरागत लोगों की आस्था वहां पर है। अगर यह तमाम चीजें वहां पर सामने आ रही हैं तो मुझे लगता है कि उनको इस सच्चाई को स्वीकार करने की हिम्मत भी करनी चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि संभल में बिजली चोरी की समस्या को लेकर सख्त कार्रवाई की गई है। तीन लाख की आबादी वाले कस्बे में हर महीने 200 करोड़ रुपये की बिजली चोरी होती थी। मस्जिदों के ऊपर अस्थायी सबस्टेशन बनाकर बिजली चोरी की जा रही थी। हमने चार मस्जिदों पर छापा मारा और कनेक्शन काटे। यह उस उपभोक्ता के साथ अन्याय था, जो समय पर बिल भरते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### गंगनहर में पशु के अवशेष, खून डालने का आरोप, केस

**हरिद्वार, एजेंसी।** ज्वालापुर पुलिस ने पशुओं का कटान करने के बाद गंगनहर में अवशेष, खून डालने के मामले में दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। देवभूमि भैरव सेना संगठन के जिलाध्यक्ष चरणजीत पाहवा ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि कस्साबान में लगातार पशुओं का कटान कर अवशेष, खून गंगा में फेंका जा रहा है। इसी क्रम में 25 जनवरी को भी उन्हें सूचना मिली थी। पता चला था कि कस्साबान के कुछ लोगों ने पशुओं का कटान करने के बाद ड्रम में अवशेष व खून भरने के बाद गंगा में डाला है। आरोप है कि ऐसा लगातार किया जा रहा है, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं। अंदेशा जताया कि अनस व गुडल ये कार्य कर रहे हैं। इससे माहौल बिगड़ सकता है। कोतवाल प्रदीप बिष्ट ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर गहनता से जांच शुरू कर दी है।

### परिचित ने युवक की कार को हड़पा, मुकदमा दर्ज

**हरिद्वार, एजेंसी।** ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में युवक से कार मांगने के बाद वापस नहीं लौटाई गई। बार-बार मांगने पर भी टालमटोल करता रहा। पुलिस ने गाड़ी हड़प लेने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, रोहित पाण्डेय पुत्र श्रीकुंज बिहारी पाण्डेय निवासी खेमानन्द मार्ग भीमगोडा ने शिकायत दी। बताया कि उसकी तुषार शर्मा निवासी ग्राम जमालपुर कलां से जान पहचान है। तुषार का उसके घर पर आना-जाना रहता था। अक्सर वह उसकी गाड़ी लेकर जाता रहता था। पांच नवंबर को तुषार उससे आर्यनगर ज्वालापुर से उसकी कार मांगकर ले गया। जल्द कार वापस करने का आश्वासन दिया। विश्वास कर उसे गाड़ी दे दी, लेकिन वापस नहीं की। आरोप है कि बीते 10 दिसंबर को कार वापस मांगी तो उसने बाहर होने का बहाना बना दिया। हर बार गाड़ी मांगने पर बहाना बनाकर टालमटोल करता रहा और अब गाड़ी वापस नहीं लौटाई। कोतवाली प्रभारी प्रदीप बिष्ट ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### महाकुंभ के श्रद्धालुओं की दो बसें रवाना

**बाजपुर, एजेंसी।** प्रयागराज में हो रहे महाकुंभ के लिए अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद की स्थानीय इकाई की ओर से सोमवार को 104 तीर्थ यात्रियों को लेकर दो बसें रवाना हो गईं। सोमवार शाम चार बजे प्राचीन शिव मंदिर परिसर में श्रद्धालु एकत्र हुए। यहां 104 तीर्थ यात्रियों का तिलक किया गया। हनुमान चालीसा का पाठ करने के बाद तीर्थ यात्रियों को दो बसों से रवाना किया गया। परिषद के संभाग अध्यक्ष भगवंत सिंह मियान ने बताया कि महाकुंभ में संस्था की ओर से 28 हजार श्रद्धालुओं के ठहरने, भोजन, चाय, चिकित्सा की व्यवस्था की गई है। पूरे महाकुंभ के दौरान संस्था की तरफ से एक करोड़ श्रद्धालुओं को भोजन कराया जाना है। वहां ब्लॉक महामंत्री राजपाल, गणेश यादव, बलवीर सिंह, रिंकू मौर्य, हेमू बोरा, प्रवीण जिंदल आदि थे।

### बरा गांव से 30 किलो प्रतिबंधित मांस बरामद, पुलिस को देखकर भागा आरोपी

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** बरा गांव में एक घर में दबिश देकर करीब 30 किलो प्रतिबंधित मांस और उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस को देख आरोपी भाग गया। किच्छा के गोवंश स्क्वायड टीम ने बरा गांव में एक घर में दबिश देकर करीब 30 किलो प्रतिबंधित मांस और उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस को देख आरोपी भाग गया। बीते रविवार को गोवंश स्क्वायड की टीम ने तालाब वाली रोड पर स्थित एक व्यक्ति के घर में दबिश दी। घर के आंगन में एक व्यक्ति चापड़ से प्रतिबंधित मांस काट रहा था। टीम को देखकर वह दीवार फांदकर भाग गया। टीम ने आरोपी का पीछा किया, लेकिन वह भाग निकला। उसकी पहचान अखलाक अंसारी निवासी बरा थाना पुलभट्टा के रूप में हुई। टीम ने घर के आंगन से प्रतिबंधित मांस के साथ एक चापड़, छुरी, लकडी का गुटका, तराजू तथा बांट जब्त किए। पुलिस ने आरोपी अखलाक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# खेल महाकुंभ : मेजबानी ने दिलाया मौका, मैच में नहीं छोड़ेंगे कोई कसर

### एक फरवरी तक खो-खो प्रतियोगिता

**नैनीताल, एजेंसी।** प्रदेश के खो-खो खिलाड़ी अभी तक बिना संसाधन के ही राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर प्रयास कर रहे थे। मेजबान प्रदेश होने की वजह से पहली बार राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश की टीम प्रतिभाग करेगी। टीम के हौसले बुलंद हैं।

दिल्ली में हुए विश्वकप में भारतीय टीम के विश्व विजेता बनने के बाद खो-खो को लेकर लोगों में क्रेज बढ़ा है। प्रदेश के खो-खो खिलाड़ी अभी तक बिना संसाधन के ही राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर प्रयास कर रहे थे। मेजबान प्रदेश होने की वजह से पहली बार राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश की टीम प्रतिभाग करेगी। टीम के हौसले बुलंद हैं। खिलाड़ियों का कहना है कि जीत के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों का प्रशिक्षण कई गुना बेहतर और उत्साह सातवें आसमान पर है। शहर में चल रहे खो-खो कैंप में छह प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों को राष्ट्रीय खेलों के लिए तैयार किया जा रहा है। राष्ट्रीय खेलों में गौलापार स्टेडियम में 28 जनवरी से एक फरवरी तक प्रतियोगिताएं होंगी। इस दौरान देशभर की 11 टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता में

### साढ़े चार मिनट से टॉप-10 में आने से चूका उत्तराखंड, झारखंड दसवें स्थान पर रही



**नैनीताल, एजेंसी।** उत्तराखंड की टीम 2:52:00 समय में इवेंट पूरा कर 11वें स्थान पर रही जबकि 2:47:32 समय में इवेंट पूरा कर झारखंड दसवें स्थान पर रही।

ट्रायथलॉन का मिक्स रिले प्रतियोगिता में विजेताओं की सूची में उत्तराखंड टॉप-10 में आ जाता अगर 4:28 सेकंड की बढ़त बना लेता। उत्तराखंड की टीम 2:52:00 समय में इवेंट पूरा कर 11वें स्थान पर रही जबकि 2:47:32 समय में इवेंट पूरा कर झारखंड दसवें स्थान पर रही।

बता दें कि ट्रायथलॉन में 16 राज्यों ने भाग लिया था। हर राज्य की एक टीम इसमें शामिल रही। हर टीम में चार-चार खिलाड़ी शामिल थे। एक टीम में दो पुरुष और दो महिला खिलाड़ी थीं। उत्तराखंड टीम में संजय रावत ने तैराकी, साइक्लिंग और दौड़ 40:52 मिनट में पूरी की। गरिमा शर्मा को 46:43 मिनट, रंजीत सिंह रावत को 38:50 और प्रियंका माजिला को 45:33 मिनट का समय लगा। टॉप-7 तो दूर, टॉप-10 में आने के लिए भी प्रदेश को मेहनत करनी पड़ेगी।

ट्रायथलॉन की व्यक्तिगत श्रेणी में उत्तराखंड की रैंक काफी निराशाजनक रही। महिला वर्ग में प्रियंका माजिला ने 19वीं और गरिमा शर्मा ने 22वीं रैंक पाई। पुरुष वर्ग में स्थिति और ज्यादा खराब रही। इसमें संजय रावत को 28वीं और अभिनव रौतेला को 29 रैंक मिली। यह दोनों रैंक सूची में सबसे नीचे थीं।

## पांच फरवरी को जेल में मीटिंग करेगा नैनीताल दुग्ध संघ अध्यक्ष

**हल्द्वानी, एजेंसी।** पॉक्सो कोर्ट के आदेश पर नैनीताल दुग्ध संघ की बैठक पांच फरवरी को हल्द्वानी उप कारागार में होगी। पॉक्सो के तहत और अन्य धाराओं में दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा हल्द्वानी जेल में बंद है। दुग्ध आपूर्ति प्रभावित न हो, इसके चलते विशेष न्यायाधीश पाक्सो कोर्ट ने जेल में ही बैठक का आदेश दिया है। बैठक में वही लोग शामिल होंगे, जिनका नाम आदेश में उल्लिखित है।

इसके पहले मुकेश बोरा के वकील ने कोर्ट में दिए प्रार्थना पत्र में कहा था कि दुग्ध संघों के सफल संचालन के लिए हर छह माह में बैठक जरूरी है। ऐसे में उन्होंने जेल से बाहर बैठक कराने का अनुरोध किया था। इसमें कुछ जगहों का नाम भी दिया गया था। इसके बाद कोर्ट ने पुलिस से आख्या मांगी। लालकुआं थाना से मिली रिपोर्ट में विचाराधीन बंदी मुकेश बोरा की सुरक्षा को खतरा होने की आशंका जताई गई। इसका संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने 27 जनवरी को बैठक का एजेंडा तय करने की अनुमति दी। अब कोर्ट ने पांच फरवरी की सुबह 10:30 बजे से शाम पांच बजे तक उप कारागार हल्द्वानी में बैठक कराने का आदेश जारी किया है। इसमें समिति के 11 सदस्य और सदस्य सचिव के अलावा लिपिक को शामिल होने की अनुमति है। बैठक का खर्च नैनीताल दुग्ध संघ उठाएगा।

## बाजपुर पुलिस को गच्चा देकर फरार हो गया चोरी का आरोपी

**लालकुआं, एजेंसी।** लाइनपार स्थित गौला रोड रेलवे क्रॉसिंग के पास सब्जी का ठेला लगाकर कारोबार कर रहे बाजपुर के शातिर चोर की तलाश में आई पुलिस टीम को आरोपी ने खूब छकाया। पुलिस ने उसे पकड़ने के भरसक प्रयास किए लेकिन आरोपी पुलिस को गच्चा देकर फरार हो गया। चर्चा है कि आरोपी ने फायर भी किया, लेकिन पुलिस ने फायरिंग की घटना से इन्कार किया है।

पुलिस के मुताबिक सोमवार शाम को ऊधमसिंह नगर के बाजपुर थाने से लालकुआं पहुंचे पुलिस उप निरीक्षक देवेंद्र मनराल टीम के साथ घोड़ानाला स्थित एक मकान में पहुंचे। यहां दबिश के दौरान पता चला कि मन्नू नाम से रह रहा युवक लालकुआं रेलवे क्रॉसिंग के पास सब्जी का ठेला लगाता है। बिंदुखत्ता चौकी प्रभारी सोमेंद्र सिंह के साथ घोड़ानाला में छापा मारने के दौरान आरोपी पकड़ में नहीं आ सका। इसके बाद रेलवे क्रॉसिंग के पास पुलिस को देखकर युवक रेलवे लाइन की ओर भाग गया। पुलिस ने उसका पीछा किया लेकिन असफल रही।

## पिथौरागढ़ में भारी भूस्खलन~पिथौरागढ़-धारचूला एनएच पर दरकी पहाड़ी, फंसी गाड़ियां; तीन घंटे तक थमी रही आवाजाही

**पिथौरागढ़, एजेंसी।** पिथौरागढ़-धारचूला एनएच पर खिरचना के पास पहाड़ी दरकने से तीन घंटे तक आवाजाही ठप रही। हाईवे बंद होने से यात्री और वाहन चालक फंसे रहे। सड़क के दोनों तरफ वाहनों की कतार लगी रही और यात्रियों, वाहन चालकों को आवाजाही शुरू होने का घंटों इंतजार करना पड़ा। राजमार्ग पर खिरचना के पास पहाड़ी दरकने से तीन घंटे तक आवाजाही ठप रही। हाईवे बंद होने से यात्री और वाहन चालक फंसे रहे। सड़क के दोनों तरफ वाहनों की कतार लगी रही और यात्रियों, वाहन चालकों को आवाजाही शुरू होने का घंटों इंतजार करना पड़ा। किसी तरह बीआरओ ने बोल्डर और मलबा हटाकर आवाजाही शुरू कराई। पिथौरागढ़-धारचूला हाईवे पर खिरचना के पास अचाकर पहाड़ी



दरक गई। पहाड़ी से भारी मात्रा में मलबा और बोल्डर गिरने से सड़क बंद हो गई। इस हाईवे पर हर रोज बड़ी संख्या में वाहनों की आवाजाही होती है। आदि कैलाश, नारायण आश्रम, मुनस्यारी सहित अन्य पर्यटक स्थलों को हर रोज कई पर्यटक भी इसी हाईवे से होकर पहुंचते हैं। संयोग से कोई भी वाहन बोल्डरों की चपेट में नहीं आया और बड़ी घटना होने से बच गई।

हाईवे बंद होने से 150 से अधिक वाहन और 400 से अधिक यात्री फंसे रहे। यात्रियों और वाहन चालकों को हाईवे खुलने का इंतजार करना पड़ा। सूचना के बाद बीआरओ ने मौके पर जेसीबी भेजकर मलबा और बोल्डर हटाए। तीन घंटे बाद आवाजाही शुरू होने पर यात्री और वाहन चालक अपने गंतव्य को रवाना हुए और उन्होंने राहत की सांस ली।

## 20 लाख से होगा कोसी बैराज में पार्क का निर्माण

**रामनगर, एजेंसी।** कोसी बैराज के पास नदी किनारे रामनगर वन प्रभाग 20 लाख रुपये की लागत से पार्क का निर्माण कराने जा रहा है। पार्क बनने के बाद पर्यटक पर्यावरण और बर्ड वॉचिंग का लुत्फ उठा सकेंगे। पिछले वर्ष कोसी बैराज में नदी के कटाव को देखते हुए सीसी ब्लॉक बनाए गए थे। वहीं, बैराज के आसपास पर्यटकों व स्थानीय लोगों की आवाजाही अधिक होती है, जिसे देखते हुए रामनगर वन प्रभाग के अधिकारियों ने सीसी ब्लॉक पर पार्क बनाने का प्रस्ताव उच्चाधिकारियों को भेजा था। अब प्रस्ताव पास होने के बाद 20 लाख की लागत से पार्क का निर्माण कराया जाएगा। दो बीघा जमीन पर बनने वाले पार्क में ओपन जिम, झूले, कुर्सियां आदि सुविधाएं मौजूद होंगी। साथ ही सेल्फी प्वाइंट भी बनाया जाएगा। जल्द ही पार्क का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

### उपनल कार्यालय में लगेगा वाटर प्यूरीफायर

**हल्द्वानी, एजेंसी।** उपनल के प्रबंध निदेशक बिग्रेडियर जेएनएस बिष्ट ने सोमवार को हिमगिरी आदर्श नगर पीलीकोठी स्थित उपनल कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य परियोजना अधिकारी कर्नल आलोक पांडे ने उपनल कुमाऊं संभाग के बारे में जानकारी दी। एमडी ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों से उनके कार्यों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने उपनल कार्यालय के कर्मचारियों के लिए पार्किंग स्थल में सेल्टर एवं आने-जाने वालों के लिए आरओ वाटर प्यूरीफायर और पानी का कूलर लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान परियोजना अधिकारी द्वितीय ले. कर्नल गोविंद सिंह कन्याल आदि मौजूद रहे।

## शहीद संजय बिष्ट के नाम से जाना जाएगा रातीघाट इंटर कॉलेज

**गरमपानी (नैनीताल), एजेंसी।** राजकीय इंटर कॉलेज रातीघाट अब शहीद संजय बिष्ट के नाम से जाना जाएगा। सरकार की ओर से इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया गया है। बता दें कि 22 नवंबर 2023 को संजय बिष्ट ने राजौरी में आतंकियों से हुई मुड़भेड़ में सर्वोच्च बलिदान दिया था। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से विधायक सरिता आर्य और स्थानीय लोगों की मांग पर राजकीय इंटर कॉलेज रातीघाट का नाम लांसनायक शहीद संजय बिष्ट के नाम पर करने का शासनादेश जारी कर दिया है। प्रधानाचार्य नवीन चंद्र पंत ने बताया कि सरकार से शासनादेश आ चुका हैं। बलिदानी के बड़े भाई नीरज बिष्ट ने बताया कि संजय की कक्षा सात से लेकर 12वीं तक की शिक्षा रातीघाट में हुई थी। शहीद संजय के पिता देवेंद्र सिंह बिष्ट ने विद्यालय का नाम उनके पुत्र पर करने के लिए मुख्यमंत्री समेत विधायक सरिता आर्या, प्रधानाचार्य और समस्त शिक्षकों का आभार जताया है।

### 10 टायरा वाहनों के रजिस्ट्रेशन निरस्त करने की मांग

**रामनगर, एजेंसी।** कोसी नदी के बंजारी प्रथम गेट में 10 टायरा खनन वाहनों को खनन अनुमति देने का ट्रांसपोर्टरों ने विरोध किया है। इस दौरान उन्होंने डीएलएम से मुलाकात कर 10 टायरा वाहनों के रजिस्ट्रेशन को निरस्त करने की मांग की है।

कोसी नदी के ट्रांसपोर्टरों ने सोमवार को डीएलएम राम कुमार से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा गया है कि बंजारी प्रथम गेट में 10 टायरा खनन वाहनों को अनुमति दी गई है, लेकिन स्थानीय ट्रांसपोर्टरों के पास छह टायरा वाहन ही है।

कहा कि 10 टायरा खनन वाहनों के चलने से स्थानीय ट्रांसपोर्टरों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने डीएलएम से 10 टायरा वाहनों के रजिस्ट्रेशन को निरस्त करने की मांग की है। वहां पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष जगमोहन सिंह बिष्ट, रोहित बिष्ट, मनीष कुमार, राजेंद्र सिंह, अमरजीत सिंह आदि थे।

## दारमा के जंगल में अराजकतत्वों ने लगाई आग, वन संपदा नष्ट; घरों के पास पहुंची वनाग्नि

**पिथौरागढ़, एजेंसी।** अराजक तत्वों ने बंगापानी तहसील के दारमा के जंगल में आग लगा दी जिससे लाखों की वन संपदा जलकर नष्ट हो गई। गांव के पास तक पहुंची जंगल की आग से ग्रामीणों में दहशत फैल गई।

अराजक तत्वों ने बंगापानी तहसील के दारमा के जंगल में आग लगा दी जिससे लाखों की वन संपदा जलकर नष्ट हो गई। गांव के पास तक पहुंची जंगल की आग से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। उन्होंने किसी तरह से आग को घरों तक पहुंचने से रोका। वहीं सीमांत जिले में बारिश न होने और तापमान बढ़ने के बाद जंगलों में आग लगने की घटनाएं शुरू हो गई हैं इससे वन विभाग चिंतित है।

दारमा के द्वारी तोक में जंगल में आग लग गई। देखते ही देखते जंगल की आग घरों तक पहुंच गई



तो ग्रामीणों में अफरातफरी फैल गई। ग्रामीण आग बुझाने में जुट गए। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग को घरों तक पहुंचने से रोका। हालांकि जंगल पूरी रात सुलगता रहा लेकिन वन विभाग को इसकी भनक तक नहीं लगी।

ग्रामीणों की सूचना पर दूसरे दिन वन कर्मी मौके पर पहुंचे और आग बुझाई। जंगल में आग लगने से वन संपदा को खासा नुकसान पहुंचा है। इस बार जाड़ों में पर्याप्त बारिश और बर्फबारी न होने से नमी कम हो गई है और तापमान बढ़ने के साथ जंगलों में आग लगने की खतरा भी बढ़ गया है। फायर सीजन शुरू होने से पहले की जंगल सुलगने लगे हैं इससे वन विभाग के साथ ही आम जन की चिंता भी बढ़ गई है।

## मेयर की कुर्सी पर गजराज के सामने होगा चुनौतियों का पहाड़, सबसे बड़ी चुनौती आय बढ़ाने

**नैनीताल, एजेंसी।** गजराज बिष्ट मेयर का चुनाव जीत गए हैं लेकिन यह कुर्सी उनके लिए कांटों के ताज से कम नहीं होने वाली है। गजराज के सामने सबसे बड़ी चुनौती नगर निगम की आर्थिक स्थिति सुधारने की होगी।

गजराज बिष्ट मेयर का चुनाव जीत गए हैं लेकिन यह कुर्सी उनके लिए कांटों के ताज से कम नहीं होने वाली है। गजराज के सामने सबसे बड़ी चुनौती नगर निगम की आर्थिक स्थिति सुधारने की होगी। निगम पर इस समय करीब 52 करोड़ रुपये की देनदारी है। गजराज को इस देनदारी को खत्म करने के साथ निगम की आय बढ़ाने के लिए योजना बनानी होगी।

नगर निगम की आर्थिक स्थिति सही नहीं



है। इस कारण निगम जेसीबी, कूड़े के लिए वाहन और वार्डों में नए कार्य नहीं कर पा रहा है। गजराज को सत्ता संभालने के बाद निगम की आर्थिक स्थिति सुधारनी होगी। आय के नए स्रोत पैदा करने होंगे। नगर निगम क्षेत्र के नए वार्डों में एक-एक अतिरिक्त कूड़ा गाड़ी चलवानी होगी। वहां कूड़ा गाड़ियां एक दिन छोड़कर आती हैं। ऐसे में नगर निगम में शामिल नए 20 वार्डों में रोजाना कूड़ा प्रबंधन भी चुनौती रहेगा। ट्रंचिंग ग्राउंड में कोयला प्लांट, रामपुर रोड, बरेली रोड सहित अन्य निगम के क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटें लगवाना, वार्डों में सड़कों का निर्माण, अतिक्रमण हटवाना और वेंडिंग जोन के लिए प्रबंध करने में उन्हें पसीना बहाना पड़ सकता है।

## बाइक की टक्कर से राजस्व कर्मी की मौत, चार माह बाद होने वाले थे रिटायर; कमिश्नर ने घटना पर दुख जताया

**नैनीताल, एजेंसी।** हल्द्वानी शहर में बुलेट ने स्कूटी सवार राजस्व कर्मी को टक्कर मार दी। आसपास के लोग उन्हें लेकर सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचे जहां उनकी मौत हो गई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपी चालक की पहचान कर ली है। कालाढूंगी रोड स्थित स्टेडियम तिराहा के पास बुलेट ने स्कूटी सवार राजस्व कर्मी को टक्कर मार दी। आसपास के लोग उन्हें लेकर सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचे जहां उनकी मौत हो गई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपी चालक की पहचान कर ली है। पुलिस के अनुसार आरोपी कक्षा 12 का छात्र है और बिना हेलमेट तेजी से वाहन चला रहा था। राजस्व कर्मी वीरेंद्र पांडे एसडीएम परिसर में ही रहते थे। देर रात वह स्कूटी से किसी काम से जा रहे थे। स्टेडियम तिराहा के पास बुलेट सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। इससे वह जमीन पर गिरे और गंभीर रूप से जख्मी हो गए। आसपास के लोगों ने तत्काल उन्हें अस्पताल भेजा। सूचना पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। वीरेंद्र पांडेय के पुत्र ऋषि पांडे ने अज्ञात के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाकर टक्कर मारने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। थाना प्रभारी हल्द्वानी राजेश यादव ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पहचान कर आरोपी को हिरासत में लिया गया है। पांडे मई 2025 में सेवानिवृत्त होने वाले थे। सीसीटीवी में अत्यधिक तेजी से वाहन चलाने की बात सामने आई है। मुख्यमंत्री के सचिव/आयुक्त दीपक रावत ने घटना पर दुख जताया है। कमिश्नर ने पुलिस अधिकारियों को गहनता से जांच के निर्देश दिए हैं। जांच में यह भी सामने आया है कि जिस बुलेट से यह घटना हुई।

# गहराता जा रहा है जल संकट पर विवाद, चुनाव आयोग ने आतिशी और मान को बुलाया

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। यमुना में बढ़ते अमोनिया के स्तर को लेकर अब जल विवाद और बढ़ता जा रहा है। आम आदमी पार्टी ने भाजपा और केंद्र सरकार के साथ-साथ हरियाणा सरकार पर भी साजिशन अमोनिया का पानी यमुना नदी में छोड़ने का आरोप लगाया है। वहीं हरियाणा सरकार ने भी इसे चुनावी स्टंट करार देते हुए केजरीवाल के खिलाफ गलत बयानी पर मानहानि का दावा करने की बात की है। इस मुद्दे को लेकर दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने चुनाव आयोग को एक पत्र लिखा था और उनसे मिलने का समय मांगा था। जिस पर उन्हें 28 जनवरी मंगलवार को शाम 4 बजे का समय दिया गया है। आतिशी के मुताबिक हरियाणा से दिल्ली में प्रवेश के समय यमुना के पानी में अमोनिया का स्तर सामान्य से 6 गुना अधिक बना हुआ है। ऐसे स्तर मानव शरीर के लिए बेहद विषैले होते हैं। इस पानी को ट्रीट करके दिल्ली के लोगों को सप्लाई नहीं किया जा सकता। अन्यथा उनकी जान खतरे में पड़ जाएगी।

आतिशी के मुताबिक इस जहरीले पानी को दिल्ली में आने से रोकने के लिए एक बार फिर चुनाव आयोग को पत्र लिखकर हस्तक्षेप की मांग की है। आतिशी की चिट्ठी पर अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि आज 4 बजे चुनाव आयोग ने मिलने




का समय दिया है। आतिशी और मान को मिलने के लिए बुलाया है। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों ने ये कन्फर्म किया है कि दिल्ली के अंदर जो पानी आ रहा है उसमें अमोनिया नाम का जहर मिक्स आ रहा है। इसी मुद्दे पर आज 4 बजे भगवंत मान और आतिशी को चुनाव आयोग ने मिलने का टाइम दिया है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मेरे को डरा रहे हैं कि केस कर देंगे। कोई कसर छोड़ रखी है तुम लोगों ने, जेल भेज दिया अब क्या फांसी पर चढ़ाओगे ? उन्होंने कहा कि क्या तुम जनता को मारना चाहते हो, दिल्ली की जनता को तुम जहर का पानी पिलाओगे और केजरीवाल आवाज उठाएगा तो डराओगे। लेकिन मैं दिल्ली की जनता को मरने नहीं दूंगा। मैं जहर का पानी नहीं पिलाऊंगा। उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री से कहा कि सैनी साहब अपनी पार्टी को समझाओं कि पानी पिलाने का पुण्य होता है। वहीं चुनाव आयोग को लिखे अपने पत्र में आतिशी ने कहा है कि दिल्ली जल बोर्ड के सीईओ के नोट में सूचीबद्ध तथ्यों से यह स्पष्ट होता है कि डीजेबी जल उपचार संयंत्र केवल 1 पीपीएम स्तर तक अमोनिया के उपचार के लिए डिजाइन किए गए हैं। नोट इस तथ्य की ओर भी इशारा करता है कि हरियाणा से यमुना नदी के माध्यम से दिल्ली आने वाले पानी में हरियाणा से अनुपचारित सीवेज या औद्योगिक अपशिष्ट के मिश्रण के कारण अमोनिया का स्तर लगातार बढ़ गया है, पिछले दो दिनों में स्तर 7 पीपीएम से अधिक यानी 700 तक बढ़ गया है जो ट्रीटमेंट करने लायक नहीं है।

उन्होंने अपने पत्र में लिखा है कि हरियाणा से आने वाले पानी में अमोनिया के इन जहरीले स्तरों ने दिल्ली के जल उपचार संयंत्रों को प्रभावी ढंग से पानी का उपचार करने में लगभग असमर्थ बना दिया है, जिसके परिणामस्वरूप दिल्ली के लगभग 34 लाख लोगों के लिए पानी की आपूर्ति में 15 से 20 प्रतिशत की कटौती हो गई है। पीने के पानी में अमोनिया का उच्च स्तर स्वास्थ्य संकट का कारण बन सकता है, जिससे गुर्दे की क्षति, श्वसन संकट और यहां तक कि दीर्घकालिक अंग क्षति जैसी बीमारियां हो सकती हैं। उन्होंने लिखा है कि कच्चे पानी की आपूर्ति में अमोनिया छोड़ने के जहरीले प्रभावों को जानने के बावजूद, दिल्ली जल बोर्ड के सीईओ के नोट में कोई संदेह नहीं है कि यह हरियाणा से अनुपचारित सीवेज और औद्योगिक कचरे के अंधाधुंध और जानबूझकर डंपिंग के कारण है जो वर्तमान जल आपूर्ति संकट का कारण बन रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### जैरी, चिकना और प्रिंस की तिकड़ी ने उड़ाई पुलिस की नींद

नई दिल्ली। साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के एंटी स्नैचिंग सेल की टीम ने तीन शातिर झपटमारो को गिरफ्तार किया है। इसके लिए पुलिस टीम ने 1000 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज को काफी दिनों तक खंगालने में जुटी रही और फिर इनके बारे में पता लगाने में कामयाब हुई। उनके पास ही छीने गए 9 मोबाइल, कंट्री मेड पिस्टल, कई जिंदा कारतूस और चाकू भी बरामद किए गए। इनकी गिरफ्तारी से 16 मामलों का खुलासा करने का दावा पुलिस ने किया है। डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान यश सिंह उर्फ जेरी, जतिन उर्फ चिकना और राहुल उर्फ प्रिंस के रूप में हुई है। यह लोग 70 से ज्यादा स्नैचिंग, चोरी, ऑटो लिफ्टिंग, लूट, आर्म्स एक्ट के मामले में शामिल रहे हैं। इनमें से एक आरोपी मर्डर के मामले में भी इंवॉल्व रहा है। इंस्पेक्टर हरि सिंह की देखरेख में सब इंस्पेक्टर कमलकांत, मांगीलाल, सहायक सब इंस्पेक्टर होशियार सिंह, हेड कांस्टेबल राकेश, अनिल, नरेंद्र, नंदकिशोर, भगत, शीशराम, राजकुमार, दिलीप, मुकेश, कॉन्स्टेबल सनी और बबलू की टीम ने इस गैंग का खुलासा किया है। दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में हुई वारदात वाली जगह पर और उस रूट पर लगे सीसीटीवी को काफी समय से खंगाल रही थी। साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के अलावा वेस्ट डिस्ट्रिक्ट में भी हुई वारदात के बारे में पुलिस ने जानकारी इकट्ठा की है। इनकी गिरफ्तारी से विकासपुरी, आरके पुरम, पालम, जनकपुरी, केशव पुरम, सरोजिनी नगर, कापसहेड़ा, हरी नगर और सागरपुर थाना के 16 मामले का खुलासा किया गया है।

### द्वारका में पुलिस ने पकड़ी कार, मिला 2500 क्वार्टर शराब

नई दिल्ली। द्वारका जिला के स्पेशल स्टाफ की पुलिस टीम ने शराब तस्करी के एक मामले में 2500 क्वार्टर अवैध शराब का बरामद किया है। इस मामले में एक शराब तस्कर को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान सूरज के रूप में हुई है, यह हरियाणा के झज्जर का रहने वाला है। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल एक कार को भी जप्त किया है। डीसीपी अंकित सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि स्पेशल स्टाफ की टीम को शराब तस्करी के बारे में एक जानकारी मिली थी। हरियाणा से शराब की खेप द्वारका जिला में लाया जा रहा है। उस सूचना पर एसीपी ऑपरेशन रामावतार की देखरेख में इंस्पेक्टर विश्वेंद्र, हेड कॉन्स्टेबल विजेंद्र कुमार, जगदीश, विपिन, गीता, कांस्टेबल प्रदीप की टीम ने द्वारका सेक्टर 23 इलाके में ट्रैप लगाकर इस कार को रोककर उसकी तलाशी ली। उसमें 50 पेटियां भरी हुई थी, जिसमें से पुलिस ने ढाई हजार क्वार्टर बरामद किया। आरोपी के खिलाफ सेक्टर 23 थाना में दिल्ली एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

### दिल्ली विधानसभा चुनाव : टीएमसी के शत्रुघ्न सिन्हा आम आदमी पार्टी के लिए करेंगे प्रचार

नई दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद शत्रुघ्न सिन्हा दिल्ली में पांच फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आम आदमी पार्टी (आप) के लिए प्रचार करेंगे। टीएमसी के सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। टीएमसी सूत्रों ने बताया कि आसनसोल से टीएमसी सांसद सिन्हा एक और दो फरवरी को कम से कम तीन निर्वाचन क्षेत्रों में आप के लिए चुनाव प्रचार करेंगे। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र, मुख्यमंत्री आतिशी का कालकाजी निर्वाचन क्षेत्र और मनीष सिसोदिया का जंगपुरा निर्वाचन क्षेत्र शामिल हैं। टीएमसी का मानना है कि अभिनेता एवं राजनेता शत्रुघ्न सिन्हा दिल्ली के पूर्वांचली मतदाताओं को आम आदमी पार्टी की ओर आकर्षित कर सकते हैं। पूर्वांचली का तात्पर्य बिहार और उत्तर प्रदेश से आए प्रवासियों से है। पूर्वांचलियों की शहर में खासी संख्या है।

# केंद्र सरकार अरबपतियों पर मेहरबान, हजारों करोड़ का कर्ज माफ किया, केजरीवाल ने लिखा पीएम को पत्र

**केजरीवाल ने कहा कि मैंने आज प्रधानमंत्री जी को एक बहुत अहम मुद्दे पर चिट्ठी लिखी है। चिट्ठी में मैंने प्रधानमंत्री जी से निवेदन किया है कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार सरकारी खजाने को खुलेआम देश के कुछ चंद अमीर अरबपतियों पर ऊपर लुटा रही है। सारा सरकारी खजाना जनता पर खर्च करने की बजाय कुछ चंद अरबपति दोस्तों पर लुटाया जा रहा है। इसका तरीका यह है कि जिस भी अरबपति दोस्त पर मेहरबान होना होता है, पहले उसको सरकार से कर्ज दे देते हैं और तीन-चार साल के बाद उसे कर्ज माफ कर देते हैं। एक तरह से सरकारी खजाने का सारा पैसा उस अमीर अरबपति के खजाने में चला जाता है।**

प्रात : किरण/ एजेंसी



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखा है जिसके माध्यम से उन्होंने यह बताया है कि केंद्र सरकार मिडिल क्लास के लोगों का साथ न देकर अरबपतियों के हजारों करोड़ के कर्ज को माफ कर रही है और सरकारी खजाने को खाली कर रही है। केजरीवाल ने कहा कि मैंने आज प्रधानमंत्री जी को एक बहुत अहम मुद्दे पर चिट्ठी लिखी है।

चिट्ठी में मैंने प्रधानमंत्री जी से निवेदन किया है कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार सरकारी खजाने को खुलेआम देश के कुछ चंद अमीर अरबपतियों पर ऊपर लुटा रही है। सारा सरकारी खजाना जनता पर खर्च करने की बजाय कुछ चंद अरबपति दोस्तों पर लुटाया जा रहा है। इसका तरीका यह है कि जिस भी अरबपति दोस्त पर मेहरबान होना होता है, पहले उसको सरकार से कर्ज दे देते हैं और तीन-चार साल के बाद उसे कर्ज माफ कर देते हैं। एक तरह से सरकारी खजाने का सारा पैसा उस अमीर अरबपति के खजाने में चला जाता है। अरविंद केजरीवाल ने ये आरोप लगाया कि पिछले 5 साल में केंद्र सरकार ने 400 से 500 ऐसे अरबपतियों को उनके 10 लाख करोड़ रुपये का दिया गया कर्ज माफ कर दिया है। उन्होंने कहा कि एक तरफ जहां मिडिल क्लास का आदमी दिन-ब-दिन की जिंदगी में महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रहा है, दूसरी तरफ केंद्र का सारा सरकारी खजाना 400 से 500 अरबपतियों के लिए खोल दिया गया है। उन्होंने कहा कि थोड़े दिन पहले अखबारों में आया कि एक व्यक्ति पर 47,000 करोड़ रुपये के कर्ज में से 46,000 करोड़ रुपये माफ कर दिए। ऐसे ही एक अरबपति पर 6.50 हजार करोड़ का कर्ज था, उसमें से 5,000 करोड़ रुपये माफ कर दिए। आप सोच सकते हो, जैसे दिल्ली में मैंने महिलाओं की बस यात्रा फ्री कराई तो उस पर केवल 400 करोड़ रुपये खर्च हुए और उन्होंने एक ही आदमी पर 46,000 करोड़ रुपये खर्च कर दिए। केजरीवाल ने कहा कि एक आदमी जो साल में 12 लाख रुपये कमाता है, उस पर केंद्र सरकार इतने टैक्स लगा देती है, जिसमें वह इनकम टैक्स देता है, जीएसटी देता है, सर्विस टैक्स देता है, प्रॉपर्टी टैक्स देता है, एजुकेशन टैक्स देता है, कैपिटल गेन टैक्स देता है, रोड टैक्स देता है। यह सारे टैक्स अगर एक साथ जोड़े जाएं तो साल में 12 लाख इनकम कमाने वाला आदमी कम से कम 6 लाख अपनी आधी आमदनी सरकार को टैक्स के रूप में दे देता है। और बदले में उसे क्या मिलता है, कुछ नहीं मिलता। अरविंद केजरीवाल ने अपने पत्र के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी से दो मांग की हैं। जिसमें इस देश के अंदर किसी भी अमीर अरबपति के कर्ज माफ नहीं किए जाएं। इस पर कानून बनाया जाए। उन्होंने कहा कि अगर कर्ज माफ करना है तो मिडिल क्लास का करो। एक मिडिल क्लास वाला अगर एक लाख रुपया महीना कमाता है, तो उसके 60 से 70 हजार रुपये ईएमआई में चले जाते हैं। उसने होम लोन ले रखा है, व्हीकल लोन ले रखा है, अगर करना है तो उसका कर्ज माफ कर दो। सबके होम लोन माफ कर दो, सबके व्हीकल लोन माफ कर दो।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैंने हिसाब लगाया कि अगर अरबपतियों को पैसा देना बंद कर दिया जाए, उनका कर्ज माफ करना बंद कर दिया तो देश के अंदर इनकम टैक्स की दर हाफ की जा सकती है। इनकम स्लैब डबल की जा सकती है। जीएसटी माफ किया जा सकता है। एसेंशियल कमोडिटीज, जिनमें खाने-पीने की चीजें हैं, उन पर जीएसटी पूरा माफ किया जा सकता है। इसके लिए पहले अमीरों के कर्ज माफ करना बंद करो। उन्होंने कहा कि अगर कर्ज माफ करना बंद हो जाता है तो जितने जीएसटी और इनकम टैक्स हैं, उन्हें आधा किया जा सकता है। टैक्सेबल इनकम की लिमिट डबल की जा सकती है और एसेंशियल कमोडिटीज के ऊपर से जीएसटी हटाई जा सकती है।

# तिलक नगर में निकाली स्कूली बच्चों ने जागरूकता रैली

प्रात : किरण संवाददाता




नई दिल्ली। दिल्ली में 5 फरवरी को होने जा रहे मतदान को लेकर चुनाव आयोग की टीम लगातार अलग-अलग तरह का अभियान करके लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करने में जुटी हुई है। इसी कड़ी में पश्चिमी जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर किन्नी सिंह की नेतृत्व में भी इस अभियान को जिला में जोर-जोर से किया जा रहा है। आज सुबह तिलक नगर इलाके में 100 से ज्यादा स्टूडेंट को मिलाकर जागरूकता रैली का आयोजन किया। जो गवर्नमेंट सर्वोदय बाल विद्यालय नंबर एक तिलक नगर से शुरू हुआ और 14 ब्लॉक से लेकर 20 ब्लॉक तक स्टूडेंट की टीम रैली के रूप में लोगों को जागरूक करने के लिए पहुंची। इस दौरान बच्चों के साथ इछड, सुपरवाइजर और स्वीप की टीम भी साथ में मौजूद रही। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. किन्नी सिंह ने बताया कि इस रैली का उद्देश्य मतदाताओं में जागरूकता लाना है। और 5 फरवरी को होने जा रहे मतदान के लिए उन्हें ज्यादा से ज्यादा वोटिंग करने के लिए प्रेरित करना है। इसके लिए स्कूली बच्चों ने काफी तैयारी की थी। अलग-अलग तरह के पोस्टर तैयार किए थे और अपने हिसाब से बच्चों ने अच्छे-अच्छे स्लोगन भी लिखे। जो रैली के दौरान उन्होंने लोगों को दिखाया।

# बुराड़ी हादसा : 1 लड़की सहित 2 की मौत, 12 रेस्क्यू



प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली के बुराड़ी इलाके में सोमवार शाम 4 मंजिला मकान गिरने के मामले में एक बच्ची सहित दो लोगों की मौत हो चुकी है। अब तक 12 लोगों को रेस्क्यू करके निकाला जा चुका है। इसकी पुष्टि डीसीपी नॉर्थ राजा बांठिया ने की है। वही कल शाम से शुरू हुआ रेस्क्यू ऑपरेशन 18 घंटे बाद भी मौके पर लगातार किया जा रहा है। जेसीबी की टीम मलबा हटाने में जुटी हुई है। जबकि फायर ब्रिगेड के साथ और भी दूसरी एजेंसियों की टीम मौके पर पहुंची दूसरी एजेंसियों की टीम जगह-जगह से ड्रिल करके गिरे हुए मलबे को टुकड़ों में करके उसको हटाने में लगी हुई है। जिससे कि कोई यदि मलबे के अंदर यदि दबा हो तो उसे निकाला जा सके। फायर डायरेक्टर अतुल गर्ग ने बताया कि मौके पर अभी सात गाड़ियां मौजूद है और 35 फायर कर्मियों की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन में लगी हुई है। फायर कंट्रोल रूम के अनुसार स्पॉट पर असिस्टेंट डिविजनल ऑफीसर रविनाथ और भूपेंद्र को भी मौके पर रेस्क्यू ऑपरेशन में भेजा गया है। गौरतलब है, की सोमवार शाम 6:30 के बाद यह हादसा बुराड़ी के कौशिक एंक्लेव में ऑस्कर पब्लिक स्कूल के पास हुआ था। जब भर भराकर चार मंजिला मकान अचानक धाराशाही हो गया था। शुरूआत में दिल्ली फायर सर्विस की टीम ने चार लोगों को रेस्क्यू किया। जिसमें तीन लड़कियां और एक पुरुष शामिल थे, उनमें से 14 और 6 साल की दो बच्चियां भी शामिल थी। जिस बिल्डिंग में यह हादसा हुआ है, उसमें काम पूरा नहीं हुआ था। प्लास्टर के बाद पोओपी का काम किया जा रहा था।

उस बिल्डिंग को बनाने में शामिल मजदूर और उसके परिवार वाले रह रहे थे। जो हादसे की चपेट में आ गए। बाद में वहां की लाइट काट दी गई थी एहतियात के लिए। मोबाइल की रोशनी जलाकर किसी ने आवाज लगाकर जान बचाने की मदद मांगी थी। रात भर रेस्क्यू की टीम मौके पर मलबा हटाने में जुटी रही। वहीं इस मामले में बुराड़ी थाना की पुलिस टीम आगे की छानबीन कर रही है। इस मामले में समाचार लिखे जाने तक किसी के गिरफ्तार होने की आधिकारिक पुष्टि पुलिस के द्वारा नहीं की गई।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव : अखिलेश यादव समेत अन्य सपा सांसद करेंगे ‘आप’ के लिए प्रचार

प्रात : किरण संवाददाता



नई दिल्ली। समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव और उनकी पार्टी के सांसद आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवारों के लिए प्रचार करेंगे। अरविंद केजरीवाल की पार्टी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। दिल्ली विधानसभा के लिए चुनाव पांच फरवरी को होने वाले हैं और मतगणना आठ फरवरी को होगी। अखिलेश यादव 30 जनवरी को रिठाला में आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल के साथ एक रोड शो में शामिल होंगे। सपा सांसद इकरा हसन तथा पार्टी के अन्य सांसद भी आम आदमी पार्टी के लिए प्रचार अभियान में भाग लेंगे। आप और सपा दोनों विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) का हिस्सा हैं, जिसमें कांग्रेस भी शामिल है। हालांकि, सपा नेता केवल आप के लिए प्रचार करेंगे। आम आदमी पार्टी दिल्ली में कांग्रेस और भाजपा के खिलाफ चुनावी मैदान में है। इस कदम से विपक्षी गठबंधन में कांग्रेस की स्थिति और कमजोर हो सकती है। यह गठबंधन कांग्रेस के नेतृत्व में पिछले साल लोकसभा चुनाव के दौरान बना था। आप और कांग्रेस ने पिछले साल लोकसभा चुनावों में भाजपा के खिलाफ मिलकर चुनावी लड़ाई लड़ी थी। दिल्ली की सात लोकसभा सीटों में से आप ने चार और कांग्रेस ने तीन सीटों पर चुनाव लड़ा था। इस बार के विधानसभा चुनाव में दोनों पार्टियां आमने-सामने हैं। पिछले साल कई दलों ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को गठबंधन का नेतृत्व सौंपने के विचार का समर्थन किया था। इसके बाद विपक्षी गठबंधन में मतभेद उभरकर सामने आए थे। वर्तमान में यह नेतृत्व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के पास है। अरविंद केजरीवाल ने ममता बनर्जी को समर्थन दिए बिना कहा था कि इंडिया गठबंधन के नेता इस मुद्दे पर आपसी चर्चा के बाद निर्णय ले सकते हैं। टीएमसी सांसद शत्रुघ्न सिन्हा भी एक और दो फरवरी को दिल्ली की तीन विधानसभा सीटों पर आप के लिए प्रचार करेंगे।

# राहुल ने संदीप दीक्षित के समर्थन में जन संवाद किया

प्रात : किरण संवाददाता



नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार संदीप दीक्षित के समर्थन में मंगलवार को प्रचार किया और कई स्थानीय मतदाताओं से संवाद किया। उन्होंने पहले वाल्मीकि मंदिर में दर्शन किया और फिर गोल मार्केट इलाके में लोगों से बातचीत की।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, ह्यह्यआज दिल्ली में महर्षि वाल्मीकि मंदिर जाकर दर्शन किया। दर्शन के बाद पास की बस्ती में एनडीएमसी कर्मचारियों से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि भाजपा की केंद्र सरकार और आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार की निजीकरण तथा अनुबंध आधारित नौकरियों की नीति के कारण हजारों लोग बेरोजगार हैं और हजारों लोगों को उचित वेतन नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा, हम लगातार इस मुद्दे को उठा रहे हैं। निजीकरण और ठेके की नौकरियां गरीबों और बहुजनों के हक छीनने के हथियार हैं। हम सबसे पहले इन्हें नियंत्रित करेंगे। नई दिल्ली क्षेत्र से दीक्षित पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा से प्रवेश वर्मा उम्मीदवार हैं।

**चुनाव** सांसद राघव चड्ढा के नेतृत्व में गांधी नगर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित रोडशो में हजारों लोगों ने लिया हिस्सा।

# गांधी नगर में सांसद राघव चड्ढा के विशाल रोडशो में उमड़ी हजारों की भीड़, सांसद बोले- पांच तारीख का दिन होगा, झाड़ू चुनाव चिन्ह होगा

प्रात : किरण/ एजेंसी



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद राघव चड्ढा ने आज गांधी नगर विधानसभा क्षेत्र में एक विशाल रोडशो का आयोजन किया। गांधी नगर सीट से आम आदमी प्रत्याशी दीपू चौधरी के समर्थन में आयोजित इस रोडशो में हजारों की तादाद में लोग शामिल हुए। रोडशो में समर्थकों का यह जोश और समर्थन देखने लायक था। रोडशो में हजारों लोगों की उमड़ी भीड़ बता रही है कि आगामी विधानसभा चुनावों में आठ फरवरी को मतगणना वाले दिन आम आदमी पार्टी को भारी जनादेश मिलने वाला है।

रोडशो के दौरान भारत माता की जय और ह्लइंकलाब जिंदाबादह्व के नारों के बीच सांसद राघव चड्ढा ने कहा, गांधी नगर विधानसभा क्षेत्र से हजारों लोग आम आदमी पार्टी के समर्थन में सामने आए हैं। गांधी नगर की जनता ने हमेशा विकास और ईमानदारी की राजनीति का समर्थन किया है। लोगों की भीड़ बता रही है कि जनता आप और अरविंद केजरीवाल को आशीर्वाद देने वाली है। जो पार्टी सकारात्मक एजेंडा और अपने काम का खाका लेकर आती है, जनता उसे ही चुनती है। उन्होंने कहा, आज इस रोडशो में उमड़ी भीड़ यह साफ संकेत देती है कि जब 8 फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे आएंगे, गांधी नगर विधानसभा वह सीट होगी जिसे आप बड़ी जीत के साथ अपने नाम करेगी। राघव चड्ढा ने अपील की, किसी भी ह्यआलतु-फालतू को वोट मत देना। 5 फरवरी को झाड़ू का बटन दबाकर भाई दीपु चौधरी को जिताएं। यह चुनाव बेहद महत्वपूर्ण है और गांधी नगर का प्यार हमेशा अरविंद केजरीवाल के साथ रहा है। दीपु चौधरी आपके बीच का ही एक व्यक्ति है। मुझे भरोसा है कि आप हमें मौका देंगे और हम मिलकर आपकी हर समस्या का समाधान करेंगे।

इस भव्य रोडशो के दौरान सांसद राघव चड्ढा पार्टी कार्यकर्ताओं और जनता से मुखातिब हुए और उन्हें आप के एजेंडे और विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा, पांच तारीख का दिन होगा, झाड़ू चुनाव चिन्ह होगा। वहीं महिला मतदाताओं को संबोधित करते हुए राघव चड्ढा बोले, इस बार महिलाओं की जिम्मेदारी ज्यादा है। अपने भाई अरविंद केजरीवाल को फिर से जीत दिलाएं, जिससे हर महीने 2100 रुपये मिलें और दिल्ली को बेहतर बनाया जा सके। इस रोडशो में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। सांसद राघव चड्ढा ने आगे कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने दिल्ली में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी और परिवहन के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य किए हैं। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली में जो बदलाव आए हैं, वे अनुकरणीय हैं। उन्होंने कहा कि गांधी नगर की जनता ने हमेशा विकास और ईमानदारी की राजनीति को समर्थन दिया है और इस बार भी वही इतिहास दोहराया जाएगा।

सांसद राघव चड्ढा ने यह भी कहा कि आम आदमी पार्टी इस बार के चुनाव में अपने सकारात्मक एजेंडे के साथ मैदान में उतरी है। पार्टी ने जनता के साथ किए गए वादों को प्राथमिकता दी है और हर स्तर पर ईमानदार शासन की मिसाल पेश की है। इस रोडशो से न केवल गांधी नगर में, बल्कि पूरे दिल्ली में एक नया जोश भरने का काम हुआ है।

# पूर्व डिप्टी मेयर जय भगवान वर्मा समेत भाजपा और कांग्रेस के कई नेता ‘आप’ में शामिल

नई दिल्ली। दिल्ली की कृष्णा नगर विधानसभा से भाजपा और कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। इसमें प्रमुख रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूव डिप्टी मेयर, दो बार के पार्षद और दिल्ली जल बोर्ड के सदस्य रहे जय गोपाल वर्मा और दिल्ली यूथ कांग्रेस से अंकुश समेत अन्य लोग शामिल हैं। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने सभी पटका और टोपी पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई। मनीष सिसोदिया ने कहा कि कृष्णानगर विधानसभा से राष्ट्र निर्माण पार्टी के प्रत्याशी विशाल भाटिया अपने समर्थकों के साथ आम आदमी पार्टी को समर्थन दिया है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने कहा कि आज आम आदमी पार्टी के लिए बहुत खुशी का दिन है कि आज हमारा परिवार बड़ा और मजबूत हो रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूव डिप्टी मेयर, दो बार पार्षद रहे और जल बोर्ड के सदस्य रहे जय गोपाल वर्मा अरविंद केजरीवाल की नीतियों से प्रभावित होकर आज अपने सभी साथियों के साथ आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे है। इनके साथ भाजपा की यूथ टीम से रितेश सबरवाल, पूर्व मंडल महामंत्री जतिन वर्मा, भाजपा के मोर्चा मंत्री रोहित गुप्ता, रूद्र वर्मा, साहिल चौहान, अंकुर शर्मा, संजीव अरोरा, साहिल धामा, रूद्र वर्मा, रोमियो वर्मा, कमल किशोर वर्मा, राकेश वर्मा, रोहित वर्मा, जतिन धामा, संजय तलवार और प्रीतपाल सिंह शामिल हो रहे हैं। वहीं यूथ कांग्रेस से अंकुश हमारे साथ आ रहे हैं। कृष्णानगर विधानसभा से राष्ट्र निर्माण पार्टी के प्रत्याशी विशाल भाटिया अपने सभी समर्थकों के साथ आम आदमी पार्टी को अपना समर्थन दे रहे हैं। युवाओं से लेकर अनुभवि चेहरों के शामिल होने से आम आदमी पार्टी की ताकत और बढ़ेगी।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, बुधवार, 29 जनवरी, 2025



# दिल्ली में जहरीला पानी भेजने का आरोप 'आआपा' की हताशा का परिणाम : विजेंद्र गुप्ता

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और रोहिणी विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी विजेंद्र गुप्ता ने केजरीवाल द्वारा हरियाणा द्वारा दिल्ली को दिये जाने वाले पानी में जहर मिलाने के आरोप को केजरीवाल की हताशा का परिणाम बताया है। विजेंद्र गुप्ता ने मंगलवार को रोहिणी विधानसभा में सेक्टर-13 में पदयात्रा के माध्यम से स्थानीय लोगों से मिलकर संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुना और अगले पांच साल में रोहिणी के विकास के लिए अपने रोडमैप के बारे में उन्हें बताया।

गुप्ता की पदयात्रा सेक्टर-13 के भारत अपार्टमेंट से आरंभ हुई और अयोध्या अपार्टमेंट से होते हुए विजेता अपार्टमेंट पर खत्म हुई। पदयात्रा के अंत में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल ने पिछले दस साल में दिल्ली की जनता के लिए एक भी काम नहीं किया। आरोप प्रत्यारोप की राजनीति आम आदमी वार्टी का डीएनए बन चुकी है और ये लोग



सिर्फ इसी के सहारे दिल्ली में जीत हासिल करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल के पास अपनी कोई योजना नहीं है और इसलिए वो भाजपा की नीतियों को कॉपी करके इसे अलग रूप में पेश करके लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। महिला सम्मान योजना मूलरूप से भारतीय जनता पार्टी की ही योजना है, जो मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हरियाणा और ओडिशा जैसे भाजपा शासित राज्यों में बहुत अच्छे से चल रही है और लाखों महिलाओं को इसका फायदा पहुंच रहा है। इस योजना की सफलता को देखकर ही केजरीवाल ने इस योजना को दिल्ली में आआपा का आइडिया बताकर पेश कर दिया।

घोषणा पत्र को पुराना जुमला दोहराने की कवायद करार देते हुए उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के पास दिल्ली के विकास के लिए कोई विजन नहीं है और पार्टी अपने पुराने चुनावी वादों को ही इस घोषणा पत्र में दोहराकर सिर्फ औपचारिकता ही पूरी कर रही है।

विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि इनके सभी वादे और घोषणाएं पहले ही हवा-हवाई हो चुके हैं और एक भी नया वादा इन्होंने नहीं किया है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने कहा था कि अगर वो यमुना को साफ नहीं कर पाये तो उनको 2025 के चुनाव में वोट मत देना। अब अपने खुद के वादे को ही भूल गये और फिर से इस घोषणा पत्र में यमुना को साफ करने का अपना पुराना राग अलाप दिया है। उन्होंने एक बार फिर से दिल्ली की जनता से अपील की है कि वो केजरीवाल की भ्रष्ट सरकार को बदलकर भाजपा को दिल्ली का ताज सौंपे ताकि डबल इंजन की सरकार के रूप में भाजपा उनकी समस्याओं को समझे और उनका त्वरित समाधान कर सके। लोगों को आश्वस्त करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा के आते ही केंद्र सरकार की सभी योजनाओं का लाभ दिल्ली की जनता को पहले दिन से ही मिलना शुरू हो जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली विधानसभा चुनाव: भाजपा ने मनोज तिवारी की आवाज में नया गीत जारी किया

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रदेश भाजपा ने मंगलवार को अपना नया गीत जारी किया जिसे पार्टी सांसद मनोज तिवारी ने गाया है। उत्तर पूर्वी दिल्ली से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद तिवारी ने बताया, कुछ गाने ऐसे बनते हैं कि उन्हें रीमिक्स करने की जरूरत पड़ती है। मेरी टीम ने मुझे 2017 में जारी किए गए एक गाने ह्यबीजेपी दिल में, बीजेपी दिल्ली मेंको रीमिक्स करने के लिए कहा था। आज हम इसका रीमिक्स संस्करण जारी कर रहे हैं, जिसमें हमारी चुनावी गारंटी भी शामिल है। दिल्ली की सभी 70 विधानसभा सीट पर पांच फरवरी को मतदान होगा तथा मतगणना आठ फरवरी को की जाएगी।

### पिस्तौल और कारतूस के साथ बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने चुनाव आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार अवैध शराब, नशीले पदार्थ तथा अवैध हथियारों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कुख्यात बदमाश इकबाल उर्फ बाली को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एक पिस्तौल और छह कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी नंद नगरी थाने का घोषित बदमाश है और उसपर सौ से अधिक आपराधिक मामलों में शामिल होने का आरोप है।

### केजरीवाल का पेड एजेंट है ध्रुव राठी : मुनीश रायजादा

नई दिल्ली। दिल्ली में विधानसभा चुनावों के चलते सियासी पारा चढ़ा हुआ है। ऐसे में पक्ष और विपक्ष की पार्टियां एक-दूसरे पर आरोप लगा रही हैं। आम आदमी पार्टी, कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी दिल्ली के लोगों से बड़े-बड़े वादे भी कर रही हैं। दिल्ली के इस विधानसभा चुनाव में नेताओं की तो खूब चर्चा है ही, लेकिन नेताओं के अलावा एक यूट्यूबर को लेकर भी खूब चर्चा हो रही है। एक ऐसा यूट्यूबर जिसके यूट्यूब अकाउंट पर दो करोड़ 70 लाख से ज्यादा सब्स्क्राइबर हैं। आम आदमी पार्टी के नेता और अरविंद केजरीवाल के पुराने साथी मुनीश रायजादा ने ध्रुव राठी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। दरअसल कुछ दिनों पहले आम आदमी पार्टी ने अपने पिछले 10 साल को लेकर एक डॉक्यूमेंट्री बनाई। इस डॉक्यूमेंट्री को लेकर काफी विवाद सामने आए थे। विवाद और आरोपों का दौर तब और बढ़ गया जब मशहूर यूट्यूबर ध्रुव राठी ने आम आदमी पार्टी की उस डॉक्यूमेंट्री को अपने यूट्यूब चैनल पर पब्लिश कर दिया और लोगों से उस डॉक्यूमेंट्री को देखने की अपील की।

### जुल्म के खिलाफ जंग का बिगुल है सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी आफ इंडिया

नई दिल्ली। करावलनगर विधानसभा में सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी आफ इंडिया (एसडीपीआई) ने अपना प्रचार प्रसार जोरशोर से जारी रखा। रात्रि में दस बजे तक चांद बाग पुलिया में आम सभा संपन्न हुई। इससे पहले श्रीराम कालोनी में सी सात में भी मीटिंग की गई। आज श्रीराम कालोनी के डी ब्लॉक की गली नंबर दस में हाफि ज मौहम्मद हाशिम ने लोगों से सम्पर्क किया गया और एसडीपीआई को जिताने की अपील की उधर एसडीपीआई की महिला विंग की फरजाना के नेतृत्व में सोनिया विहार के ए ब्लॉक में डोर टू डोर संपर्क करके एसडीपीआई के उम्मीदवार हाफि ज मौहम्मद हाशिम को जिताने और गैस सिलेंडर के निशान पर वोट देने को कहा गया। दिल्ली प्रदेश के प्रभारी अब्दुल कादिर, जमालुद्दीन, उस्मान गनी, सुलेमान, आस मोहम्मद, अफजल, महताब, आदि ने विभिन्न स्थानों पर जमकर प्रचार प्रसार और मीटिंग कीं।

### आत्महत्या करने वाले शख्स का स्पर्म प्राप्त करने की मिली अनुमति

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय राजधानी में आत्महत्या करनेवालेएकव्यक्तिपरपोस्टमार्टम स्पर्म रिट्रीवल (पीएमएसआर) प्रक्रिया अपनाने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता की पीठ ने मृतक के माता-पिता और बहन द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए उन्हें व्यक्ति का शुक्राणु दोबारा प्राप्त करने की अनुमति देते हुए उक्त आदेश पारित किया। अदालत ने नोट किया कि शीघ्र लागूकिए जानेपरहीपीएमएसआर प्रक्रिया के प्रभावी होने के तथ्य को देखतेहुए अदालत ने याचिकाकर्ताओं के अनुरोध को स्वीकार कर लिया। याचिका में मांग की गई थी कि मृतक के वीर्य को पीएमएसआर के माध्यम से संरक्षित किया जाए। एक ऐसी प्रक्रिया जो सहायक प्रजनन थेरेपी (एआरटी) में संभावित भविष्य के उपयोग के लिए मृत व्यक्ति के वीर्य को पुनः प्राप्त करने की अनुमति देती है। याचिकाकर्ताओं ने गुरविंदर सिंह और अन्य बनाम एनसीटी दिल्ली सरकार और अन्य मामले में समन्वय पीठ के हालिया निर्णय का हवाला दिया।

# आप सरकार पर जमकर गरजे सीएम योगी, पूछा- क्या दिल्ली की ऐसी सड़कें होनी चाहिए?

**हरियाणा औद्योगिक कचरे को इरादतन यमुना नदी में बहा रहा है, ताकि दिल्ली के लोगों को नुकसान पहुंचाया जा सके और चुनाव परिणाम को गलत तरीके से प्रभावित किया जा सके। मुख्यमंत्री ने रेखांकित किया कि यमुना के पानी में अमोनिया की मौजूदगी 7.2 पीपीएम तक बढ़ गई है, जो अभूतपूर्व स्तर है। उन्होंने दावा किया कि इस प्रदूषण के कारण दिल्ली में जल शोधन संयंत्रों के संचालन में बाधा उत्पन्न हुई है, जिससे संकट और बढ़ गया है।**






प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को दिल्ली के मंगोलपुरी में जनसभा को संबोधित किया। सीएम योगी ने कहा इस सदी का सबसे बड़ा महाकुंभ गंगा, यमुना, सरस्वती के संगम में आयोजित हुआ है। पिछले 16 दिनों में भारत के प्रति सनातन के प्रति नए भारत का दर्शन हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए भारत का दर्शन कराया है। कहा इतना बड़ा आयोजन प्रयागराज में हो रहा है, क्योंकि उत्तर प्रदेश में भी भाजपा और केंद्र में मोदी की सरकार है। डबल इंजन की सरकार से विकास कार्य होता है। इसका दर्शन प्रयागराज में हो रहा है। वर्ष 2025 का जनवरी माह महाकुंभ और वर्ष 2024 का जनवरी नव्य व भव्य अयोध्या का दर्शन है। डबल इंजन की सरकार से पांच सौ वर्षों का इंतजार समाप्त हुआ और अयोध्या में मोदी के कर कमलों से रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। नए भारत में सभी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के सभी को मिल रहा है। सीएम योगी ने कहा एक तरफ भारत आगे बढ़ रहा है और विकास की दर दुनिया में सबसे अधिक है। कहा दूसरी ओर दिल्ली के अंदर यहां राज्य सरकार 11 वर्षों से है और वह अराजकता का पर्याय बनकर रह गई है। देश में यह पहला राज्य सरकार व पार्टी है, जिसके ऊपर भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज है। किस नैतिकता से यह वोट मांग रहे हैं। सीएम योगी ने कहा वर्ष 2013 में अन्ना हजारे के नेतृत्व में जनलोकपाल का आंदोलन चल रहा था। सत्ता में आने के बाद आप इसे भूल गई। सिटीजन चार्टर की बात करते थे। यहां की सड़कें बहुत खराब है। क्या दिल्ली की सड़कें ऐसी होनी चाहिए? सीवर सड़क पर बह रहा है और पानी के लिए टैंकर का सहारा। टैंकर भी सप्ताह में एक या दो बार आता है। मुख्यमंत्री ने कहा यमुना कभी भारत की पौराणिक नदी के रूप में आस्था की प्रतीक थी। दो ही नारे हर-हर गंगे हर हर यमुना लगाते थे। आज उस यमुना से सीवर की तरह बदबू आ रही थी। आप सरकार के पाप के भुक्तभोगी मथुरा व वृंदावन के लोग व श्रद्धालु हैं। यह भगवान कृष्ण का स्थल है। इस नरक से निकलने का एक ही रास्ता है, डबल इंजन की सरकार है। केंद्र की तरह दिल्ली में भी भाजपा की सरकार बने। कहने को लोग दिल्ली में रहते हैं, लेकिन यहां के लोगों को आप पार्टी ने बुनियादी सुविधाओं से वंचित करके रखा है। न बिजली सही मिलती है, न पेयजल और न स्वास्थ्य केंद्र और अच्छी शिक्षा और न ही रोजगार की सही व्यवस्था है।

उन्होंने कहा कि श्रमिक कल्याण बोर्ड के माध्यम से श्रमिकों को पैसे दिए जाते हैं, लेकिन दिल्ली में नहीं मिल रहे। आप सरकार ने व्यापारियों व अन्य लोगों के साथ श्रमिकों का भी शोषण किया है। बताया कि 23 जनवरी को मैंने प्रदेश के सभी मंत्रियों के साथ संगम में डुबकी लगाई थी। यदि केजरीवाल में नैतिकता है तो वह मंत्रियों के साथ यमुना में डुबकी लगाते। लेकिन वह डुबकी नहीं लगा सके। जबरदस्ती डुबकी लगाने के लिए किसी को बाध्य नहीं कर सकते। सीएम योगी ने कहा आप के लोगों ने श्रमिक बोर्ड के पैसे का बंदरबाट किया है। सैकड़ों करोड़ रुपये का बंदरबाट हुआ है। उत्तर प्रदेश में श्रमिकों के बच्चे विश्वस्तरीय शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। मॉडल देखें। यदि दिल्ली में भी इसे लागू करेंगे तो यहां के श्रमिकों के बच्चों को भी इसका लाभ मिलेगा। एक तरफ दिल्ली में स्वच्छता, बुनियादी सुविधाओं का मुद्दा तो वहीं दूसरी ओर आप ने देश की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों से संबंध रखा है। आधार बनाने की मशीन अपने नेताओं को वितरित कर दी। बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठियों को आधार कार्ड बनाने का पाप किया है। ओखला में औद्योगिक निवेश की जगह बांग्लादेशी रोहिंग्या घुसपैठियों को बसाकर दिल्ली के हकों पर कुठाराघात करने का पाप किया है। सीएम योगी ने कहा आप दिल्ली के हक व सुरक्षा, दिल्ली के नौजवानों के हक और बहन-बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाने वाली पार्टी है। इस पार्टी को कभी बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। यह भ्रष्टाचार की जननी है। यह अराजकता व अव्यवस्था का कारण बनने वाली पार्टी है। भाजपा ने दिल्ली के लिए घोषणा पत्र दिया है। यह दिल्लीवासियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। विकास डबल इंजन की सरकार से ही आगे बढ़ता है। डबल इंजन की सरकार एक तरफ भव्य राम मंदिर का निर्माण करती है तो साथ में अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का नाम महर्षि वाल्मीकि के नाम पर करती है। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे, रेलवे के नेटवर्क में नंबर में एक है। सबसे अधिक मेट्रो का संचालन करने वाले शहर उत्तर प्रदेश में है। यह डबल इंजन की सरकार से संभव है। देखना है तो दिल्ली से सटे गौतमबुद्ध नगर व गाजियाबाद में देखना चाहिए। उससे दिल्ली की तुलना करके लोग दिल्ली से नोएडा व गाजियाबाद की ओर जा रहे हैं। चुनाव में आप के झूठे वादों व नारों में आने की जरूरत नहीं है। अपने गुरु अन्ना हजारे को धोखा दिया और आप के अधिक नेता जेल में बंद हो चुके हैं। भ्रष्टाचार में धंसी हुई पार्टी पर विश्वास नहीं करना चाहिए। कहा कि मेट्रो में सहयोग, रैपिड रेल के संचालन, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेवे, ईस्टर्न व वेस्टर्न पेरिफेरल के निर्माण में उत्तर प्रदेश की सरकार ने केंद्र के साथ मिलकर काम किया। इससे उत्तर प्रदेश में जल्दी काम हुआ। लेकिन आप पार्टी ने रैपिड रेल में सहयोग नहीं किया, अपने हिस्से का पैसा दबाए रखी। युवाओं को सुविधाओं से वंचित करने वाली पार्टी है।

# वाल्मीकि समाज के बड़े नेता और वाल्मीकि चौपाल के अध्यक्ष उदय गिल आम आदमी पार्टी में शामिल




प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली, 28 जनवरी (वेब वार्ता)। वाल्मीकि चौपाल के अध्यक्ष उदय गिल मंगलवार को अपने समर्थकों के साथ आम आदमी पार्टी (आआपा) में शामिल हो गए। आआपा के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने टोपी और पटका पहनाकर सभी का पार्टी में स्वागत किया।

इस मौके पर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उदय गिल ने अपनी संस्था ह्यवाल्मीकि चौपालह्न के माध्यम से पूरी दिल्ली में दलित व वंचितों के उत्थान के लिए सराहनीय कार्य किया है। उनके आने से न केवल हमें नई दिल्ली विधानसभा में फायदा होगा बल्कि दिल्ली सरकार को दलित समाज के उत्थान के लिए काम करने में भी मदद मिलेगी। केजरीवाल ने आगे कहा कि दिल्ली में वाल्मीकि, दलित और वंचित समाज के लोगों के विकास के लिए काम करने वाली संस्था वाल्मीकि चौपाल के अध्यक्ष उदय गिल कई सालों से दलित उत्थान के लिए काम कर रहे हैं। आज पूरी दिल्ली से यहां इनके समर्थक आए हैं। उदय गिल को आआपा में शामिल कराते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। उदय गिल 40 साल तक एनडीएमसी में कार्यरत रहे और कुछ दिन पहले ही रिटायर हुए हैं। उनके आने से न केवल हमें नई दिल्ली विधानसभा में फायदा होगा बल्कि दिल्ली में दलित समाज को एकजुट करने और उनके उत्थान के लिए काम करने में दिल्ली सरकार को भी मदद मिलेगी। उदय गिल ने कहा कि हम उन घरों में दिया जलाने जा रहे हैं, जहां सदियों से अंधेरा है। हम मुद्दों की बात करते हैं। रोटी, कपड़ा और मकान एक आम आदमी की जरूरत है। सभी के लिए रोजगार, शिक्षा, सड़क, अस्पताल हमारा विजन है।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा झपटमार, 75 मामले पहले से दर्ज

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। पश्चिमी जिले के स्पेशल स्टाफ ने एक ऐसे हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है जिसने कुछ दिनों पहले ही झपटमारी के 15 मामलों को अंजाम दिया है। आरोपित झपटमारी की हर घटना से पहले स्कूटी की नंबर प्लेट बदलता था फिर वारदात को अंजाम देने के लिए जाता था, ताकि उसे पुलिस पकड़ न सके। तलाशी के दौरान आरोपित के कब्जे से एक पिस्टल, एक कारतूस और स्कूटी बरामद हुई है। पुलिस का दावा है कि आरोपित की गिरफ्तारी से झपटमारी के 15 केस सहित कुल 16 मामले सुलझे हैं। आरोपित जितेंद्र दिल्ली के प्रताप नगर का रहने वाला है। उसके खिलाफ डकैती, स्नैचिंग, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, चोरी आदि मामलों में 75 से अधिक केस दर्ज हैं। वह पिछले साल मई में डकैती के एक मामले में जेल से रिहा हुआ था। अब पुलिस आरोपित के अन्य साथियों की तलाश में जुट गई है।

पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि क्षेत्र में हो रही झपटमारी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए स्पेशल स्टाफ को अपराधियों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने का काम सौंपा गया है। टीम ने तीन सौ से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें कुछ वाहनों की पहचान की गई। इससे पता चला कि एक ग्रे रंग की स्कूटी का अपराध में इस्तेमाल किया जा रहा था, जिस पर हर घटना में फर्जी नंबर लिखे होते थे। स्कूटी और अपराधियों को पकड़ने के लिए मुखबिर और तकनीकी निगरानी की गई। 25 जनवरी को एक टीम गश्त कर रही थी तभी राजौरी गार्डन के सब रजिस्ट्रार कार्यालय के पास स्कूटी पर एक व्यक्ति को संदिग्ध रूप से घूमते हुए देखा गया।

जब टीम ने उसे रुकने का इशारा किया तो वह भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन टीम ने पीछा कर आरोपित को धर दबोचा। उसके कब्जे से बरामद स्कूटी थाना तिलक नगर से चोरी की है। आरोपित 75 से अधिक मामलों में शामिल रहा है। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह अपने साथी संजीव के साथ मिलकर ग्रे रंग की ज्यूपिटर पर झपटमारी की वारदातों को अंजाम देता था। जब भी वह अपराध के लिए निकलते थे तो उससे पहले स्कूटी की नंबर प्लेट बदल देते थे। झपटमारी का सामना वह प्रताप नगर के विक्की को बेच देते थे। टीम अब आरोपित के साथी संजीव और विक्की की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

# यमुना में ह्यजहर' की बात पर भड़के सीएम नायब ने मानहानि की दी धमकी, केजरीवाल बोलेनहीं डरते

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को कहा कि वह कानूनी कार्रवाई से नहीं डरते और दिल्ली में गंदे तथा जहरीले पानी के कारण लोगों को नहीं मरने देंगे। केजरीवाल ने भाजपा शासित हरियाणा पर यमुना नदी में जहर' मिलाने का आरोप लगाया है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने केजरीवाल के आरोपों का खंडन कर दिया है और धमकी दी कि अगर उन्होंने माफी नहीं मांगी तो वह उनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर करेंगे। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान इस सिलसिले में शाम को निर्वाचन आयोग के अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। सैनी पर पलटवार करते हुए आप प्रमुख केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने सोमवार को एक पत्र में पुष्टि की है कि पड़ोसी राज्य से आपूर्ति किए जाने वाले पानी में अमोनिया नामक जहर' मिला दिया गया है। संवाददाता सम्मेलन में केजरीवाल ने दावा किया है कि, हरियाणा के मुख्यमंत्री को इस मुद्दे पर राजनीति नहीं करनी चाहिए। केजरीवाल ने कहा, यह पाप है, आपको लोगों के अभिशाप का सामना करना पड़ेगा। वे मेरे खिलाफ मुकदमा दायर करने की धमकी दे रहे हैं। वह कानूनी कार्रवाई से नहीं डरते है, उन्होंने मुझे जेल भेजा, क्या अब वे मुझे फांसी पर चढ़ा देंगे?'' पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वह दिल्ली के लोगों को जहरीला पानी' पीकर नहीं मरने देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा को अपनी गंदी राजनीति'' से बाज आना चाहिए और हरियाणा के मुख्यमंत्री को यमुना में स्वच्छ पानी छोड़ना चाहिए।

# आतिशी को मानहानि मामले में राहत, दिल्ली कोर्ट ने दिया बड़ा फैसला

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को भाजपा नेता प्रवीण शंकर कपूर की ओर से दाखिल की गई मानहानि मामले में मुख्यमंत्री आतिशी को जारी किए गए समन को रद्द कर दिया। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने आतिशी की ओर से मजिस्ट्रेट अदालत के आदेश के खिलाफ दायर अपील पर यह आदेश पारित किया। मजिस्ट्रेट अदालत ने भाजपा नेता प्रवीण शंकर कपूर की शिकायत पर आतिशी को समन जारी किया था। आतिशी के वकील ने दलील दी कि आतिशी ने प्रवीण शंकर कपूर की मानहानि नहीं की गई है। न्यायाधीश ने आतिशी के वकील की उक्त दलील पर गौर किया। दलील में आगे कहा गया कि कथित मानहानिकारक बयान भाजपा के खिलाफ था, यह किसी व्यक्ति के खिलाफ नहीं था। इन दलीलों पर गौर करते हुए दिल्ली की राउज एवेन्यू स्थित अदालत ने दिल्ली की सीएम आतिशी की पुनर्विचार याचिका को स्वीकार कर लिया। आतिशी ने इस अदालत में भाजपा नेता प्रवीण शंकर कपूर की ओर से दाखिल किए गए मानहानि के मामले में मजिस्ट्रेट कोर्ट की ओर से उनको जारी किए गए समन को चुनौती दी थी। बता दें कि पिछले साल अप्रैल में आतिशी ने आरोप लगाया था कि उनसे और आम आदमी पार्टी के अन्य नेताओं से भाजपा से जुड़े लोगों ने संपर्क किया था। उन्होंने दावा किया था कि भाजपा नेताओं ने कहा था कि वे लोग भाजपा में शामिल हों या एक महीने के भीतर ईडी की गिरफ्तारी का सामना करें।

**विकास** | वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025: उद्योग विकास को बढ़ावा देने के लिए भारत का प्रीमियर बिल्डिंग मटेरियल एक्सपो

# वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025: उद्योग विकास को बढ़ावा देने के लिए वन नेशन वन एक्सपो

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। बहुप्रतीक्षित वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025, भारत का सबसे बड़ा बिल्डिंग मटेरियल एक्सपो, 13 से 16 अप्रैल, 2025 तक प्रतिष्ठित यशोभूमि प्रदर्शनी और कन्वेंशन सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित होने वाला है। 50,000 वर्ग मीटर के विशाल क्षेत्र में फैले इस एक्सपो में 150,000 से अधिक घरेलू आगंतुक और 2,000 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय खरीदार आएंगे, जिससे वैश्विक सहयोग और व्यापार विकास के लिए एक गतिशील मंच तैयार होगा। नवाचार और उत्कृष्टता का प्रदर्शन वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025 के ब्रांड एंबेसडर बॉलीवुड आइकन सुनील शेट्टी इस उल्लेखनीय पहल को अपना समर्थन दे रहे हैं, और उद्योग के लिए इसके महत्व पर जोर दे रहे हैं। वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025 में 600 से अधिक प्रदर्शक भाग लेंगे, जिनमें से प्रत्येक भवन निर्माण सामग्री में अत्याधुनिक नवाचारों को सामने लाएगा। टिकाऊ समाधानों से लेकर डिजिटल निर्माण तकनीकों तक, यह एक्सपो इस क्षेत्र में भारत की प्रगति का प्रदर्शन होने का वादा करता है, जो वैश्विक मानकों और मांगों को पूरा करने में देश की प्रगति को दर्शाता है। भारत की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा भारत सरकार, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, वाणिज्य विभाग द्वारा समर्थित, वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025 को 'वन नेशन वन एक्सपो' के रूप में देखा गया है, जो भवन निर्माण सामग्री उद्योग के भविष्य में एक ऐतिहासिक आयोजन बनने का वादा करता है। भारत सरकार, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, वाणिज्य विभाग द्वारा समर्थित, वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025 स्थानीय विनिर्माण और नवाचार पर जोर देता है। इस आयोजन का उद्देश्य भारत की जीडीपी वृद्धि में तेजी लाना और निर्यात के अवसरों का विस्तार करना है, विशेष रूप से हार्डवेयर, सिरेमिक, लेमिनेट और पेंट क्षेत्रों में। कैपेक्सिल के प्रवक्ता ने कहा, वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025 भारत की आर्थिक वृद्धि को गति देने, वैश्विक साझेदारी को प्रोत्साहित करने और निर्माण सामग्री उद्योग में हमारे देश की अद्वितीय क्षमताओं को प्रदर्शित करने में उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा।₹ आगंतुकों और प्रदर्शकों के लिए अवसर आगंतुकों के लिए, वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025 नवीनतम रुझानों का पता लगाने, उद्योग के नेताओं के साथ नेटवर्क बनाने और भविष्य के बाजार दिशाओं में अंतर्दृष्टि प्राप्त करने का एक अद्वितीय अवसर प्रदान करता है। यह आयोजन विशेष रूप से आर्किटेक्ट, बिल्डरों, इंटीरियर डिजाइनरों और खरीद पेशेवरों के लिए फायदेमंद है जो अभिनव और लागत प्रभावी समाधान चाहते हैं। दूसरी ओर, प्रदर्शकों को अंतरराष्ट्रीय खरीदारों और घरेलू हितधारकों सहित अत्यधिक लक्षित दर्शकों के संपर्क से लाभ होगा। मंच को सार्थक व्यावसायिक संबंधों को बढ़ावा देने, निर्यात अवसरों को सुविधाजनक बनाने और उद्योग में स्थायी प्रथाओं को अपनाने को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है।₹यह एक्सपो केवल एक व्यापार कार्यक्रम नहीं है; यह नवाचार, स्थिरता और सहयोग का उत्सव है। यह आत्मनिर्भर और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी भारत को आकार देने में निर्माण सामग्री क्षेत्र की भूमिका को रेखांकित करता है। वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025 के आयोजक ने कहा कि ₹प्रदर्शकों के लिए, वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025 अद्वितीय प्रदर्शन और नए व्यावसायिक अवसरों का प्रवेश द्वार है, जबकि आगंतुकों को निर्माण के भविष्य को आकार देने वाली नवीनतम तकनीकी प्रगति और रुझानों की व्यापक समझ प्राप्त होगी,₹ राजकोट हार्डवेयर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष पटेल ने कहा। स्थिरता और नवाचार को बढ़ावा देना स्थिरता पर वैश्विक फोकस के साथ संरेखित, एक्सपो पर्यावरण के अनुकूल सामग्री, ऊर्जा-कुशल विनिर्माण प्रक्रियाओं और किफायती आवास समाधानों पर प्रकाश डालेगा।

## दिल्ली की गंदगी हरियाणा साफ नहीं करेगा, केजरीवाल पर अनिल विज का पलटवार

प्रात: किरण संवाददाता



अंबाला। हरियाणा के मंत्री अनिल विज ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के उन आरोपों का जवाब दिया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि हरियाणा सरकार यमुना के पानी को जहर दे रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि हरियाणा सरकार नदी को साफ करने में विफल रही है। एएनआई से बात करते हुए विज ने कहा कि अपनी कमजोरियों के लिए दूसरों को दोष देना केजरीवाल की पुरानी आदत है। 10 साल से आम आदमी पार्टी सत्ता में हैं, उनको यमुना को साफ करना चाहिए था।

गुणवत्ता की जांच कराएं, साफ हो जाएगा कौन जिम्मेदार अनिल विज ने कहा कि केजरीवाल कह रहे हैं कि हरियाणा से गंदा पानी आ रहा है, इसलिए अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों की एक टीम बनाकर सोनीपत और ओखला में पानी की गुणवत्ता की जांच करवाएं। इससे साफ हो जाएगा कि कौन जिम्मेदार है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली के प्रदूषण को साफ करना हरियाणा की जिम्मेदारी नहीं है। हरियाणा दिल्ली की गंदगी को साफ नहीं करेगा। यह केजरीवाल का काम था, लेकिन वह अपने काम में विफल रहे। राम रहीम के पैरोल पर भी दिया बयान उन्होंने डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत सिंह उर्फ राम रहीम को 30 दिन की पैरोल दिए जाने पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि पैरोल कानून के अनुसार दी जाती है। यह किसी को भी ऐसे ही नहीं दी जाती। खरगे ने हिंदू धर्म का अपमान किया-विज इस बीच, विज ने कुंभ को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की हालिया टिप्पणियों की भी आलोचना की और उन्हें हिंदू धर्म का अपमान बताया। विज ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जी ने कुंभ का आयोजन करने वालों पर कटाक्ष करके हिंदू धर्म का अपमान किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि धर्म व्यक्तिगत आस्था का मामला है और लोग अपने तरीके से अनुष्ठान करने के लिए स्वतंत्र हैं।

खरगे को कान पकड़कर माफी मांगनी चाहिए विज ने कहा कि धर्म आस्था का मामला है, कुछ लोग पूर्व की ओर प्रार्थना करते हैं और कुछ लोग पश्चिम की ओर। हमारा संविधान हमें अपने तरीके से अपने धर्म के अनुष्ठान करने की अनुमति देता है। उन्होंने आगे कहा कि खरगे जी को सारे हिंदू समाज से कान पकड़कर माफी मांगनी चाहिए। विज ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर खड़गे की टिप्पणियों पर भी टिप्पणी की और कहा कि आरएसएस इस देश का सबसे बड़ा राष्ट्रवादी संगठन है। मल्लिकार्जुन खड़गे को दूर से खड़े होकर टिप्पणी करना उचित नहीं है। अगर आप आरएसएस को समझना चाहते हैं, तो कुछ दिनों के लिए शाखा में जाकर भाग लें।

## आप उम्मीदवार एम्बुलेंस मैन जितेंद्र सिंह शंटी ने दिलशाद गार्डन में मुख्य अतिथि हरभजन सिंह के साथ रोड शो किया

प्रात: किरण संवाददाता



आप प्रत्याशी जितेंद्र सिंह शंटी, जिन्हें एम्बुलेंस मैन के नाम से भी जाना जाता है, ने दिलशाद गार्डन में एक शक्तिशाली रोड शो का आयोजन किया, जिसमें क्रिकेट के दिग्गज और सांसद हरभजन सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में उनका समर्थन किया। शंटी, जो लंबे समय से आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा के लिए समर्पित है, स्थानीय निवासियों के साथ जुड़े हुए हैं, स्वास्थ्य देखभाल, बुनियादी ढांचे और सामुदायिक कल्याण में सुधार के लिए अपनी प्रतिबद्धता पर जोर देते हैं। हरभजन सिंह ने शंटी की निस्वार्थ सेवा की प्रशंसा की और समुदाय से आगामी चुनावों में उनका समर्थन करने का आग्रह किया। रोड शो में उत्साही स्थानीय लोगों की भारी भागीदारी देखी गई, जिन्होंने बेहतर शाहदरा के लिए शंटी के दृष्टिकोण का समर्थन किया। आशा और प्रगति के मजबूत संदेशों के साथ, शंटी ने एक स्वस्थ और सुरक्षित समुदाय की दिशा में काम करना जारी रखने की कसम खाई।

## केंद्रीय राज्य मंत्री ने किया गौशाला का लोकार्पण

प्रात: किरण संवाददाता

बदायूँ: केंद्रीय राज्यमंत्री बी0एल0 वर्मा ने मंगलवार को सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव के साथ नगर पंचायत वजीरगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुठेला में नवनिर्मित कान्हा गौशाला का लोकार्पण किया। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार निराश्रित गौवंशों के संरक्षण पर अनुकरणीय कार्य कर रही है। उन्होंने गौशाला का निरीक्षण कर की गई व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। करीब एक एकड़ से अधिक के क्षेत्र में फैली यह गौशाला रूपए 01 करोड़ 61 लाख की लागत से बनाई गई है। यहां 200 से अधिक निराश्रित गोवंशों का संरक्षण किया जा सकता है।

केंद्रीय राज्यमंत्री बी0एल0 वर्मा ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार निरंतर अनेकों विकासपरक कार्य कर रही है। राशन कार्ड धारकों को पी0ओ0पी0 मशीन के माध्यम से राशन दिया जा रहा है। निष्पक्षता व पारदर्शिता से योजनाओं का लाभ लाभार्थियों तक पहुंचा जा रहा है। उन्होंने बताया कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री कहा करते थे कि उनकी सरकार जब एक रुपए किसी लाभार्थी को भेजती है तो उसके पास दस पैसे ही पहुंचते हैं, लेकिन आज की वर्तमान सरकार में अगर 01 रुपए भेजे जाते है तो लाभार्थी के पास 01 रुपए ही पहुंचते है क्योंकि सब पारदर्शिता के साथ डी0बी0टी0 के माध्यम से भेजा जाता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार योगी जी के नेतृत्व में उत्तरोत्तर वृद्धि कर रही है, निराश्रित गोवंशों का संरक्षण प्राथमिकता पर कराया जा रहा है। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि भारत विश्व गुरु बनेगा। उन्होंने कहा कि अच्छा सोचो तो अच्छा होगा आज नहीं तो कल होगा।

जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने कहा कि वजीरगंज क्षेत्र के ग्राम हथरा से मुरैना रोड पर ग्राम गुठेला में निराश्रित गोवंशों को गौशाला का लोकार्पण किया गया। यह गौशाला रूपए 01 करोड़ 61 लाख की लागत से बनाई गई है। इसका कार्य सितंबर 2024 के मध्य में प्रारंभ हुआ था। गौशाला करीब एक एकड़ से अधिक के क्षेत्र में फैली है। यहां 200 से अधिक निराश्रित गोवंशों का संरक्षण किया जा सकता है। वर्तमान में 21 निराश्रित गोवंश गौशाला में संरक्षित हैं।

उन्होंने बताया कि इसी गौशाला के समीप एक वृहद गौशाला का निर्माण भी कराया जाएगा। इसके लिए जमीन का चिन्हाकन किया जा चुका है तथा इसका डीपीआर भी तैयार किया जा चुका है। इसका निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ किया जाएगा। डीएम ने सहभागिता योजना में योगदान देने की अपील भी की। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत कछला में भी गौशाला का निर्माण कराया जा रहा है। जिसका निर्माण कार्य चल रहा है। इसका लोकार्पण भी जल्द कराया जाएगा।

अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत वजीरगंज अखिलेश कुमार ने जानकारी देते बताया कि वर्तमान में कान्हा गौशाला में 21 निराश्रित गोवंश संरक्षित हैं। सर्वप्रथम इसमें वजीरगंज व सैदपुर नगर पंचायत के निराश्रित गोवंशों को रखा जाएगा तथा अन्य नगर पालिका, नगर पंचायत व ग्राम पंचायत के निराश्रित गोवंशों को भी रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि गौशाला में पेयजल व्यवस्था, शेड व्यवस्था, निकलने के लिए कच्चा मार्ग, ठंड से बचाव के लिए अलाव, झूल आदि का की व्यवस्था है साथ ही पर्दे भी लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस कान्हा गौशाला में गोबर से गोबर बायोगैस का निर्माण भी किया जाएगा। इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी प्रशासन अरुण कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## डीएम की अध्यक्षता वाली समिति ने चयनित किये 24 पशुपालक

### दूध की उत्पादकता बढ़ाना और ग्रामीण इलाकों में रोजगार सृजन योजना का उद्देश्य

प्रात: किरण संवाददाता

बदायूँ: जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में नंद बाबा गौ संवर्धन योजना अंतर्गत 12 पुरुष व 12 महिला पशुपालकों को चयनित किया। कंप्यूटर पर रैंडमली सिलेक्ट हुए प्रत्येक लाभार्थी को 02 लाख रुपए दिए जाएंगे, जिसमें उसे 60 हजार-60 हजार रुपए की दो गिरी या साहिवाल आदि स्वदेशी नस्ल की गाय प्रदेश के बाहर से खरीदनी होगी तथा 80 हजार रुपए उसे गौशाला, चारा कटिंग, स्टोर आदि व्यवस्थाओं के लिए दिए जाएंगे।

जिलाधिकारी ने बताया कि नंद बाबा दुग्ध मिशन के तहत गौ संवर्धन योजना है। इस योजना का मकसद उत्तर प्रदेश में दूध की उत्पादकता बढ़ाना और ग्रामीण इलाकों में रोजगार के अवसर पैदा करना है। इस योजना के तहत देशी उन्नत नस्ल की गायें खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 समदर्शी सरोज ने बताया कि योजना के तहत ऑफलाइन आवेदन मांगे गए थे। जिसमें से 19 महिला तथा 34 पुरुष अभ्यर्थियों ने आवेदन किए थे। इनमें से स्क्रीनिंग करते समय महिलाओं के सात आवेदन अपूर्ण होने पर उन्हें निरस्त कर दिया गया, योजना अंतर्गत 12 पुरुष व 12 महिला पशुपालकों का चयन किया जाना था। उन्होंने बताया कि 34 पुरुष पशुपालकों द्वारा आवेदन किए गए जिनका मंगलवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली समिति ने कंप्यूटर पर रैंडमली सेलेक्ट कर 12 पुरुष पशुपालकों का चयन किया।

उन्होंने बताया कि योजना अंतर्गत 12 पुरुष व 12 महिलाओं का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि योजना अंतर्गत आवेदक 18 वर्ष से अधिक आयु का होना चाहिए। वह उत्तर प्रदेश का निवासी होना चाहिए तथा पशुपालन का इच्छुक होना चाहिए। उसके पास पांच बीघा जमीन होनी चाहिए। लाभार्थी को प्रदेश के बाहर से पशु खरीदने होंगे। पशुओं का 03 साल का पशु बीमा भी कराया जाता है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा, प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी व उपायुक्त एनआरएलएम बृजेश शुक्ला सहित अन्य अधिकारी व समिति सदस्य मौजूद रहे।

## स्योहारा में हुआ मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम आयोजित

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब परिवारों के लिये है वरदान- अशोक राणा विधायक

प्रात: किरण संवाददाता





स्योहारा। शासन के आदेश पर खण्ड विकास कार्यलय बुढ़नपुर स्योहारा ने कार्यालय ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का आयोजन कराया। जिसमे मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 20 मुस्लिम जोड़ो सहित 201 जोड़ों की शादी हुई। खंड विकास कार्यालय द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 20 मुस्लिम लड़कियों सहित 201 हिंदू मुस्लिम जोड़ों की शादी संपन्न की गई। सोमवार को धामपुर रोड स्थित भाग्य श्री विवाह मंडप में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 181 हिन्दू व 20 मुस्लिम जोड़ों सहित 201 जोड़ों की शादी कराई गई। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर की गई।शांति कुंज परिवार से आये पंडित रुपेन्द्र कुमार व चारुल सिंह ने विधि विधान के साथ विवाह की रस्मे पूर्ण कराई। शासन की ओर से सभी कन्याओं को बर्तन व कुछ चांदी की चीजें भी शगुन के तौर पर भेंट की गई। भाजपा विधायक धामपुर अशोक कुमार राणा, स्योहारा ब्लोक प्रमुख उज्जवल चौहान व खंड विकास अधिकारी रामकुमार ने सभी वर वधु को आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा ने कहा कि भाजपा सरकार कन्या के जन्म से लेकर उसके विवाह तक की जिम्मेदारी के लिए तरह तरह की अनेक योजनाएं क्रियान्वित कर रही है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत गरीब कन्याओं की शादी होने से माता पिता का काफी खर्च बचता है। यह योजना गरीब परिवारों के लड़के, लड़कियों के लिए वरदान साबित हो रही है उन्होंने कहा योगी सरकार प्रदेश के हर व्यक्ति के लिए निष्पक्ष कार्य कर रही है ब्लोक प्रमुख उज्जवल चौहान ने कहा कि भाजपा बिना भेदभाव किये सभी वर्गों के लिए अनेक योजनाएं लागू कर रही है।कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी रामकुमार, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भटनागर, एडीओ पंचायत राजनारायण सिंह, एडीओ साहकारिता उदय भान यादव, एडीओ समाज कल्याण अरुण कुमार, मौहम्मद आदिल ग्राम प्रधान सहसपुर देहात, यामीन अहमद ग्राम प्रधान शफियाबाद मंदौरी, नोडल अधिकारी राजवीर सिंह, आशीष कुमार, गजपति सिंह, माधव राणा, अमित कुमार, विपुल कुमार, शुभम कुमार, विवेक राजपूत, कविराज सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन ग्राम सैकेट्री आशीष कुमार ने किया।

## खेलों भारत अभियान के तहत चार दिवसीय वार्षिक स्पोर्ट्स मीट रणभूमि-2025 का समापन

- जीवन की किसी भी स्पर्धा में हार नाम की कोई चीज नहीं होती, या तो हम जीतते हैं, या फिर सीखते हैं, इसलिए युवा विभिन्न स्पधाओं में प्रतिभाग अवश्य करे: श्री सुधीर गिरि
- खेलो इण्डिया, फिट इण्डिया जैसी खेल प्रोत्साहन योजनाओं से राष्ट्रीय / अन्तर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भारतीय युवा अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं: डा. राजीव त्यागी

प्रात: किरण संवाददाता



अमरोहा/गजरौला।श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय / संस्थान स्कूल ऑफ नर्सिंग की ओर से वार्षिक स्पोर्ट्स मीट रणभूमि-2025 का शानदार समापन हुआ, जिसमें अलग-अलग हाउस (रेड हाउस, ग्रीन हाउस, यलो हाउस एवं ब्लू हाउस) के लगभग 1200 से अधिक खिलाड़ियों ने दो दर्जन से अधिक खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया । चार दिनों से चली इस खेल महाकुम्भ में आज मंगलवार को समापन पर विजेता टीम एवं खिलाड़ियों को संस्थान की ओर से ट्रॉफी, मेडल एवं सर्टीफिकेट देकर सम्मानित किया गया। श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के मेजर ध्यानचन्द ओपन खेल परिसर में खेल महाकुम्भ वार्षिक स्पोर्ट्स मीट रणभूमि-2025 का समापन सेरेमनी का मुख्य अतिथि श्री हरि सिंह ढिल्लों, संस्थापक अध्यक्ष डा.सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डा.राजीव त्यागी, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संयोजक आकाश यादव ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। अपने सम्बोधन में संस्थापक अध्यक्ष श्री सुधीर गिरि ने कहा कि खेल ही नहीं बल्कि जीवन की किसी भी स्पर्धा में हम कभी हारते नहीं है, जब हम किसी स्पर्धा में प्रतिभाग करते हैं तो, या तो हम जीतते हैं या फिर सीखते हैं कि हमारे प्रदर्शन में कहाँ कमी रह गयी। इसलिए युवा विभिन्न स्पधाओं में प्रतिभाग अवश्य करें।प्रतिकुलाधिपति डा.राजीव त्यागी ने कहा कि फिट इण्डिया खेलो इण्डिया जैसी शानदार योजनाओं से आज भारतीय खिलाड़ी विश्व स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। आज रणभूमि-2025 के अन्तिम दिन रस्साकशी, लम्बी कूद, ऊँची कूद, खो-खो, कबड्डी, भालाफेंक, गोलाफेंक, 100 मीटर दौड़ समेत एक दर्जन प्रतियोगिताओं में विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सी.ई.ओ. अजय श्रीवास्तव, डीन एकेडमिक डा.राजेश सिंह, डा. एना ब्राउन, डा. आशुतोष गौतम, डा. योगेश्वर शर्मा, डा. वी.एन.झा, रीना जोशी, डा. राजवर्धन सिंह, डा. दिनेश गौतम एवं मेरठ परिसर से डा.प्रताप सिंह, डा.विवेक सचान, डा.मोहित शर्मा, मारूफ चौधरी, स्नेहलता गोस्वामी, एस. एस. बघेल, डा. मंजरी राणा, डा. मनीष शर्मा, अनुषा कर्णवाल, रूविना, अखिल कुमार, संजीव कुमार, रश्मि राणा, पूजा ऐरी, नीमा विष्ट, प्रतिभा, रीना नेगी, हरप्रीत कौर, हिमानी, सुमनदीप, पूजा कुमारी, जुनैद, पूजा सिजवाली एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

## अमरोहा महोत्सव के लिए कोर कमेटी गठित

अमरोहा। जिला मुख्यालय पर अमरोहा महोत्सव की तैयारियां शुरू की गई हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने को कोर कमेटी गठित की गई है। एडीएम वित्त एवं राजस्व बृजेश कुमार त्रिपाठी नोडल अधिकारी रहेंगे। एएसपी राजीव सिंह, जिला उद्योग उपायुक्त शैलेंद्र कुमार सदस्य रहेंगे। एसडीएम सदर सुधीर कुमार सहायक नोडल अधिकारी रहेंगे। ईओ अमरोहा बृजेश कुमार सदस्य व संयोजक रहेंगे। महोत्सव में कलाकारों को बुलाने के लिए तैयारी की जा रही है। कार्यक्रम के लिए स्थान व तिथि का निर्धारण भी जल्द किया जाएगा। जल्द ही डीएम स्तर पर तैयारियों को लेकर बैठक भी की जाएगी।

## 56 केंद्र व्यवस्थापकों को दिया नोटिस

अमरोहा। यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर केंद्र व्यवस्थापक गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। 71 में से 56 केंद्रों ने सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर बोर्ड की साइट पर ऑनलाइन नहीं की है। डीआईओएस ने इसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित केंद्र व्यवस्थापकों को नोटिस जारी कर तत्काल डीवीआर से संबंधित कार्रवाई पूरी करने का निर्देश दिया है।

## दौड़ में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर पुलिस चौकी इंचार्ज सम्मानित

प्रात: किरण संवाददाता

बछरायूं। मुंबई में हुई दौड़ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्थानीय मलेशिया पुलिस चौकी इंचार्ज इंगलेश कुमार को एसपी अमित कुमार आनंद ने सम्मानित किया। उन्होंने बीते गुरुवार को मुंबई में आयोजित हुई टाटा मैराथन दौड़ में 55 से 60 वर्ष आयु वर्ग की प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया था। वहां 42 किमी की दौड़ में उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मंगलवार को एसपी कार्यालय पर एसपी ने उन्हें सम्मानित किया। 56 वर्षीय चौकी इंचार्ज ने बताया कि इसके पहले भी वह समय-समय पर मैराथन दौड़ में भाग लेते रहे हैं।

## भाकियू ने गणतंत्र दिवस पर ट्रैक्टरों के साथ निकाली ऐतिहासिक विशाल तिरंगा यात्रा

प्रात: किरण संवाददाता



स्योहारा। भारतीय किसान यूनियन के ब्लाक अध्यक्ष चौधरी गजेन्द्र सिंह टिकैत के नेतृत्व में गणतंत्र दिवस पर बड़ी संख्या में ट्रैक्टरों के साथ विशाल ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा का आयोजन कर गणतंत्र दिवस को धूमधाम से मनाया। जिसमें ट्रेक्टर ट्राली पर किसान मौजूद रहे। इस अवसर पर किसानों की समस्याओं को हल करने और गन्ना मूल्य व्रद्धि को लेकर शासन प्रशासन से मांग भी की। रविवार को गन्ना समिति पर सभी किसान एकत्र होकर ट्रैक्टरों से मिल चौराहा, थाना चौराहा, स्टेशन रोड से वापस गन्ना समिति पहुंचे। भाकियू ब्लोक अध्यक्ष गजेंद्र सिंह टिकैत ने बताया कि राष्ट्रीय आह्वान पर पर पूरे प्रदेश भर में हर ब्लॉक स्तर पर टेक्टर मार्च निकाला गया है। राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पर किसानों ने अनोखे ढंग से सरकार तक अपनी समस्याएं पहुंचाने का काम किया है। उनका कहना है कि गन्ने का मूल्य ₹500 प्रति कुंतल होना चाहिए। यूरिया खाद का बैग 50 किलो का जो पहले था वही रहना चाहिए। छुट्टा पशु और गुलदार से किसान बहुत परेशान है जिससे प्रशासन को सख्त कदम उठाकर इनका सही बंदोबस्त किया जाए।

जिससे किसान अपने खेतों में ठीक से काम कर सके। भारी संख्या में ट्रैक्टरों की भीड़ देखकर सभी किसान योद्धाओं का धन्यवाद किया गया। इस अवसर पर गजराम सिंह, रामचरण सिंह, रातूल त्यागी, वीर सिंह, बबली, आलोक सिंह, अजीम खान, भूपेंद्र सिंह, सतवीर सिंह आदि बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। चौधरी उसमान अली खां चौराहे पर किसानो की तिरंगा यात्रा के पहुंचने पर तिरंगा यात्रा का कांग्रेस के नगर अध्यक्ष खलीक चौधरी,सुलेमान चौधरी,सलीम चौधरी, अजीम चौधरी उर्फ जॉनी,अयान चौधरी आदि ने पुष्प माला के साथ स्वागत किया। और ट्रेक्टर तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। यात्रा के पूरे समय कानून व्यवस्था बनाने के लिए थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार और नायब तहसीलदार स्योहारा राजकमल आदि अपने अपने स्टाफ के साथ उपस्थित रहे।

## गांवों में टंकियों के चालू नहीं होने पर जताया रोष

रहरा। हर घर जल, हर घर नल योजना के तहत गांव में बनी टंकियों के चालू नहीं होने पर भाकियू शंकर पदाधिकारियों ने रोष जताया। टंकियों से पेयजलापूर्ति जल्द शुरू कराने की मांग की। मंगलवार को ब्लॉक परिसर में आयोजित संगठन की पंचायत में वक्ताओं ने कहा कि पाइपलाइन बिछाने के दौरान उखाड़ी गई सड़कों को तत्काल दुरुस्त कराया जाए। पेराई सत्र के कई माह बाद भी गन्ना मूल्य घोषित नहीं होने पर सरकार की आलोचना की। 450 रुपये प्रति कुंतल गन्ना मूल्य घोषित करने की मांग की। स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के आधार पर किसान आयोग का गठन करने, छुट्टा पशुओं को गोशाला भेजने, पौरारा में शिव मंदिर व देवी मंदिर के बीच खराब हैंडपंप को दुरुस्त कराने, अमरोहा को विकास प्राधिकरण का दर्जा देने, गजरौला में ट्रामा सेंटर खोलने की मांग भी की। किसानों की अन्य समस्याओं को भी उठाया गया। पंचायत के बाद बीडीओ अश्विनी कुमार को ज्ञापन सौंपा गया। धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता व राकेश कुमार के संचालन में आयोजित पंचायत में संगठन के ब्लाक अध्यक्ष योगेंद्र कुमार, शीशपाल सिंह, कमल ठाकुर, राकेश कुमार, सुभाष त्यागी, बालकिशन सिंह, जयप्रकाश गुप्ता, हेमराज सिंह, भक्तमाल, लल्लू सिंह व चरन सिंह आदि रहे।

## मुश्किलों में नायब कैबिनेट! मंत्रियों की संख्या पर हाईकोर्ट में सुनवाई स्थगित





चंडीगढ़। हरियाणा की 90 सदस्यीय 15वीं विधानसभा में कुल विधायकों के 15 फीसदी से ज्यादा मंत्री बनाए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई स्थगित हो गई है। याचिकाकर्ता समय की कमी के कारण अपनी दलीलें पूरी नहीं कर सका, इसलिए कोर्ट ने मामले को शेष दलीलों के लिए चार फरवरी तक स्थगित कर दिया।

इस मामले में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार व केंद्र से जवाब तलब किया हुआ है। याचिका में आरोप लगाया गया कि मंत्रिमंडल में अधिकतम मंत्री 13.5 हो सकते हैं, मगर हरियाणा में इस समय 14 मंत्री हैं, जो कि संविधान संशोधन का उल्लंघन है।

याचिका में लगाया गया संविधान संशोधन के उल्लंघन का आरोप

इस मामले को लेकर एडवोकेट जगमोहन सिंह भट्टी ने याचिका दायर कर बताया कि संविधान के 91वें संशोधन के तहत राज्य में कैबिनेट मंत्रियों की संख्या विधानसभा के कुल विधायकों की संख्या का 15 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकती है।

हरियाणा विधानसभा में कुल विधायकों की संख्या 90 है। ऐसे में संविधान के संशोधन के अनुसार कैबिनेट में अधिकतम मंत्री 13.5 हो सकते हैं। लेकिन हरियाणा में इस समय 14 मंत्री हैं, जो कि संविधान के संशोधन का उल्लंघन है।

याचिका में सीएम सहित इन लोगों को बनाया गया प्रतिवादी

याचिका में भट्टी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, अनिल विज, कृष्णलाल पंवार, राव नरबीर, महिपाल ढांडा, विपुल गोयल, डॉ. अरविंद शर्मा, श्याम सिंह राणा, रणबीर गंगवा, कृष्ण कुमार बेदी, श्रुति चौधरी, आरती राव, राजेश नागर और गौरव गौतम के अलावा केंद्र सरकार व हरियाणा विधानसभा को प्रतिवादी बनाया है।

याचिकाकर्ता में आरोप लगाया गया कि हरियाणा सरकार द्वारा जो मंत्री पद और कैबिनेट रैंक बांटी गई है, उसका सीधा असर जनता पर पड़ रहा है। विधायकों को खुश करने के लिए मंत्रियों की संख्या बढ़ाई जा रही है और उनको भुगतान जनता की गाढ़ी कमाई से किया जाता है।

याचिका में की गई ये मांगे

याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट से अपील करते हुए कहा कि तय संख्या से अधिक मंत्री होने के चलते अतिरिक्त मंत्रियों को हटाया जाए। इसके साथ ही याचिका लंबित रहते उनको मिलने वाले लाभ पर रोक पर रोक लगाए जाने की भी हाईकोर्ट से मांग की गई हैं।

जब मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया था और उसके बाद नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाया गया था और सैनी ने मंत्रिमंडल का विस्तार किया था उसको लेकर भी भट्टी ने याचिका दायर की थी जो अभी हाईकोर्ट में विचाराधीन है।

## राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के कैम्प कार्यालय पर धूमधाम से मनाया गया 76 वां गणतंत्र दिवस

### देश के संविधान ने सभी नागरिकों को दिए बराबर के अधिकार: एम.आर.पाशा

प्रात: किरण संवाददाता



बुढ़नपुर। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन द्वारा रविवार को अपने ही कैंप कार्यालय बुढ़नपुर बिजनौर उत्तर प्रदेश पर 76 वे गणतंत्र दिवस का उत्सव बड़े ही धूमधाम से बनाया गया। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा के नेतृत्व में कार्यकर्ता व पदाधिकारी द्वारा 76 वे गणतंत्र दिवस झंडा फहराया गया। और पदाधिकारी द्वारा राष्ट्रगान गाया गया। और तिरंगे को सलाम किया गया। तथा और दिव्यांगों के साथ- साथ गणमान्य लोगों व समाजसेवी ने भी हिस्सा लिया। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के पदाधिकारी उस्मान चांद द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने के बाद रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। तथा कार्यक्रम में अतिथि आए एसोसिएशन के पदाधिकारियों की कार्यक्रम को देख सराहना की। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम.आर. ने कहा हमारे देश का संविधान बहुमूल्य है हमें इसमें निष्ठा रखनी चाहिए और हमारे देश के संविधान में सभी नागरिकों को बराबर के अधिकार दिए हैं प्रत्येक नागरिक को अपने कर्तव्यों को भी समझना चाहिये।उन्होंने भारतवर्ष के राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के पदाधिकारियों को 76 वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कहा की आज कि पूरे देश में गणतंत्र दिवस बनाया जा रहा है। ये एक लोकतंत्र का पर्व हैं हम सबको इसे बहुत खुशी के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि किसी भी राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के पदाधिकारी और कार्यकताओं का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर फिरोज आलम,मौ आजम अंसारी,अमित ठाकुर,उस्मान चांद,इंतजाम,सितारे आलम,मास्टर शहजाद गोविंदपुर वाले,नकुल, सुशील,इकबाल उस्मानी,नाज़िश, शकील सलमानी,मौलाना इनामुल हक आदि कार्यकर्ता पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# सनातन धर्म में एकादशी को नरक से मुक्ति और मोक्ष दिलाने वाला व्रत माना जाता है

जितेन्द्र कुमार सिन्हा



पंचांग के अनुसार, प्रत्येक माह में कृष्ण पक्ष और शुक्ल पक्ष में एकादशी तिथि पड़ती है। पुराणों में माघ माह को बड़ा ही पुण्यदायी माना जाता है। इस माह में स्नान और दान करना बेहद उत्तम माना जाता है। मान्यता है कि माघ माह में स्नान, दान और व्रत का फल अन्य महीनों से अधिक मिलता है। माघ माह की कृष्ण पक्ष की एकादशी को षटतिला एकादशी भी कहा जाता है। पुराणों के अनुसार, इस व्रत के प्रभाव से मनुष्य के अनजाने में किये गए सभी पाप समाप्त हो जाते है और उन्हें स्वर्ग की प्राप्ति होती है। इसलिए कहा गया है कि माघ मास में व्यक्ति को पूरे माह अपनी समस्त इन्द्रियों पर काबू रखना चाहिए और काम, क्रोध, अहंकार, बुराई तथा चुगली का त्याग कर भगवान की शरण में रहना चाहिए। सनातन धर्म में एकादशी व्रत को बहुत ही उत्तम माना गया है। इस व्रत का पालन करने से व्यक्ति के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं और भगवान विष्णु की कृपा बनी रहती है। एकादशी व्रत भक्तिपूर्वक करने से व्यक्ति को कभी भी पिशाच या प्रेत योनि में नहीं जाना पड़ता है और मृत्यु के बाद मोक्ष की प्राप्ति होती है। एकादशी का दिन भगवान विष्णु को समर्पित है, इसलिए इस दिन साफ और सच्चे मन से भगवान का गुणगान करना चाहिए और इस दिन अपने गुस्से पर नियंत्रण रख कर मधुर वाणी का प्रयोग करना चाहिए। मान्यता है कि जो लोग एकादशी व्रत नही करते हैं, उन्हें खान-पान और व्यवहार में सात्विक रहना चाहिए। एकादशी के दिन लहसुन, प्याज, मांस, मछली, अंडा आदि नहीं खाना चाहिए और झूठ, ठगी एवं अन्य तामसी कार्यों का त्याग करना चाहिए।एकादशी के दिन चावल खाना भी वर्जित माना जाता है। एकादशी व्रत दो प्रकार से रखा जाता है। निर्जला और फलाहारी या जलीय व्रत। निर्जला व्रत पूर्ण रूप से स्वस्थ व्यक्ति को ही रखना चाहिए। सामान्य लोगों को फलाहारी या जलीय व्रत रखना चाहिए। प्रत्येक माह में 15-15 दिन पर एकादशी आती है। एकादशी का व्रत पाप और रोगों को खत्म कर देता है। वृद्ध, बालक और बीमार व्यक्ति को एकादशी नही करना चाहिए लेकिन सभी लोगों को एकादशी के दिन चावल का त्याग अवश्य करना चाहिए। शास्त्र अनुसार एकादशी के दिन जो व्यक्ति चावल खाता है तो उसे एक-एक चावल एक-एक कीड़ा खाने का पाप लगता है। इसलिए एकादशी के दिन व्रत न भी किया हो तो भी चावल का परित्याग अवश्य करना चाहिए। एकादशी के दिन घर में झाड़ू भी नहीं लगाना चाहिए, क्योंकि चींटी आदि सूक्ष्म जीवों की झाड़ू से मृत्यु होने का भय रहता है। एकादशी व्रत रखने वालों को इस दिन बाल नहीं कटवाना चाहिए और न ही अधिक बोलना चाहिए, क्योंकि अधिक बोलने से मुख से न बोलने वाले शब्द भी निकल जाते हैं। एकादशी के दिन यथा शक्ति दान करना चाहिए, लेकिन किसी का दिया हुआ अन्न आदि कदापि ग्रहण नहीं करना चाहिए। सनातन धर्म में माघ माह के एकादशी को नरक से मुक्ति और मोक्ष दिलाने वाला माना जाता है। इस माह में पड़ने वाली एकादशी इस बात को बताती है कि धन आदि की तुलना में अन्नदान सबसे बड़ा दान है। मुनि श्रेष्ठ पुलस्त्य ने दाल्भ्य के नरक से मुक्ति पाने के उपाय के विषय में बताते हुए कहा है कि मनुष्य को माघ माह में अपनी इंद्रियों पर नियंत्रण रखते हुए क्रोध, अहंकार, काम, लोभ और चुगली आदि का त्याग कर देना चाहिए और माघ मास के कृष्णपक्ष की एकादशी का व्रत करना चाहिए।

वर्ष 2025 में पड़ने वाली 24 एकादशी में, जनवरी माह में 10 जनवरी को पुत्रदा एकादशी (बैकुंठ एकादशी, द भ) और जनवरी को षट्तिला एकादशी, फरवरी माह में 08 फरवरी को जया एकादशी (भैमी एकादशी, बंगाल) और 24 फरवरी को विजया एकादशी, मार्च माह में 10 मार्च को आमलकी एकादशी और 26 मार्च को भागवत एकादशी, अप्रैल माह में 08 अप्रैल को कामदा एकादशी और 24 अप्रैल को बरूथिनी एकादशी, मई माह में 08 मई को मोहिनी एकादशी और 23 मई को अपरा एकादशी (जलक्रीडा एकादशी, उड़ीसा एवं भद्रकाली एकादशी, पंजाब), जून माह में 06 जून को निर्जला स्मार्त एकादशी और 22 जून को भागवत एकादशी, जुलाई माह में 06 जुलाई को देवशयनी आषाढ़ी एकादशी (रविनारायण एकादशी, उड़ीसा) और 21 जुलाई को कामिका एकादशी, अगस्त माह में 05 अगस्त को पुत्रदा एकादशी (पवित्रा एकादशी) और 19 अगस्त को अजा एकादशी, 03 सितंबर को परिवर्तिनी एकादशी, 17 सितंबर को इंदिरा एकादशी (एकादशी श्राद्ध), सितंबर माह में 03 अक्टूबर को पाशांकुशा एकादशी और 17 अक्टूबर को रमा एकादशी, नवंबर माह में 02 नवंबर को भागवत एकादशी और 15 नवंबर को उत्पत्ती एकादशी, दिसंबर माह में 01 दिसंबर को मोक्षदा एकादशी (मौनी एकादशी, जैन) और 15 दिसंबर को सफला एकादशी है।

# मुफ्त की रेवड़ियों से बनती सरकार कितनी लाचार कितनी दमदार..!

दरअसल दिल्ली विधानसभा चुनाव, गठन के बाद से ही बेहद अलग, दिलचस्प और इतर राजनीतिक पहचान को लेकर चर्चित रहे हैं। यह सही है कि मौजूदा सरकार के सुप्रीमों केजरीवाल जैसी मुफ्त की रेवड़ियों का वादा सभी पार्टियां और राज्य न केवल करने लगे हैं बल्कि पूरा भी करते हैं। ऐसे में इस बार के चुनाव वाकई दिल्ली वालों के लिए हर हाथ में लड्डू जैसे होंगे। इतना है कि इस बार मुकाबला न केवल कांटे का बल्कि त्रिकोणीय सा बनता जा रहा है। लेकिन यह भी सच है कि सरकार किसी की बने लुभावनी योजनाओं का अंबार होगा। इससे दिल्ली की कितनी तकदीर बदलेगी यही देखने लायक होगा। दिल्ली का चुनावी सफर भी दिलचस्प है। 1952 में पहली बार राज्य विधानसभा का गठन हुआ तब 48 सीटें थीं। कांग्रेस ने 36 सीटों पर जबरदस्त जीत दर्ज की। 34 वर्ष के चौधरी ब्रम्ह प्रकाश मुख्यमंत्री बने जो नेहरू जी की पसंद थे। दरअसल कांग्रेस देशबंधु गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाना चाह रही थी लेकिन एक हादसे में उनकी मृत्यु के चलते ब्रम्ह प्रकाश एक्सीडेण्टल मुख्यमंत्री बने। बेहद साधारण पृष्ठभूमि से आने वाले रेवाड़ी के निवासी ब्रम्ह प्रकाश कभी भी मुख्यमंत्री आवास में नहीं रहे। बिना तामझाम काम करते और जनसाधारण के बीच रहते। 1955 में कांग्रेस ने गुरमुख निहाल सिंह को मुख्यमंत्री बनाया जो 1956 तक रहे। राज्य पुनर्गठन आयोग की सिफारिशों के चलते साल भर बाद दिल्ली विधानसभा भंग हुई। 1966 में इसकी जगह मेट्रोपोलिटन काउंसिल बनी। इसमें 56 निर्वाचित और पांच मनोनीत सदस्यों का प्रावधान था। लेकिन 1991 में 69वें संविधान संशोधन के जरिए दिल्ली विधानसभा की व्यवस्था हुई और 1992 में परिसीमन और 1993 में चुनाव हुए। 1993 में भाजपा बहुमत में आई। मदन लाल खुराना मुख्यमंत्री बने और 1956 के बाद दिल्ली को कोई मुख्यमंत्री मिला। लेकिन 5 साल में 3 मुख्यमंत्री बदले गए। खुराना को घोटाले के आरोपों के चलते कुर्सी छोड़नी पड़ी फिर साहिब सिंह वर्मा आए और महंगाई के मुद्दे पर ऐसे घिरे कि उन्हें भी इस्तीफा देना पड़ा। इनके बाद सुषमा स्वराज को कमान मिली जो महज 52 दिन मुख्यमंत्री रहीं। 1998 के चुनाव में भाजपा ने सुषमा स्वराज को तो कांग्रेस ने शीला दीक्षित को आगे किया। कांग्रेस की जीत हुई और शीला दीक्षित मुख्यमंत्री बनीं। दिल्ली में फ्लाई ओवरों का जाल, मेट्रो रेल का विस्तार, डीजल की जगह सीएनजी के उपयोग को बढ़ावा और हरियाली पर खास ध्यान सहित दूसरे काम उनकी पहचान बने। 1998 से 2013 तक तीन बार लगातार दिल्ली की सत्ता पर कांग्रेस और शीला दीक्षित काबिज रहीं। इस बीच 2011 में जन लोकपाल विधेयक की मांग पर दिल्ली में अन्ना आंदोलन हुआ। अप्रेल में 5 दिन का आमरण अनशन और दोबारा 16 अगस्त से फिर अनशन बैठते ही देश भर में आन्दोलनों की दस्तक हुई। आखिर संसद में बिल पास हुआ और देखते-देखते अरविन्द केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, आतिशी और कई चेहरे भारतीय राजनीति के नए हीरो बन गए। आम आदमी पार्टी ने 2013 का दिल्ली चुनाव लड़ा और 15 वर्षों से काबिज कांग्रेस सरकार गिरा दी। 70 सीटों में भाजपा ने 32 जीती फिर भी बहुमत से दूर रही। आम आदमी पार्टी 28 सीटें जीतने के बाद कांग्रेस की 7 सीटों के समर्थन से सरकार बनाने में कामियाब रही और अन्ना आन्दोलन से उपजे केजरीवाल पहली बार मुख्यमंत्री बने। कहते हैं राजनीति शह-मात का खेल है। आप और कांग्रेस की नहीं निभी। आखिर 49 दिन में सरकार गिर गई और राष्ट्रपति शासन लग गया। 2015 में फिर चुनाव हुए। इसमें दिल वालों की दिल्ली ने केजरीवाल पर अपनी उम्मीदों की बख्शीस खूब लुटाई। 70 में से 67 रिकॉर्ड सीटें जीतकर केजरीवाल भारतीय राजनीति के नए सितारे बन गए।

# महात्मा गांधी की पुण्यतिथि, प्राकृतिक चिकित्सा और महात्मा गांधी

**प्राकृतिक चिकित्सक रोगी की खास तरह की बीमारी को खत्म करके ही संतुष्ट नहीं हो जाता। आम डॉक्टरों में ज्यादातर की इतनी ही दिलचस्पी रहती है कि वह रोगियों के रोग को और उसके लक्षणों को समझ ले और उसका इलाज खोज निकाले और इस तरह सिर्फ रोग संबंधी बातों का ही अभ्यास करें। दूसरी तरफ प्राकृतिक चिकित्सा करने वाले को तंदुरुस्ती के नियमों का अभ्यास करने में ज्यादा दिलचस्पी होती है। जहां आम डॉक्टरों की दिलचस्पी खत्म हो जाती है वहीं प्राकृतिक चिकित्सकों की सच्ची दिलचस्पी शुरू होती है। प्राकृतिक चिकित्सा की पद्धति से रोगी की बीमारी को बिल्कुल मिटा देने के साथ ही उसके लिए एक ऐसी जीवन पद्धति शुरुआत होती है जिसमें बीमारी के लिए कोई गुंजाइश ही नहीं रह जाती है। इस तरह प्राकृतिक चिकित्सा बेहतर जीवन जीने की एक पद्धति है, रोग मिटाने की पद्धति नहीं।**





**नारायण भाई भट्टाचार्य**
**लेखक**

महात्मा गांधी ने आधुनिक भारतीय इतिहास में राजनीति, दर्शन और सामाजिक सुधार में महत्वपूर्ण और अद्भुत योगदान दिया। इन सबके साथ गाँधी जी को प्राकृतिक चिकित्सा का भी बहुत गहरा ज्ञान था। उन्होंने बड़े पैमाने पर मानव स्वास्थ्य, मानव रोगों और उनके इलाज पर लिखा है और अपने प्राकृतिक चिकित्सा के ज्ञान का प्रयोग भी किया है। गाँधी जी का विचार था कि जिस व्यक्ति के पास स्वस्थ शरीर, स्वस्थ दिमाग और स्वस्थ भावनाएं होती हैं, वही स्वस्थ व्यक्ति होता है। उनका विचार था कि स्वस्थ रहने के लिए केवल शारीरिक शक्ति आवश्यक नहीं है। एक स्वस्थ व्यक्ति को अपने शरीर के बारे में पर्याप्त जानकारी होनी चाहिए। गाँधी जी ने मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के बीच के संबंधों को समझाया। गाँधी जी का विचार था कि स्वस्थ शरीर के लिए स्वस्थ पाचन आवश्यक है। इस प्रकार, महात्मा गाँधी राजनैतिक, सामाजिक, धार्मिक और आर्थिक विचारों के साथ अपने स्वास्थ्य सम्बन्धी विचारों एवं प्रयोगों के कारण भी अपना एक विशेष महत्व रखते हैं आधुनिक भारत में प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा देने में महात्मा गांधी का बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने प्राकृतिक चिकित्सा को प्रचलित करने के लिए उरली काँचन में एक केंद्र की स्थापना की। उन्होंने स्वयं और अपने परिवार के सदस्यों का भी निसर्ग उपचार करके उदाहरण पेश किया। गांधी जी के मन में रोगियों की सेवा सुश्रुषा करने और गरीबों की सेवा करने की उत्कंठा हमेशा बनी रहती थी। कुदरत के निकट रहकर बिताए जाने वाले सादे और सरल जीवन की बहुत कद्र करते थे। ऐसा सादा सरल जीवन जी कर ही उन्होंने स्वास्थ्य के सादे नियम बनाए थे और उन पर अमल भी किया था। शाकाहार और जलाहार में उनकी आस्था थी। इसी कारण से उन्होंने आहार संबंधी अनेक सुधार किए, जिनका आधार व्यक्तिगत प्रयोगों से प्राप्त परिणामों पर था। डॉक्टर लुई कुनै ने प्राकृतिक उपचार पर जो कुछ लिखा है, उससे महात्मा गांधी बहुत अधिक प्रभावित हुए थे। गांधी जी ने दक्षिण अफ्रीका में जबसे लुई कुनै की पुस्तक ह्लन्यू साइंस ऑफ हीलिंगह्व और एडॉल्फ जस्ट की पुस्तक ह्लरिटर्न टू नेचरह्व का अध्ययन किया तो वे प्राकृतिक चिकित्सा के लिए पूर्ण समर्पित हो गए।

पूर्व प्रधानमंत्री और निसर्ग उपचार की वकालत करने वाले मोरारजी देसाई के मुताबिक मनुष्य का शरीर एक अद्भुत और संपूर्ण यंत्र है जब यह बिगड़ जाता है तो बिना किसी दवा के अपने को सुधार लेता है। बस, उसे ऐसा करने का मौका दिया जाए। अगर हम अपनी खाने पीने की आदतों में संयम का पालन नहीं करते या अगर हमारा मन आवेश भावना या चिंता से क्षुब्ध हो जाता है तो हमारा शरीर अंदर की सारी गंदगी को बाहर नहीं निकाल सकता और शरीर के जिस भाग में गंदगी बनी रहती है, उसमें अनेक प्रकार के जहर पैदा होते हैं यह जहर ही उन लक्षणों को जन्म देते हैं जिन्हें हम रोग कहते हैं। वास्तव में रोग शरीर का अपने भीतर के जहरों से मुक्त होने का प्रयत्न ही है। अगर उपवास करके एनिमा द्वारा आंतें साफ करके कटि स्नान, घर्षण स्नान आदि विविध स्नान करके और शरीर के विभिन्न अंगों की मालिश करके भीतर के जहरों से मुक्त होने की इस प्रक्रिया में हम अपने शरीर की सहायता करें तो वह फिर से पूर्ण स्वस्थ हो सकता है।

गांधी जी की नजर में वास्तव में यही प्राकृतिक उपचार है जिसे उन्होंने जीवन भर प्रयोग किया और प्रचार किया। *कुदरती उपचार* पुस्तक के संपादक भारतन कुमारप्पा के मुताबिक गांधी जी चाहते थे कि आहार के संबंध में मनुष्य प्रकृति के नियमों का पालन करे, शुद्ध और ताजी हवा का सेवन करे, नियमित कसरत करे, स्वच्छ वातावरण में रहे और अपना हृदय शुद्ध रखे। लेकिन आज ऐसा करने की बजाय मनुष्य को आधुनिक चिकित्सा पद्धति के कारण जी भरकर विषय भोग में लीन रहने का, स्वास्थ्य और सदाचार का हर नियम तोड़ने का और उसके बाद केवल व्यापार के लिए तैयार की जाने वाली दवाइयों के जरिए शरीर का इलाज करने का प्रलोभन मिलता है। इन सबके प्रति मन में विद्रोह की भावना होने के कारण गांधी जी ने अपने लिए दवाइयों के उपयोग के बिना रोगों पर विजय पाने का मार्ग खोजने का प्रयत्न किया। आज की चिकित्सा पद्धति रोग को केवल शरीर से संबंध रखने वाली चीज मानकर उसका उपचार करना चाहती है लेकिन गांधी जी तो मनुष्य को उसके संपूर्ण और समग्र रूप में देखते थे इसलिए वे अनुभव से ऐसा मानते थे कि शरीर की बीमारी खासतौर से मानसिक या आध्यात्मिक कारणों से होती है और इसका स्थाई उपचार केवल तभी हो सकता है जब जीवन के प्रति मनुष्य का संपूर्ण दृष्टिकोण ही बदल जाए इसलिए उनकी राय में शरीर के रोगों का उपचार खासतौर से आत्मा के क्षेत्र में, ब्रह्मचर्य द्वारा सिद्ध होने वाले आत्म संयम और स्वास्थ्य के विषय में प्रकृति के नियमों के ज्ञान पूर्ण पालन में और स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन के लिए अनुकूल भौतिक और सामाजिक वातावरण निर्माण करने में खोजा जाना चाहिए। इसलिए प्राकृतिक चिकित्सा की गांधी जी की कल्पना उस अर्थ से कहीं अधिक व्यापक है, जो आज उस शब्द से आमतौर पर समझा जाता है।

प्राकृतिक चिकित्सा रोग के हो जाने के बाद केवल उसे मिटाने की पद्धति नहीं है बल्कि प्रकृति के नियमों के अनुसार जीवन बिता कर रोग को पूरी तरह रोकने की कोशिश है। गांधी जी मानते थे कि प्रकृति के नियम वही हैं, जो ईश्वर के नियम हैं। इस दृष्टि से रोग के प्राकृतिक उपचार में केवल मिट्टी, पानी, हवा, धूप, उपवास और ऐसी दूसरी वस्तुओं के उपयोग का ही समावेश नहीं होता बल्कि इससे भी अधिक उसमें *राम* नाम या ईश्वर के कानून के द्वारा हमारे शारीरिक, मानसिक, नैतिक और सामाजिक संपूर्ण जीवन को बदल डालने की बात आती है। इसलिए राम नाम गांधीजी की दृष्टि में केवल ऐसा जादू नहीं है, जो मुंह से बोलने भर से कोई चमत्कार कर दिखाएगा। *राम* नाम जपने का अर्थ है मनुष्य के हृदय का और उसकी जीवन पद्धति का संपूर्ण परिवर्तन, जिससे ईश्वर के साथ उसका मेल सधता है और संपूर्ण जीवन के मूल स्रोत के रूप में ईश्वर से वह ऐसी शक्ति और ऐसा जीवन प्राप्त करता है जो रोगों पर सदा ही विजयी सिद्ध होते हैं। प्राकृतिक चिकित्सा करने वाला चिकित्सक रोगी को कोई जड़ी बूटी नहीं बेचता। वह तो अपने रोगी को जीवन जीने का ऐसा तरीका सिखाता है जिससे रोगी अपने घर में रहकर अच्छी तरह जीवन बिता सके और कभी बीमार ही नहीं पड़े।

# महाकुंभ तीर्थाटन को नया आयाम दे रही है रेलवे

**लेकिन भारतीय रेल ने इस चुनौती को स्वीकार किया। 17 नए यात्री आश्रय गृहों का निर्माण किया गया। इसके अतिरिक्त स्टेशन की क्षमता1,25,000 से अधिक यात्रियों के संभालने की है। पहले यह क्षमता मात्र 21,000 यात्रियों के लिए थी। इसके अतिरिक्त, नए प्लैटफॉर्म के निर्माण किए गए और अब बढ़कर इसकी संख्या 48 हो गई है। तीर्थयात्रियों के लिए बेहतर गंतव्य सुनिश्चित हुई है। शौचालय, पेयजल सुविधा, शिशु-पोषण जोन और चिकित्सा जांच कक्ष जैसी उन्नत सुविधाएं भी यात्रियों की आवश्यकताएं पूरी कर रही हैं। राज्य सरकार ने खुसरो बाग को एक आवासीय क्षेत्र के रूप में विकसित किया है, जिसमें एक लाख से अधिक तीर्थयात्रियों के ठहरने की सुविधा है। रेलवे द्वारा उपलब्ध कराए गए।**





**रविन्द्र गोयल**
**(पूर्व सदस्य, परिचालन और व्यवसाय विकास, रेलवे बोर्ड)**

महाकुंभ 2025 के अमृत महोत्सव में भारतीय रेल ने सेवा का बेहतरीन उदाहरण पेश किया है। न केवल यातायात की सुविधा बढ़ाने तक यह सेवा सीमित है, बल्कि तीर्थयात्रियों को एक आरामदायक और खुशहाल यात्रा का भी अनुभव प्रदान किया गया है। श्रद्धा और आस्था की पुण्य भूमि प्रयागराज तक यात्रियों को पहुंचाने में भारतीय रेल ने विश्व स्तरीय आतिथ्य सेवा में जो योगदान दिया है, वह सदा स्मरणीय रहेगा। महाकुंभ जैसे बड़े धार्मिक आयोजन में रेलवे ने अपने इंफ्रास्ट्रक्चर, सेवाओं और सुविधाओं में बड़े सुधार किए हैं। इसके लिए नए और रचनात्मक उपायों को लागू किया है, जिसमें तरह-तरह की सुविधाएं शामिल हैं। भारतीय रेल कुंभ यात्रियों के लिए नए मानक स्थापित कर रहा है, जो भविष्य में अन्य बड़े आयोजनों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सकता है।

आधुनिक सुविधाओं में तीर्थ यात्रा

भारतीय रेल ने पवित्र संगम की यात्रा को आध्यात्मिक रूप से समृद्ध बनाने का महत्वपूर्ण काम किया है। पिछले एक दशक में भारत सरकार ने रेलवे के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए वित्त पोषण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पिछले दो वर्षों में 5000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से यात्री सुविधाओं में सुधार किया गया है। इससे रेलवे स्टेशन आरामदायक, सुविधाजनक और आध्यात्मिकता के जीवंत केंद्र में बदल गया है। पहले रेलवे स्टेशन मुख्य रूप से रेलगाड़ियों के रुकने, यात्रियों के चढ़ने-उतरने और सामान ढुलाई के लिए उपयोग किए जाते थे। लेकिन समय के साथ स्टेशनों में सुधार हुआ और अब ऐसा लगता है कि रेलवे स्टेशन तीर्थ यात्रियों के स्वागत के लिए प्रवेश द्वार में बदल गए हैं। स्लीपिंग पॉड्स, एग्जीक्यूटिव लाउंज और रिटायरिंग रूम की अत्याधुनिक सुविधा सुकून देनेवाले हैं जो यात्रियों को आकर्षित करते हैं। कहा जाए, तो पहले के भीड़भाड़, शोरगुल वाले माहौल से बिल्कुल अलग भारतीय रेल का यह उपहार है आम यात्रियों के लिए। तीर्थयात्रियों के लिए कुछ और सुविधाएं रेलवे ने यात्रियों को रास्ता ढूंढने में मदद करने के लिए कुछ नई व्यवस्था बनाई है। स्टेशन पर अलग-अलग हिस्सों को अलग-अलग रंगों से चिह्नित किया गया है, ताकि यात्री आसानी से जान सकें कि उन्हें किस तरफ जाना है। टिकटों पर भी रंगों का उपयोग किया गया है, ताकि यात्रियों को यह समझने में मदद मिले कि उनकी ट्रेन कहां से चलेगी या किस प्लेटफॉर्म पर जाएगी। पांव संकेतक, जमीन पर बने होते हैं। ये यात्रियों को सही दिशा में जाने के लिए मार्गदर्शन कराने का काम करते हैं। रेलवे स्टेशन पर यह उन्नत सुविधा तीर्थयात्रा के अनुभव का आनंद बढ़ा देता है। जैसे ही कोई श्रद्धालु रेलगाड़ी से उतरता है तो उसके अनुकूल सारी सुविधाएं मिलती हैं। ठहरने की आरामदायक सुविधा कुंभ में रोजाना लगभग एक करोड़ तीर्थयात्रियों के आने की संभावना को देखते हुए व्यापक पैमाने पर उनके लिए ठहरहने और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराना आसान नहीं है। लेकिन भारतीय रेल ने इस चुनौती को स्वीकार किया। 17 नए यात्री आश्रय गृहों का निर्माण किया गया। इसके अतिरिक्त स्टेशन की क्षमता1,25,000 से अधिक यात्रियों के संभालने की है। पहले यह क्षमता मात्र 21,000 यात्रियों के लिए थी। इसके अतिरिक्त, नए प्लैटफॉर्म के निर्माण किए गए और अब बढ़कर इसकी संख्या 48 हो गई है। तीर्थयात्रियों के लिए बेहतर गंतव्य सुनिश्चित हुई है। शौचालय, पेयजल सुविधा, शिशु-पोषण जोन और चिकित्सा जांच कक्ष जैसी उन्नत सुविधाएं भी यात्रियों की आवश्यकताएं पूरी कर रही हैं। राज्य सरकार ने खुसरो बाग को एक आवासीय क्षेत्र के रूप में विकसित किया है, जिसमें एक लाख से अधिक तीर्थयात्रियों के ठहरने की सुविधा है। रेलवे द्वारा उपलब्ध कराए गए। इसके अलावा, निर्बाध आपूर्ति और बैकअप सिस्टम से उच्च मांग के बावजूद सुचारू बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हुई है। आरामदायक एवं सुलभ सुविधाएं भारतीय रेल ने महाकुंभ 2025 का अनुभव सभी के लिए आरामदायक बनाने में भी महत्वपूर्ण प्रगति की है। यात्री सुविधा केंद्र, व्हीलचेयर सेवाओं के साथ सहायता बूथ और सामान ट्रॉलियां मुहैया कराना तीर्थयात्रियों जरूरी आवश्यकताएं पूरी करते हैं। प्रयागराज जंक्शन और छिवकी जैसे प्रमुख स्टेशनों को विशेष रूप से सुगम और आरामदायक आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सुसज्जित किया गया है। सरकार के ह्यसुगम्य भारत मिशनह्ल के अनुरूप, भारतीय रेल ने लिफ्ट और एस्केलेटर सहित दिव्यांगजनों के अनुकूल सुविधाओं की संख्या बढाई है। ये उपाय समावेशिता के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता को दशार्ते हैं और सुनिश्चित करते हैं कि बुजुर्गों से लेकर दिव्यांगजन तक हर कोई इस पवित्र आयोजन में सुगमता से भाग ले सके।

महाकुंभ की यात्रा के लिए अद्वितीय साधन परंपरा को आधुनिकता के साथ जोड़ने के भारतीय रेल के प्रयासों ने एक ऐसा माहौल बनाया है जो उत्थान और आरामदायक के साथ ही आधुनिक भी है। रेलवे तीर्थयात्रियों की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के साथ ही, महाकुंभ के अनुभव को अद्वितीय बनाने में अभिन्न भूमिका निभा रहा है। भारतीय रेल महाकुंभ के दौरान सुविधाओं के उन्नयन से धार्मिक आयोजनों में आतिथ्य के नए मानक स्थापित कर रही है, जिसमें प्रचालन के साथ ही आतिथ्य और देखभाल के साथ सद्भावना का भी संयोजन है।

# गांधी जी का बहुआयामी व्यक्तित्व

कुलभूषण उपमन्यु

गांधी के व्यक्तित्व का सम्यक आकलन करना आसान नहीं है। गांधी एक आम साधारण इनसान, जो घर में छोटी मोटी चोरी भी बाल सहज क्रीड़ा में कर लेता। अपनी मां से प्राप्त धार्मिक संस्कारों को भी लगन से मानने वाला। लेकिन सच का आग्रही। जब विद्यालय में निरीक्षण के लिए आए बड़े अफसर के सामने अपना परीक्षा परिणाम अच्छा दिखने की होड़ में अध्यापक द्वारा कुछ नकल मार कर परीक्षा पत्र में सुधार का इशारा किया तो उसी गांधी ने उसे चुपचाप मानने से इंकार कर दिया। एक छोटी रियासत के वजीर का बेटा जिसे बैरिस्टर बनने के लिए इंग्लैंड भेजा गया। वो बैरिस्टर बना और अफ्रीका में एक कंपनी की वकालत करने के लिए गया। जहां देखा कि वहां की गोरी सरकार रंगभेद से इस तरह पीड़ित है कि ट्रेन में काला आदमी प्रथम दर्जे में सफर भी न कर सके। वकालत तो अपनी जगह थी ही, किन्तु वह चुप नहीं बैठा और रंगभेद के खिलाफ वहां की गोरी सरकार से भिड़ गया। और भिडंत्त भी ऐसी जो अभूतपूर्व थी। सत्याग्रही भिड़ंत। और उससे सफलताएं हासिल कीं। वकालत शुरू की तो तय किया कि झूठ की वकालत नहीं करूंगा। केस सच्चा होना चाहिए, तो जी-जान लगा कर लड़ा। धीरे धीरे वहां के जजों को भी पता लग गया कि गांधी झूठे केस नहीं लड़ता, तो एक बार अच्छे खासे पैसे देने वाले मुवक्किल का केस, यह पता लगने पर कि केस झूठा है, बीच में ही छोड़ दिया। जज ने वादी के विरुद्ध फैसला दिया। ऐसे मामलों में दुश्मनी तक की नौबत आ जाती है, किन्तु वह उस परदेस में भी डरा नहीं। भारत में आया तो देश में कांग्रेस की कमान संभाली। इससे पहले कई तरह से आजादी की लड़ाई लडे वाले देशभक्त अपनी जान की परवाह किए बिना भी संघर्षरत थे। किन्तु लड़ाई आम आदमी की नहीं बन पा रही थी। गांधी ने देश की आध्यात्मिक नब्ज को पहचाना। जैसे विवेकानंद ने भी एक जगह कहा था कि भारतीय मन अध्यात्म से संचालित होता है, उसी सूत्र से देश के दूरदराज तक गांधी का संदेश पहुंचा। तब न तो मीडिया गांव गांव तक पहुंचा था और न ही अन्य संचार साधन। किन्तु जो भी टूटी फूटी व्यवस्था थी, उसके सहारे गांधी का संदेश देश के कोने कोने तक पहंचा और आजादी की लड़ाई सारी जनता का संघर्ष बन गया। आजादी प्राप्ति में अन्य विचारधाराओं के लोगों का भी योगदान रहा, किन्तु सबसे बड़ी चोट अंग्रेज सरकार की चूलें हिलाने के लिए गांधी की रही। उसने अहिंसा को अस्त्र बनाया, जिसका मुकाबला शस्त्र से करना आसान नहीं था। इसलिए गांधी को कुछ श्रद्धावान लोगों ने उन्हें राष्ट्रपिता की उपाधि से संबोधित किया। आज उस पर आक्षेप होते हैं। किन्तु गांधी ने खुद को राष्ट्रपिता कहलाने की कोई पहल नहीं की। कुछ ने उन्हें महात्मा कहना शुरू कर दिया और आम जनता ने इन दोनों संबोधनों को अंगीकार कर लिया। बिना किसी प्रचार के। उन्हें कोई राष्ट्रपिता और महात्मा कहे या न कहे, इसका गांधी के व्यक्तित्व पर कोई असर नहीं पड़ सकता। हां, उससे हमारी समझदारी के स्तर का जरूर खुलासा होता है कि हम अपने नायकों को कितना सम्मान देने की समझ रखते हैं। एक बात और, गांधी ने अपने आजादी के संघर्ष को केवल अंग्रेजों के विरुद्ध ही नहीं केन्द्रित रखा, बल्कि समाज में फैली छुआछूत जैसी विद्रूपताओं के खिलाफ इस काल खंड की सशक्त आवाज बना दिया। देश के लिए आत्मनिर्भरता का लक्ष्य तय किया और उसकी पूर्ति के लिए व्यावहारिक कार्यक्रम खादी और ग्रामोद्योग के रूप में लागू करने की पहल की। अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष में भी अंग्रेजी शासन व्यवस्था को समाप्त करने के लिए संघर्ष हुआ, किन्तु अंग्रेजों के खिलाफ बिना दुश्मनी का भाव रखे। यानी पाप से घृणा करो, पापी से नहीं। इस तरह के घोष वाक्य तो कई धर्मों में विद्यमान हैं, किन्तु उनको लागू कौन करता है? गांधी ने उनको सामाजिक जीवन तक विस्तारित किया और लागू करने की पहल की। आजकल बहुत से लोग गांधी की छोटी छोटी बातों को तोड़मरोड़ कर उन्हें लांछित करने के प्रयासों में लगे रहते हैं, लेकिन वे इस बात पर गौर करने से बचते हुए निकल जाना चाहते हैं कि गांधी तो खुली किताब है। उसने तो अपनी आत्मकथा में सबके सामने अपने जीवन के हर पहलू को रख दिया है। और उसे नाम दिया सत्य के साथ मेरे प्रयोग। वह कहता है कि मैं असली सत्य तक पहंचने का दावा नहीं करता, किंतु दूसरे लोग इस खोज को और आगे बढ़ा सकते हैं, और सत्य के अनछुए पहलुओं को उजागर कर सकते हैं। लेकिन सत्य पर उनकी दृढ़ आस्था सनातन संस्कृति पर उनके विश्वास के कारण फलीभूत हुई थी। उन्होंने सत्य को ही ईश्वर माना था। ह्यसत्यं ज्ञानं अनंतं ब्रह्मह्न, इस आप्त वाक्य पर ही उनका जीवन टिका लगता है। विवेकानंद ने कहा था कि मनुष्य स्वभाव से स्वार्थी है। किन्तु स्वार्थी होना कोई बुरी बात नहीं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran www.pratahkiran.com



राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

नई दिल्ली, बुधवार, 29 जनवरी,2025




## संक्षिप्त खबरें

### ताला तोड़कर तार चुराने वाले दो गिरफ्तार

नोएडा,। शटर का ताला तोड़कर सोल्डर स्टिक और तार चोरी करने वाले दो आरोपियों को सेक्टर-63 थाने की पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान गाजियाबाद निवासी विनय और राम प्रताप के रूप में हुई। दोनों ने साथी सुरजीत के साथ मिलकर एक कंपनी से सोल्डर स्टिक और तार चोरी किया था। आरोपियों के पास से दो चाकू बरामद हुआ है। चोरी हुए सामान का कुछ हिस्सा गिरफ्त में आए आरोपी के साथी से पुलिस पहले ही बरामद कर चुकी है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों ने 27 जनवरी को चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की पहचान की थी। घटना में शामिल तीनों आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है।

### अंग प्रत्यारोपण को लेकर जागरूक किया

नोएडा,। अंग प्रत्यारोपण को लेकर सोमवार को सेक्टर-128 स्थित मैक्स अस्पताल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारियों सहित 200 से अधिक डॉक्टर मौजूद रहे। कार्यक्रम में रोबोटिक किडनी प्रत्यारोपण, रक्त से संबंधित बीमारियां, बोनमैरो प्रत्यारोपण और लिवर प्रत्यारोपण को लेकर लोगों को जागरूक किया। साथ ही इसकी महत्ता के बारे में जानकारी दी। डॉक्टरों ने रोबिटिक प्रत्यारोपण के फायदे सहित अन्य पहलुओं पर विचार विमर्श किया। साथ ही भविष्य में इसकी उपयोगिता पर भी चर्चा की। इस मौके पर आईएमए नोएडा के अध्यक्ष डॉ. सुनील अवाना, मैक्स अस्पताल के क्षेत्रीय प्रमुख डॉ. कौसर शाह, आईएमए के सचिव जीपी गुप्ता सहित कई डॉक्टर मौजूद रहे।

### डीएवी स्कूल में साइबर क्लब गठित

नोएडा,। सेक्टर-56 स्थित डीएवी स्कूल में साइबर सुरक्षा पर मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें इंस्पेक्टर विष्णु कुमार, एसआई मीनाक्षी और अपूर्वा ने साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। स्कूल में साइबर क्लब का गठन किया गया। इस दौरान छात्रों को खोया हुआ मोबाइल ढूंढने, सोशल मीडिया आदि की हैंकिंग आदि के बारे में जानकारी दी गई। साइबर क्लब में साइबर योद्धा बनाए गए। ताकि बच्चों को साइबर क्राइम, साइबर सुरक्षा आदि के बारे में जानकारी हो।

### फरीदाबाद में भीम आर्मी ने रुकवाई नाबालिग की जबरन शादी

फरीदाबाद,। बल्लभगढ़ स्थित आदर्श नगर में एक 15 वर्षीय नाबालिग लडकी की जबरन शादी का मामला सामने आया है। भीम आर्मी के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष धीरज पाल की शिकायत पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए शादी को रोक दिया। पीड़िता ने बताया कि उसकी मां उषा, बहन अंजली और जीजा देवेंद्र उसकी शादी एक 30 वर्षीय व्यक्ति से करवाना चाहते थे। उन्होंने जबरदस्ती उसकी सगाई कर दी और धमकी दी कि चाहे हाथ-पैर तोड पड़ें, शादी उसी लडके से करवाएंगे। डर के मारे पीड़िता ने पड़ोस की एक महिला को अपनी व्यथा बताई, जिन्होंने भीम आर्मी के कार्यकताओं को सूचित किया। आदर्श नगर थाना प्रभारी हरिकिशन ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और नाबालिग को संरक्षण में लेकर बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के सामने उसके बयान दर्ज करवाए। पीड़िता ने स्पष्ट किया कि वह अभी शादी नहीं करना चाहती और बालिग होने के बाद ही शादी करेगी। साथ ही उसने अपनी मां, बहन और जीजा के खिलाफ कोई कार्रवाई ना करने की भी गुहार लगाई। पुलिस ने बताया कि सीडब्ल्यूसी और पीड़िता के बयानों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह मामला बाल विवाह निषेध अधिनियम का उल्लंघन है, जो एक गंभीर अपराध है।

### दिल्ली के डॉक्टर की ग्रेटर नोएडा में हत्या, जांच में जुटी पुलिस

नोएडा,। उत्तर प्रदेश के नोएडा में कुलेसरा गांव की संजय विहार कॉलोनी में दिल्ली के डॉक्टर की हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक डॉक्टर का शव एक कमरे में खून से लथपथ मिला है। डॉक्टर के सिर में चोट के निशान हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस को संदेह है कि मकान में किराए पर रहने वाले एक पुरुष और महिला ने डॉक्टर की हत्या की है। आरोपी महिला और पुरुष ने तीन दिन पूर्व ही डॉक्टर का कुलेसरा गांव में स्थित मकान किराये पर लिया था। इस घटना के बाद से दोनों फरार हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से जांच कर रही है।

# तुष्टिकरण की नीति पर चलने वाले भी अब संगम में डुबकी लगा रहे : योगी आदित्यनाथ

प्रात : किरण, संवाददाता




लखनऊ,। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव का नाम लिए बिना तंज किया कि तुष्टिकरण की नीति पर चलने वाले लोग भी अब त्रिवेणी के महासंगम में डुबकी लगा रहे हैं। योगी ने सवाल उठाते हुए कहा कि दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी वाले मुस्लिम देश इंडोनेशिया में भगवान राम को पूर्वज माना जाता है, लेकिन भारत में रहकर, इस धरती का उपभोग करने वाली बड़ी आबादी (मुसलमान), जो दुर्भाग्य से केवल वोट बैंक बनकर रह गई है, क्या वे स्वीकार कर पाएंगे कि उनके पूर्वज राम थे? एक मीडिया संस्थान द्वारा यहां एक होटल में आयोजित ह्यमहाकुंभ समागमह्व में मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें खुशी है कि जो लोग पहले भारत की आस्था को सम्मान नहीं देते थे, वोट बैंक के लिए तुष्टिकरण की नीति पर चलते थे, वे लोग भी अब प्रयागराज में त्रिवेणी के महासंगम में डुबकी लगा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा ह्यह्ययह अच्छी बात है और प्रयागराज तो सबका है, आस्था सबकी है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार, 26 जनवरी को संगम में 11 बार डुबकी लगाई थी। विपक्षी दलों के नेताओं के कुंभ स्नान के बारे में पूछने पर मुख्यमंत्री ने कहा सनातन पहले भी था, आज भी है और इसी प्रभावी ढंग से यह यात्रा आगे बढ़ेगी। इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए। आदित्यनाथ ने अपने मंत्रिपरिषद के सदस्यों के साथ कुंभ स्नान किया था। इसको लेकर विरोधियों के आरोपों पर उन्होंने रामचरित मानस की चौपाई का हवाल देते हुए कहा जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी (प्रभु को जिसने जिस रूप में सोचा, जिस व्यक्ति की भावना जैसी रही उसने अपने मन में उसी के अनुसार ईश्वर की छवि गढ़ लीह्व.) मुख्यमंत्री ने सपा प्रमुख यादव पर निशाना साधते हुए कहा ह्वदेश दुनिया के कोटि कोटि श्रद्धालुओं द्वारा किये जा रहे पावन स्नान और सनातन में उनकी आस्था ने उन लोगों को भी पवित्र डुबकी लगाने के लिए बाध्य कर दिया जिनकी इसमें आस्था ही नहीं थी। ऐसे लोगों को यह सोच कर अपने पुरोधाओं की प्रतिमा स्थापित करने के लिए मजबूर होना पड़ा कि इस स्थान का महत्व है और इसको नजरअंदाज नहीं करना है। संगम में सपा कार्यकताओं ने पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा स्थापित की है। अखिलेश यादव ने संगम स्नान के बाद अपने पिता की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया था। मुख्यमंत्री यहां टाइम्स समूह के चैनल नवभारत द्वारा आयोजित महाकुंभ समागम में सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा प्रयागराज में पिछले 15 दिनों में 16 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान किया। मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती की त्रिवेणी के संगम में अगले 30 दिनों तक आयोजन चलना है। मेरा अनुमान है कि संगम में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या दुनिया की तीसरी बड़ी आबादी होगी। इसमें केवल भारत की आस्था ही नहीं, संस्कृति के गौरव का दर्शन करने का अवसर भी प्राप्त होगाह्व मुख्यमंत्री ने इंडोनेशिया के सांस्कृतिक परंपराओं की चर्चा करते हुए कहा कि दुनिया में सबसे ज्यादा मुस्लिम आबादी वाले देश इंडोनेशिया के राष्ट्रपति अपने भारतीय डीएनए पर गर्व करते हैं, उनका नाम भी संस्कृत से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि इंडोनेशिया में राम को पूर्वज माना जाता है, गरुड़ उनकी राष्ट्रीय एयरलाइंस है, गणपति उनकी मुद्रा पर हैं और रामलीला उनका राष्ट्रीय त्योहार है। योगी ने सवाल उठाते हुए कहा भारत में रहकर, इस धरती का उपभोग करने वाली बड़ी आबादी, जो दुर्भाग्य से केवल वोट बैंक बनकर रह गई है।

## बिजली आपूर्ति बाधित होने से परेशानी



प्रात : किरण, संवाददाता

ग्रेटर नोएडा,। ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित लोटस वैली सोसाइटी में बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण निवासियों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ा। लोगों का आरोप है कि हर दूसरे दिन सोसाइटी में बिजली की समस्या हो रही है। मंगलवार सुबह भी करीब 3 घंटे घरों में बिजली आपूर्ति बाधित रही। वहीं, एनपीसीएल द्वारा लाइट काटने से पहले निवासियों को सूचित नहीं किया जाता है। सोसाइटी के पूर्व सचिव दिनेश कुमार ने बताया कि परिसर में अपार्टमेंट और विला दोनों बने हुए हैं। जिनमें करीब 700 से अधिक परिवार रहते हैं। मंगलवार सुबह सोसाइटी में अचानक करीब 7 बजे लाइट चली गई। काफी देर तक लोगों ने लाइट का इंतजार किया, जब घरों में बिजली नहीं आई तो उन्होंने मेंटेनेंस प्रबंधन से शिकायत की। तब जाकर उन्हें पता चला कि एनपीसीएल द्वारा लाइन में कोई कार्य किया जा रहा है, जिसके चलते बिजली काटी गई है। लोगों का आरोप है कि लाइट काटने से पहले एनपीसीएल के अधिकारी सूचित नहीं करते हैं। 26 जनवरी को भी सोसाइटी में करीब 8 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही थी। जिसके कारण लोगों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। वहीं, लाइट जाने पर डीजी का संचालन किया जाता है। जिसके दौरान अधिक शुल्क लोगों से लिया जाता है। वहीं मंगलवार को भी करीब सोसाइटी में 3 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही।

## फरीदाबाद : सडको पर घूमने वाले गौवंश से शहरवासियों को जल्द मिलेगी राहत

**निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक**

● भूपानी गौशाला के साथ अन्य गौशालाओं में भी भेजा जाएगा गौवंश

प्रात : किरण, संवाददाता



फरीदाबाद,। निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास ने मंगलवार को अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक में निर्देश दिए की निगम क्षेत्र में सडकों पर दिखाई दे रहे गौवंश को गौशालाओं में जल्द से जल्द पहुंचाने की व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि खुले में घूम रहे गोवंश के लिए जल्द तय की जाने वाली गौशालाओं और भूपानी में बनाई जा रही गौशाला के निर्माण कार्य को भी जल्द पूरा करें ताकि गोवंश की सुरक्षा और पालन पोषण सुनिश्चित किया जा सके। इसके अलावा कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास ने प्रॉपर्टी सर्टिफिकेट के लिए प्रॉपर्टी मालिकों को अपने 10 वर्ष से अपनी प्रॉपर्टी में रहने का प्रमाण पत्र को लेकर भी निर्देश दिए हैं एक कमेटी बनाकर प्रॉपर्टी मालिकों से शपथ पत्र लेने के बाद एक कमेटी के माध्यम से उनकी तस्दीक सम्बंधित तहसीलदार कार्यालय से कराई जाएगी। ताकि शपथ पत्र के लिए एक एक लाभार्थियों को तहसील में आना जाना न पड़े। बता दे कि इस प्रकिया में शपथ पत्र के साथ ही मुख्य रूप पिछले 10 वर्षों का बिजली या 10 साल का पानी का बिल या ऐसा दस्तावेज जो राजस्व अधिकारी द्वारा सत्यापित और आबादी दे लाल डोरा में स्वामित्व का स्पष्ट रूप से उल्लेख करता हो वह भी देना होगा कि लाल डोरी की जमीन पर बसे लोगों के मकान की रजिस्ट्री 1 में करवाई जाएगी। नगर निगम की ओर से इनको मालिकाना सर्टिफिकेट भी जारी किया जाएगा । प्रदेश सरकार की स्वामित्व योजना के तहत मार्च तक इन सभी लोगों को निगम की ओर से प्रॉपर्टी सर्टिफिकेट दिया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र में साफ सफाई व्यवस्था को लेकर भी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समय-समय पर सफाई व्यवस्था का जायजा लेते रहे और शहर की सफाई सीवर की समस्याएं को दुरुस्त करवाना सुनिश्चित कराएं ताकि शहरवासियों को स्वच्छ वातावरण का पूरा लाभ मिल सके। बैठक में एडिशनल कमिश्नर स्वप्निल रविंद्र पाटिल, जॉइंट कमिश्नर गजेंद्र सिंह, जॉइंट कमिश्नर द्विजा के अलावा अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## फरीदाबाद : तिगांव ब्लॉक समिति की वाइस चेयरमैन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित

**वाइस चेयरमैन शशि को पद से हटाया गया**




प्रात : किरण, संवाददाता

फरीदाबाद,। तिगांव ब्लॉक समिति की वाइस चेयरमैन भैंसरावली निवासी शशि के खिलाफ मंगलवार को अविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया। प्रस्ताव पारित होने पर उन्हें तत्काल पद से हटा दिया गया। शशि के विरोध में 12 मत पड़े, जबकि पक्ष में केवल 4 मत मिले। वाइस चेयरमैन शशि केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर की खास समर्थक मानी जाती हैं। सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय की छठी मंजिल के कान्फ्रेंस हाल में मंगलवार दोपहर एडीसी साहित गुप्ता व बीडीपीओ अजित सिंह की मौजूदगी में अविश्वास प्रस्ताव के लिए वोटिंग हुई। वाइस चेयरमैन के खिलाफ 12 सदस्यों ने मत दिया। जबकि उनके पक्ष में कुल चार मत ही पड़े। अविश्वास प्रस्ताव के दौरान तिगांव ब्लॉक समिति के सभी 16 सदस्य मौजूद रहे। वाइस चेयरमैन की कार्यशैली से समिति के दर्जन भर सदस्य काफी समस्य से असंतुष्ट चल रहे थे। इस बारे में असंतुष्ट 12 सदस्यों ने पिछले दिनों डीसी विक्रम सिंह से मुलाकात की थी। जिस पर डीसी ने सभी सदस्यों से शपथ पत्र देने को कहा। शपथ पत्र लेने के बाद प्रशासन की ओर से अविश्वास प्रस्ताव के लिए तारीख तय की गई। तय समय अनुसार 2 बजे सदस्य लघु सचिवालय पहुंच गए और गुप्त मतदान हुआ। बीडीपीओ अजीत सिंह ने बताया कि वाइस चेयरमैन शशि मूलरूप से भैंसरावली गांव की रहने वाली हैं। हैं। वह ब्लॉक समिति के वार्ड नंबर तीन से सदस्य है।

## फरीदाबाद में प्राापर्टी डीलर कार्यालय में तोड़फोड़ व फायरिंग



फरीदाबाद,। फरीदाबाद के पल्ला थाना क्षेत्र इलाके में तिलपत रोड स्थित आरएस प्रॉपर्टी के ऑफिस पर बाइक पर सवार हो आए बदमाशों ने गोलियां चलाईं और ऑफिस में जमकर तोडफोड़ कर कांच के दरवाजे पर चाकुओं से वार किए। पुलिस ने सीसीटीवी वीडियो लेकर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। तिलपत रोड स्थित आरएस प्रॉपर्टी के नाम से प्रॉपर्टी डीलर रिंकू सिंह ने ऑफिस खोला हुआ है। सोमवार की देर शाम ऑफिस पर कोई मौजूद नहीं था। रिंकू सिंह किसी काम के लिए दिल्ली गए हुए थे। उनका कर्मचारी संतोष किसी को जमीन दिखाने के लिए साइट पर गया हुआ था। दो बाइक पर सवार होकर छह बदमाश वहां हाथों में हथियार लहराते हुए ऑफिस पर पहुंचे। बदमाशों ने ऑफिस के बाहर गोलियां चलानी शुरू कर दी। इस दौरान उन्होंने ऑफिस के बाहर रखी कुर्सियों को तोड़ना शुरू कर दिया। बदमाशों ने अपना भय बनाने के लिए आस-पास की दुकानों को भी बंद करा दिया। जिसके बाद दुकानदार डर से दुकानों को बंद करके वहां से भाग गए। इसके बाद बदमाशों ने ऑफिस के बाहर जमकर गालियां देनी शुरू कर दी। बदमाशों ने प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस में लगे कांच के दरवाजे पर चाकुओं से कई वार किए। बदमाशों ने वारदात को अंजाम देने के बाद प्रॉपर्टी डीलर रिंकू सिंह से फोन करके 1 लाख रूपए हर महीने की फिरौती मांगी है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और सीसीटीवी विडियो लेकर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने एक बदमाश की पहचान भी कर ली है। जिसका नाम सूरज है। पुलिस की कई टीमें सभी बदमाशों की तलाश कर रही हैं।

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, आरोपी के घर पुलिस ने चस्पा किया नोटिस



प्रात : किरण, संवाददाता

नोएडा,। उत्तर प्रदेश के नोएडा में शादी का झांसा देकर एक युवती के साथ दुष्कर्म करने और उसका गर्भपात कराने के मामले में फरार चल रहे आरोपी के घर की कुर्की की प्रक्रिया पुलिस ने शुरू कर दी है। पुलिस ने इसके तहत गाजियाबाद स्थित आरोपी के घर के बाहर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 84 के तहत नोटिस चस्पा किया है। आरोपी न्यायालय द्वारा जारी वारंट के बावजूद भी अदालत में पेश नहीं हो रहा है। नोएडा के थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि वांछित अभियुक्त आकाश शर्मा के खिलाफ दर्ज मुकदमे के तहत उसके घर पर सोमवार को नोटिस चस्पा किया गया है।

आरोपी आकाश शर्मा को पुलिस अथवा न्यायालय के समक्ष पेश होने हेतु एक माह का समय दिया गया है। उन्होंने बताया कि अगर अभियुक्त निर्धारित अवधि में हाजिर नहीं होता है तो उसके खिलाफ कुर्की की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## बच्चों के झगड़े में बच्ची को पटककर मार डाला

प्रात : किरण, संवाददाता

फरीदाबाद,। गांव सिरोही में भाई के साथ खेल रही चौथी कक्षा की छात्रा को पड़ोसियों ने जमीन पर पटक-पटककर मार डाला। उसकी पहचान नौ वर्षीय नासीज के रूप में हुई है। घर के बाहर खेलने के दौरान उसकी पड़ोसी बच्चों से लड़ाई हो गई थी। इस रंजिश में पड़ोसी बच्चों के परिजनों ने वारदात को अंजाम दिया। धौंज थाना की पुलिस मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार नौ वर्षीय नासीज अपने परिवार के साथ गांव सिरोही में रहती थी। वह पास स्थित राजकीय स्कूल में चौथी कक्षा में पढ़ रही थी। पिता साकिर ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया है कि 23 जनवरी को शाम करीब छह बजे नाजीस अपने छोटे भाई ओबेरन के साथ घर के बाहर खेल रही थी। इस दौरान पड़ोसी के बच्चे भी उनके साथ खेल रहे थे। खेलने के दौरान बच्चों में किसी बात को लेकर लड़ाई हो गई। इसपर पड़ोसी बच्चों ने अपने चाचा व अन्य परिजनों को घर से बुला लिया। पीड़ित के अनुसार बच्चों के बुलाने पर वाजिद, शाहरूख और रोबिन आ गए। आरोप है कि उन्होंने आते ही नाजीस और ओबेरन के साथ मारपीट करने लगे। सभी आरोपी सिमेंटेड पाइप, लाठी-डंडे से नाजीस की पिटाई करने लगे। साथ ही शाहरुख ने नाजीस को उठाकर जमीन पर कई पटका। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई ।उसे गंभीर हालत में पास स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां सोमवार रात नाजीस की इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची धौंज थाना की पुलिस शव को दिल्ली में पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। शोर मचाने पर भागे सभी आरोपी नाजीस के पिता साकिर ने पुलिस को बताया कि जिस समय आरोपी उनकी बच्ची को पीट रहे थे, वह अपने घर के छत पर कुछ काम कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने बच्ची के चिल्लाने का शोर सुना। उठकर देखा कि वाजिद, शाहरुख और रोबिन उनकी बच्ची के साथ मारपीट कर रहे थे। यह देखकर उन्होंने शोर मचाया और तुरंत दौड़कर बच्ची के पास पहुंचा। उनके पहुंचने से पहले ही सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। चार दिन तक मौत से जुझती रही नाजीस पीड़ित परिजन का कहना है कि सिर और शरीर के कई भागों पर चोट लगने के चलते नाजीस गंभीर रूप से घायल हो गई थी। उसे बेहोशी की हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे वेंटिलेटर पर रखा। वह चार दिनों तक मौत से जूझती रही। नाजीस की मौत से पूरे गांव में गम का माहौल है। पीड़ित और आरोपियों में पहले भी हो चुकी है मारपीट जानकारी के अनुसार पीड़ित की आरोपियों से पहले भी कई बार मारपीट हो चुकी है। छोटी-छोटी बात पर उनमें कहासुनी हो जाती थी। हालांकि पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद धौंज थाना में तुरंत मामला दर्ज किया गया है। साथ ही थाना समेत क्राइम ब्रांच की टीम आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत, दूसरे की पैर की हड्डियां टूटी

प्रात : किरण, संवाददाता

नोएडा,। जनपद गौतमबुद्ध नगर के नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में एक युवक की मौत हो गई। वहीं कई लोग घायल हो गए है। घायलों में एक युवक के दोनों पैर की हड्डियां टूटी गई है। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना सूरजपुर के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार चाहर ने बताया कि सुरेश पुत्र श्यामलाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनका बेटा दीपक कुमार उम्र 29 वर्ष थाना सूरजपुर क्षेत्र से बाइक पर सवार होकर गुजर रहा था, तभी वह देवला गांव के पास सड़क हादसे का शिकार हो गया। उसकी बाइक में ट्रक चालक ने टक्कर मार दिया। उन्होंने बताया कि इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए आसपास के लोगों ने अस्पताल में भर्ती करवाया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। ट्रक चालक फरार है उसकी तलाश की जा रही है। थाना सेक्टर-126 के प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र बालियान ने बताया कि विकास ठाकुर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर ग्रेटर नोएडा जा रहा था, तभी थाना क्षेत्र में एक कार चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दिया। उन्होंने बताया कि इस घटना में पीड़ित की दोनों टांगें टूट गई।

## बिजली के ट्रांसफार्मर से 1250 लीटर तेल चोरी



प्रात : किरण, संवाददाता

फरीदाबाद,। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) के एसजीएम नगर स्थित दो ट्रांसफार्मर से किसी ने करीब 1250 लीटर बिजली के तेल चुरा लिए। इससे निगम को कीब एक लाख 44 हजार का नुकसान पहुंचा। साथ ही आसपास के क्षेत्रों में घंटों बिजली गुल रही। एनआईटी थाना की पुलिस मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार डीएचबीवीएन के उपमंडल अधिकारी अद्यानंद तिवारी ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया है कि उन्हें कनिष्ठ अभियंता (जेई) ने सूचना दी कि एसजीएम नगर में जगह-जगह लगे बिजली के ट्रांसफार्मर से किसी ने करीब 1250 लीटर तेल की चोरी कर ली। इससे निगम को एक लाख 44 हजार रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। पुलिस मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

## महिला पर धोखाधड़ी कर बेटी के हिस्से का प्लॉट बेचने का आरोप




प्रात : किरण, संवाददाता

ग्रेटर नोएडा, ।एक महिला पर पति की मृत्यु के बाद दूसरी शादी कर धोखाधड़ी से बेटी के हिस्से का प्लॉट बेचने का आरोप लगा है। आरोप है कि महिला ने हेराफेरी करते हुए प्लॉट को दिल्ली के एक व्यक्ति को बेच दिया। न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने महिला और उसके दो अन्य साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ईकोटेक वन कोतवाली क्षेत्र के दाउदपुर गांव के रहने वाले नवाब सिंह ने न्यायालय को बताया कि वर्ष 2001 में उसके भाई सुल्तान की मृत्यु हो गई थी। सुल्तान की एक बेटी कोमल है। इसकी शादी चाचा नवाब द्वारा की गई थी। आरोप है कि सुल्तान की मृत्यु के बाद उसकी पत्नी विमला ने मेरठ के रहने वाले अनिल नाम के एक व्यक्ति से दूसरी शादी कर ली। इस दौरान सुल्तान के नाम ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से चूहड़पुर मां 5% किसान आबादी का प्लॉट मिला था। यह प्लॉट उसकी बेटी कोमल के हिस्से का था। लेकिन कोमल की मां विमला ने दूसरी शादी करने के बावजूद भी धोखाधड़ी करते हुए बेटी के हिस्से का प्लॉट किसी दूसरे को बेच दिया और मोटी रकम हड़प ली। आरोप है कि आरोपी विमला द्वारा दूसरी शादी करने के बाद उसके पहले पति की सम्पत्ति में उसका कोई अधिकार नहीं है। ऐसे में महिला ने खुद को सुल्तान की पत्नी दिखाकर कूटरचित दस्तावेज तैयार किए और बेटी के हिस्से का प्लॉट बेचकर धोखाधड़ी की। अब इस मामले में न्यायालय के आदेश पर बीटा दो कोतवाली पुलिस ने आरोपी महिला विमला और उसका सहयोग करने वाले दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## पलवल में सेवानिवृत्त एसआई के घर पर फायरिंग,कार व बाइक तोड़ी

प्रात : किरण, संवाददाता

पलवल,। पलवल में रंगदारी मांगने वाले बदमाशों ने दिल्ली पुलिस के रिटायर्ड एसआई के घर पर हमला कर दिया। तीन कारों में आए करीब 12 बदमाशों ने कई राउंड फायरिंग की। साथ ही घर के बाहर खड़ी कार और बाइक में तोड़ फोड़ की। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। जानकारी के अनुसार के कुसलीपुर गांव में रिटायर्ड एसआई बाबू लाल अपने भाई महेश और कुछ परिजनों के साथ घर पर बैठे थे। इसी दौरान मन्नू नाम का युवक अपने साथियों के साथ वहां पहुंचा और गोलियां चलानी शुरू कर दी। गनीमत रही कि किसी को गोली नहीं लगी। बाबू लाल और उनके परिवार ने किसी तरह जान बचाई और छत पर चढ़ गए। बाबू लाल के अनुसार, मन्नू पहले से उनसे और उनके भतीजे से रंगदारी मांग रहा था। आरोपी का कहना था कि अगर प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करना है तो रंगदारी देनी होगी। मन्नू के खिलाफ पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। घटना की सूचना मिलते ही कैंप थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस पीआरओ संजय के अनुसार, मामले में कार्रवाई की जा रही है और जल्द ही एफआईआर दर्ज की जाएगी। बदमाश जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए हैं।

# शाहिद कपूर ने रणदीप हुड्डा से जुड़ा दिलचस्प किस्सा सुनाया

प्रात: किरण,/ एजेसी



मुंबई,। अभिनेता शाहिद कपूर और रणदीप हुड्डा खास दोस्त हैं। अभिनेता ने सोशल मीडिया पर एक लाइव सेशन के दौरान हुड्डा से जुड़ा दिलचस्प किस्सा शेयर किया, जिसमें उन्होंने बताया कि नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में अभिनय से जुड़े एक वर्कशॉप के दौरान रणदीप ने उन्हें डरा दिया था। शाहिद कपूर ने नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के दिनों का एक दिलचस्प किस्सा सुनाया। उन्होंने बताया कि दिग्गज अभिनेता नसीरुद्दीन शाह ने एक वर्कशॉप शुरू किया था, जिसमें रणदीप ने उन्हें डरा दिया था। हालांकि, बाद में दोनों अच्छे दोस्त बन गए। लाइव सेशन में शाहिद ने बताया कि हुड्डा वर्कशॉप में उनके सीनियर थे और उनके जोश को देखकर वह उनसे डरते थे। हालांकि, पिछले कुछ सालों में उनके बीच दोस्ती का मजबूत रिश्ता बन चुका है। शाहिद ने ये भी बताया कि अब वह रणदीप के साथ काम करने के लिए उत्साहित हैं। शाहिद ने बताया, रणदीप हुड्डा मेरे साथ एनएसडी में थे, मैं कैसे भूल सकता हूं? वह मेरे पुराने दोस्त हैं। शाहिद कपूर अभिनेता-दोस्त रणदीप के साथ विशाल भारद्वाज की अपकमिंग फिल्म अर्जुन उस्तारा में पहली बार स्क्रीन शेयर करते दिखेंगे। शाहिद ने बताया कि फिल्म में काम करने को लेकर वह उत्साहित हैं। उन्होंने बताया, रणदीप के साथ काम करने का यह मेरा पहला मौका है। हमने पहले कभी साथ काम नहीं किया है। हम लोगों ने वास्तव में नसीर अंकल (नसीरुद्दीन शाह) के साथ बहुत सारी अभिनय से जुड़ी वर्कशॉप की थी। वह मेरे सीनियर थे और मैं उनसे बहुत डरता था। विशाल भारद्वाज के निर्देशन में बनी एक्शन फिल्म अर्जुन उस्तारा में शाहिद कपूर, रणदीप हुड्डा के साथ दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर, विक्रांत मैसी और तृप्ति डिमरी समेत अन्य बेहतरीन कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। शाहिद कपूर की अपकमिंग फिल्म ह्यदेवाह्ल सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म में शाहिद के साथ अभिनेत्री पूजा हेगड़े मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में शाहिद पुलिस अधिकारी तो पूजा हेगड़े पत्रकार की भूमिका में नजर आएंगी। देवा का निर्देशन मलयालम फिल्म निमार्ता रोशन एंड्रयूज ने किया है। इसका निर्माण जी स्टूडियोज और रॉय कपूर फिल्म्स ने किया है। शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े के अलावा देवा में पावेल गुलाटी, प्रवेश राणा और कुब्रा सैत भी अहम भूमिकाओं में हैं। ह्यदेवाह्ल 31 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## खुशी कपूर ने कराई है अपनी नाक और होठों की प्लास्टिक सर्जरी



प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई,। दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी की दोनों बेटियां जान्हवी कपूर और खुशी कपूर भी अपनी मां के नक्शेकदम पर चलकर एक्टिंग फील्ड में डेब्यू कर चुकी हैं। खुशी कपूर ने फिल्म ह्यद आर्चीजह्ल से बॉलीवुड में डेब्यू किया है। अब खुशी कपूर जल्द ही आमिर खान के बेटे जुनैद खान के साथ ह्यलवयापा मूवीह्ल में नजर आएंगी। इस दौरान खुशी कपूर ने नाक की सर्जरी और लिप फिलर्स के साथ कॉस्मेटिक सर्जरी कराने के अपने फैसले के बारे में खुलकर बात की। जोया अख्तर की फिल्म ह्यद आर्चीजह्ल से अपने करियर की शुरूआत करने वाली अभिनेत्री खुशी कपूर ने एक साक्षात्कार में अपने व्यक्तिगत अनुभव और सौंदर्य उद्योग के बारे में बात की। खुशी ने वीडियो के जरिए अपनी जिंदगी की एक झलक शेयर की है। उसने अपने घर का स्विमिंग पूल दिखाया, जिसमें उसके पांच कुत्तों को गोता लगाने से रोकने के लिए एक बैरिकेड भी है। इंटरव्यू के दौरान उनके बचपन पर भी चर्चा हुई जिसमें खुशी ने खुद को अटेंशन सीकर बताया। कॉस्मेटिक सर्जरी को सार्वजनिक करने के उनके फैसले के बारे में पूछे एक सवाल का जवाब उन्होंने पूरे आत्मविश्वास से दिया। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि यह कोई बड़ी बात है। इससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। यह एक पर्सनल च्वॉइस है और मैं इसमें कम्फर्टेबल हूं। खुशी कपूर जल्द ही आमिर खान और रीना दत्ता के बेटे जुनैद खान के साथ आगामी फिल्म लवयापा में नजर आएंगी। फिल्म 7 फरवरी को रिलीज हो रही है।

## बोमन ईरानी ने पत्नी जेनोबिया ईरानी को शादी की 40वीं सालगिरह की बधाई दी

प्रात: किरण,/ एजेसी



मुंबई,। बॉलीवुड के अभिनेता बोमन ईरानी की 40वीं सालगिरह ईरानी को बधाई दी के सबसे चहेते और में से एक बोमन ईरानी शानदार अभिनय के हैं, बल्कि ऑफ-व्यक्तित्व के लिए भी जानेमाने चरित्र ने अपनी शादी पर पत्नी जेनोबिया है। बॉलीवुड बहुमुखी सितारों न केवल अपने लिए जाने जाते स्क्रीन अपने प्यारे जाने जाते हैं। यदि कोई ऐसा बंधन है जो सिनेमा में उनके सफर जितना ही खास है, तो वह है उनकी पत्नी जेनोबिया ईरानी के साथ उनका रिश्ता। आज, उन्होंने अपने प्रशंसकों को अपनी पत्नी जेनोबिया ईरानी के साथ शादी के 40 अविश्वसनीय वर्षों के जश्न की एक झलक दी। इंस्टाग्राम पर बोमन ने एक पोस्ट शेयर की, जो उनके रिश्ते के सार को बखूबी दशार्ती है। अपनी बुद्धि के लिए जाने जाने वाले, बोमन अपने नोट में अपना खास हास्य जोड़ने से खुद को रोक नहीं पाए। उन्होंने लिखा,तो यह मुझे परेशान करता है जब पूरी दुनिया सोचती है कि तुम एक प्यारे फरिश्ते हो। केवल मैं ही जानता हूँ कि तुम वास्तव में कितनी बड़ी मुसीबत हो सकती हो। 40 साल का अनुभव। हालाँकि... कौन एक परी से शादी करना चाहेगा??? मुझे पीठ में दर्द है जो खुद भी एक परी है। यही वो संयोजन है जिसने मुझे आकार दिया। हमें आकार दिया। परिवार को आकार दिया। हंसी-मजाक किया। नेविगेट किया। 40 साल साथ रहे, पुराने दोस्त। तुमसे प्यार करता हूँ.. बोमन ने नोट के साथ, जेनोबिया के साथ कई मनमोहक तस्वीरें पोस्ट कीं, जहाँ युगल खुशी से झूमते हुए, मालाओं से सजे हुए और लाल दिल के आकार के गुब्बारे पकड़े हुए दिखाई दे रहे हैं, जिन पर लिखा है ह्यआई लव यू।

### फिल्म डायरेक्टर सुभाष घई ने मुंबई में बेचा घर

मुंबई,। किसी फिल्म को दर्शकों तक सही तरीके से पहुंचाने के लिए अच्छी कहानी, कलाकारों की सधी हुई एक्टिंग के साथ-साथ अच्छे निर्देशक का होना भी जरूरी है। उन्हीं निर्देशकों में शुमार सुभाष घई और उनकी पत्नी सुर्खियों में आ गए हैं। खबर है कि उन्होंने मुंबई में अपना एक अपार्टमेंट बेच दिया है। सुभाष घई और उनकी पत्नी मुक्ता के पास मुंबई के अंधेरी पश्चिम में एक अपार्टमेंट था। यह अपार्टमेंट रुस्तमजी एलीटा बिल्डिंग की 14वीं मंजिल पर है। इस अपार्टमेंट का क्षेत्रफल 1760 वर्ग फुट है। अपार्टमेंट में दो कार पार्किंग की जगह भी है। खबर है कि अब उन्होंने ये अपार्टमेंट 12.85 करोड़ में बेच दिया है। उन्होंने यह अपार्टमेंट 2016 में 8.72 करोड़ में खरीदा था। यानी सात साल में उन्होंने 47 फीसदी का मुनाफा कमाया है। यह अपार्टमेंट समीर गांधी को बेचा गया है। 22 जनवरी को पंजीकृत होने पर स्टांप शुल्क 77 लाख से अधिक और पंजीकरण शुल्क 30 हजार से अधिक है। जिस क्षेत्र में ये अपार्टमेंट स्थित हैं, वहां कई कलाकार, निमार्ता और निर्देशक रहते हैं।

# कंतारा: चैप्टर 1 के लिये कड़ी मेहनत कर रहे हैं ऋषभ शेट्टी

प्रात: किरण,/ एजेसी




मुंबई,। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार ऋषभ शेट्टी अपनी आने वाली फिल्म कंतारा: चैप्टर 1 के लिये कड़ी मेहनत कर रहे हैं। होम्बले फिल्म्स की फिल्म कंतारा में ऋषभ शेट्टी ने मुख्य भूमिका निभायी थी। इस फिल्म ने दुनियाभर में जबरदस्त सफलता हासिल की। फिल्म को शानदार रिव्यूज मिले, जहां क्रिटिक्स और ऑडियंस दोनों ने इसके दमदार एक्शन, दिलचस्प कहानी और ऋषभ शेट्टी की बेहतरीन परफॉर्मेंस की खूब तारीफ की। उनकी एक्टिंग ने हर सीन को यादगार बना दिया और फिल्म को एक सिनेमैटिक मास्टरपीस का दर्जा दिलाया। कंतारा की जबरदस्त सफलता के बाद मेकर्स ने कंतारा: चैप्टर 1 का अनाउंसमेंट कर दिया। फिल्म के पोस्टर ने तो सबको चौंका दिया, जिसमें ऋषभ शेट्टी एकदम अलग ही अवतार में दिखे, जिससे पूरे देश में हलचल मच गई। इस फिल्म के लिए, ऋषभ ने वॉर सीन के लिए महीनों तक मेहनत से ट्रेनिंग की है, जिससे ये साफ है कि इस बार वो दर्शकों को एक और जोरदार एक्शन और बेहतरीन अनुभव देने वाले हैं। बताया जा रहा है कि ऋषभ शेट्टी ने कंतारा: चैप्टर 1 के वॉर सीन के लिए कई महीनों तक कड़ी मेहनत की है। वॉर सीन में घुड़सवारी, कलारीपयट्टु और तलवारबाजी जैसे मुश्किल स्टंट शामिल हैं, और इन सबको ऋषभ ने खुद सीखा है। कंतारा: चैप्टर 1 की कहानी कर्नाटका के कदम्ब काल में सेट है। कदम्ब शासक कर्नाटका के कई हिस्सों के प्रमुख शासक थे और उन्होंने इस क्षेत्र की संस्कृति और वास्तुकला को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह काल भारतीय इतिहास का स्वर्ण युग माना जाता था। कंतारा: चैप्टर 1 दो अक्टूबर को रिलीज होगी।

## फिल्म स्काई फोर्स की कमाई में चौथे दिन आई गिरावट




प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई,। वीर पहरिया और अक्षय कुमार की फिल्म स्काई फोर्स की खूब चर्चा हो रही है। देशभक्ति से भरपूर यह फिल्म शुक्रवार 24 जनवरी को रिलीज हुई और वीकेंड पर इसने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई की। रिलीज के चौथे दिन यानी पहले सोमवार को फिल्म की कमाई में भारी गिरावट आई है। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार शिंदे के पोते वीर पहाड़िया ने स्काई फोर्स से बॉलीवुड में डेब्यू किया है। वीर शिंदे की बेटी स्मृति पहाड़िया और संजय पहाड़िया के बेटे हैं। वीर जान्हवी कपूर के बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया के भाई हैं। वीर, जिनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि राजनीति है, ने फिल्मी दुनिया में कदम रखा है। दिलचस्प बात यह है कि उनकी पहली फिल्म को दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। फिल्म स्काई फोर्स ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरूआत की थी। फिल्म ने रिलीज के पहले दिन यानी शुक्रवार को 15.30 करोड़ रुपये की कमाई की। अगले दिन यानी शनिवार को फिल्म के कलेक्शन में जबरदस्त इजाफा देखने को मिला। शनिवार को फिल्म ने 26.30 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। तीसरे दिन यानी रविवार 26 जनवरी को छुट्टी के दिन इस फिल्म को देखने के लिए दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी। पिछले दो दिनों के मुकाबले तीसरे दिन भी कलेक्शन में जबरदस्त इजाफा हुआ। रविवार को 31.60 करोड़ रुपये का कलेक्शन हुआ। 3 दिन में फिल्म ने भारत में 86.40 करोड़ रुपये और दुनियाभर में 92.90 करोड़ रुपये कमाए। अब चौथे दिन का डेटा सामने आ गया है। चौथे दिन फिल्म की कमाई में गिरावट आई है। शुरूआती आंकड़ों के मुताबिक, फिल्म ने पहले सोमवार को 6.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। फिल्म ने स्काई फोर्स के बजट से आधे से ज्यादा की कमाई कर ली है, तो ऐसा लग रहा है कि फिल्म इस हफ्ते अपनी प्रोडक्शन लागत वसूल कर लेगी। स्काई फोर्स का बजट 160 करोड़ रुपये है। स्काई फोर्स की चार दिन की कमाई करीब 99 करोड़ रुपये रही है। जल्द ही फिल्म 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लेगी।

## 28 फरवरी को रिलीज होगी सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव

मुंबई,। एक्सेल एंटरटेनमेंट और टाइगर बेबी के साथ अमेजॅन एमजीएम स्टूडियोज, 28 फरवरी को सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव को सिनेमाघरों में रिलीज करने के लिए तैयार है। अमेजॅन एमजीएम स्टूडियोज ने एक्सेल एंटरटेनमेंट और टाइगर बेबी के साथ मिलकर अपनी बहुप्रशंसित ओरिजिनल फिल्म सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव का प्रीमियर भारत, यूके,यूएस यूएई, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के सिनेमाघरों में 28 फरवरी, 2025 को करने की घोषणा की है। यह फिल्म महाराष्ट्र राज्य के एक छोटे शहर मालेगांव में बनी है और वास्तविक घटनाओं से प्रेरित है। एक्सेल एंटरटेनमेंट और टाइगर बेबी निर्मित, सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव का निर्माण रितेश सिधवानी, फरहान अख्तर, जोया अख्तर और रीमा कागती ने किया है। फिल्म का निर्देशन रीमा कागती ने किया है और पटकथा वरुण ग्रोवर ने लिखी है। इसमें आदर्श गौरव, विनीत कुमार सिंह और शशांक अरोड़ा जैसे कलाकार मुख्य भूमिकाओं में हैं। सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव, मालेगांव के एक शौकिया फिल्म निमार्ता नासिर शेख के जीवन पर आधारित फिल्म है। मालेगांव के निवासी अपनी रोजमर्रा की थकान और संघर्ष से बचने के लिए बॉलीवुड सिनेमा की ओर रुख करते हैं। नासिर को मालेगांव के लोगों के लिए, मालेगांव के लोगों से एक फिल्म बनाने की प्रेरणा मिलती है।

## हरी हर वीरा मल्लू फिल्म से बॉबी देओल का फर्स्ट लुक आउट

प्रात: किरण,/ एजेसी



चेन्नई। अपकमिंग पीरियड फिल्म हरी हर वीरा मल्लू के निमार्ताओं ने सोमवार को बॉबी देओल के जन्मदिन के अवसर पर फिल्म से उनके फर्स्ट लुक को जारी किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फिल्म के निमार्ताओं ने लिखा,अपने शानदार अभिनय से स्क्रीन पर दर्शकों को बांधने वाले अभिनेता बॉबी देओल को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं! टीम हरी हर वीरा मल्लू। हरी हर वीरा मल्लू में अभिनेता पवन कल्याण मुख्य भूमिका में हैं। ज्योति कृष्णा और कृष जगरलामुदी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में अभिनेत्री निधि अग्रवाल मुख्य भूमिका में हैं। मेगा सूर्या प्रोडक्शन के बैनर तले ए. दयाकर राव ने फिल्म का निर्माण किया है। फिल्म हरी हर वीरा मल्लू औरंगजेब के अधीन मुगल साम्राज्य के दौरान साहसिक कारनामों की कहानी है। यह फिल्म उस समय के भारत के जटिल सामाजिक-आर्थिक दौर को दिखाती है, जब डच और पुर्तगाली जैसी विदेशी ताकतें देश की संपदा लूट रही थीं। निमार्ता हाल ही में रिलीज हुए फिल्म के पहले गाने को मिली दर्शकों की प्रतिक्रिया से खुश हैं। तेलुगू मेंमाता विनाली और तमिल में केक्कनम गुरुवे नाम से रिलीज यह गाना फिल्म के एक महत्वपूर्ण क्षण के दौरान सामने आता है, जो जंगल की सुंदर पृष्ठभूमि पर आधारित है। फिल्म में पवन कल्याण, निधि अग्रवाल और बॉबी देओल के अलावा नासर भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। इसके अलावा फिल्म में रघु बाबू, सुब्बाराजू, सुनील समेत अन्य सितारे भी हैं। फिल्म की सिनेमैटोग्राफी मनोज परमहंस और ज्ञानशेखर वीएस. ने की है और प्रोडक्शन डिजाइन थोटा थारानी ने किया है। बॉबी देओल को जन्मदिन के अवसर पर उनके बड़े भाई सनी देओल ने भी एक खास तस्वीर के साथ शुभकामनाएं दी।

## जुनैद खान ने खराब मौसम के बीच की लवयापा और महाराज की शूटिंग

मुंबई,। जुनैद खान अपनी पहली फिल्म महाराज में करसनदास मुलजी की भूमिका में नजर आए थे, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया। वहीं, रोमांटिक मनोरंजक फिल्म लवयापा सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। आमिर खान के बेटे जुनैद खान ने खराब मौसम के बीच दोनों फिल्मों की शूटिंग की। अभिनेता ने बताया कि लवयापा और महाराज की शूटिंग को लेकर उन्होंने कैसे तालमेल बिठाया। जानकारी के अनुसार, जुनैद खान दिल्ली में लवयापा की शूटिंग कर रहे थे तभी भारी बारिश शुरू हो गई। हालांकि, अभिनेता को अपनी पहली फिल्म महाराज की प्रतिबद्धताओं के लिए मुंबई भागना पड़ा, क्योंकि उन्होंने वहां जाने का वादा किया था। खराब मौसम के बावजूद जुनैद ने मुंबई के लिए उड़ान भरी और रवाना हुए। जुनैद खान के साथ लवयापा में खुशी कपूर लीड रोल में है। अद्वैत चंदन के निर्देशन में बनी फिल्म का निर्माण फैंटम स्टूडियोज और एजीएस एंटरटेनमेंट ने किया है। जुनैद खान और खुशी कपूर के अलावा फिल्म में ग्रुशा कपूर, आशुतोष राणा, तनविका परलीकर, कीकू शारदा, देवीशी मदान, आदित्य कुलश्रेष्ठ, निखिल मेहता, जेसन थाम, यूनुस खान, युक्तम खोसला और कुंज आनंद भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। लवयापा तमिल ब्लॉकबस्टर लव टुडे की हिंदी रीमेक है, जिसमें प्रदीप रंगनाथन और इवाना मुख्य भूमिका में थे। फिल्म एक युवा जोड़े की कहानी पर आधारित है, जिनके रिश्ते में तब मुश्किलें आती है, जब वे अपने मोबाइल फोन का आदान-प्रदान करते हैं और एक-दूसरे के बारे में कुछ सच्चाइयों को जान जाते हैं। लवयापा 7 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। जुनैद खान के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनके पास अभिनेत्री साई पल्लवी के साथ एक और फिल्म है।




## माही श्रीवास्तव और गोल्डी यादव का भोजपुरी लोकगीत लाग जाला मरचा पिया रिलीज

प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई,अभिनेत्री माही श्रीवास्तव और गायिका गोल्डी यादव का भोजपुरी लोकगीत लाग जाला मरचा पिया रिलीज हो गया है। भोजपुरी लोकगीत लाग जाला मरचा पिया को वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी ने अपने ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया है। इस गाने को लेकर माही श्रीवास्तव ने कहा,हर पत्नी की ख्वाहिश होती है कि उसका पति उसके हर अरमान को पूरा करे। इस सब्जेक्ट पर वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स म्यूजिक कंपनी यह सांग बनाया है, जिसमें काम करके मुझे बहुत आनंद आया। यह लोकगीत बहुत ही मजेदार है, जिसे ऑडियंस बहुत प्यार दे रही है, इसके लिए सभी को दिल से धन्यवाद! हर गानों की तरह इसमें भी मैंने अपना हंड्रेड परसेंट दिया है। आप सभी का मुझ पर ऐसे ही प्यार बना रहे। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत लोकगीत लाग जाला मरचा पिया के निमार्ता रत्नाकर कुमार हैं। इस गीत को गोल्डी यादव ने गाया है। इसके वीडियो में माही श्रीवास्तव है। इस गाने को रवि यादव ने लिखा है, जबकि विक्की वॉक्स ने संगीत दिया है। वीडियो डायरेक्टर आशीष सत्यार्थी, डीओपी संतोष यादव एंड नवीन, कोरियोग्राफर अनुज मौर्या, एडिटर प्रवीण यादव हैं। डीआई रोहित सिंह, मिक्स एंड मास्टर अंकित अहीर, प्रोडक्शन पंकज सोनी ने किया है। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।

## राम लखन में काम करना अविश्वसनीय अनुभव रहा है : जैकी श्राफ




प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई,। बॉलीवुड अभिनेता जैकी श्राफ का कहना है कि सुपरहिट फिल्म राम लखन ने काम करना उनके लिये अविश्वसनीय अनुभव रहा है। सुभाष घई के निर्देशन में बनी सुपरहिट फिल्म राम लखन 27 जनवरी 1989 में रिलीज हुयी थी। इस फिल्म में जैकी श्राफ, अनिल कपूर, माधुरी दीक्षित,डिंपल कपड़िया, अमरीश पुरी, परेश रावल, गुलशन ग्रोवर, अनुपम खेर और राखी ने अहम भूमिका निभायी थी। फिल्म राम लखन को प्रदर्शित हुये 36 साल पूरे हो गये हैं। जैकी श्रॉफ ने कहा,यह अविश्वसनीय है कि ह्यराम लखनह्ल ने अपनी रिलीज के 36 साल पूरे कर लिए हैं और यह किसी शानदार अनुभव से कम नहीं है। सुभाष घई के निर्देशन में अनिल कपूर, माधुरी दीक्षित, डिंपल कपाड़िया और बाकी स्टार कास्ट के साथ काम करना एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है। सेट पर हमने जो रिश्ता बनाया, उसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगा और आज तक यह रिश्ता उतना ही मजबूत बना हुआ है।ह्यराम लखनह्ल की शूटिंग की ऊर्जा बेजोड़ थी और मैं इस बात से बेहद खुश हूं कि फिल्म ने दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित किया है।

## हिंदी और तेलुगु सिनेमा में डेब्यू करेंगी आकांक्षा शर्मा



मुंबई,। अभिनेत्री आकांक्षा शर्मा इस वर्ष चार प्रतिष्ठित फिल्मों के साथ हिंदी और तेलुगु सिनेमा में रोमांचक शुरूआत करने के लिए तैयार हैं। आकांक्षा शर्मा चार बहुप्रतीक्षित फिल्मों के साथ एक प्रभावशाली शुरूआत के लिए तैयार हैं। उनकी बॉलीवुड यात्रा तेरा यार हूं मैं से शुरू होती है, जिसमें अमन इंद्र कुमार सह-कलाकार हैं और इसका निर्देशन मिलाप जवेरी ने किया है। यह फिल्म रिश्तों और दोस्ती पर केंद्रित एक भावनात्मक मनोरंजक होने का वादा करती है, जो एक अभिनेत्री के रूप में आकांक्षा की बहुमुखी प्रतिभा को प्रदर्शित करती है। इसके बाद, आकांक्षा पीरियड ड्रामा केसरी वीर में एक महत्वपूर्ण भूमिका में है। उद्योग के दिग्गजों सुनील शेट्टी, विवेक ओबेरॉय और सूरज पंचोली के साथ स्क्रीन साझा करते हुए, यह फिल्म वीरता और बलिदान की एक मनोरंजक कहानी का वादा करती है। दर्शक आकांक्षा के दमदार प्रदर्शन का इंतजार कर रहे हैं क्योंकि वह एक भव्य सिनेमाई कथा में इस चुनौतीपूर्ण भूमिका में कदम रख रही हैं इसके साथ ही, आकांक्षा 14 फरवरी, 2025 को विश्वक सेन के साथ रिलीज होने वाली लैला के साथ अपना तेलुगु डेब्यू करेंगी। अपनी आकर्षक कहानी और चार्ट-टॉपिंग संगीत के साथ, लैला पहले से ही एक रोमांटिक ड्रामा के रूप में चर्चा पैदा कर रही है जो उसके प्राकृतिक आकर्षण और स्क्रीन उपस्थिति को उजागर करता है। अपनी बढ़ती फिल्मोग्राफी को जोड़ते हुए, आकांक्षा मिलाप जावेरी निर्देशित एक एक्शन-कॉमेडी फिल्म में अभिनय करने के लिए तैयार हैं, जिसकी शूटिंग इस साल से शुरू हो रही है।अपनी सुंदरता, प्रतिभा और फिल्मों की एक मजबूत श्रृंखला के मिश्रण के साथ, आकांक्षा भारतीय सिनेमा में एक उभरता हुआ सितारा बनने के लिए तैयार है।

### मोहनलाल स्टारर हृदयपूर्वम में मालविका मोहनन की एंट्री

चेन्नई, । अभिनेत्री मालविका मोहनन साउथ फिल्म इंडस्ट्री के सुपरस्टार मोहनलाल की अपकमिंग फिल्म हृदयपूर्वम में नजर आएंगी। मलयालम सिनेमा के सफल निर्देशक सत्यन एंथिकड अपनी खास तरह की फिल्मों के लिए दर्शकों के बीच खासा लोकप्रिय हैं। वहीं, मोहनलाल स्टारर हृदयपूर्वम मालविका के सफल करियर में चार चांद लगाने का काम करेगा। जानकारी के अनुसार, फिल्म की शूटिंग 10 फरवरी को कोच्चि में पारंपरिक पूजा समारोह के साथ शुरू होगी। अभिनेता मोहनलाल 14 फरवरी को सेट पर शामिल होंगे। हालांकि, मोहनलाल स्टारर अपकमिंग फिल्म हृदयपूर्वम में अपनी भूमिका के बारे में मोहनन ने डिटेल्स को गुप्त रखा है। फिल्म निमार्ताओं ने भी इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। मालविका मोहनन, निर्देशक पा रंजीत की फिल्म थंगालान में अभिनेता विक्रम के साथ नजर आई थीं। फिल्म में मोहनन के अभिनय को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अभिनेत्री मालविका मोहनन के अभिनय करियर पर नजर डालें तो वह क्षेत्रीय फिल्मों से लेकर थंगालान और राजासाब जैसे पैन-इंडिया प्रोजेक्ट्स के साथ जुड़ चुकी हैं।

## काजल अग्रवाल ने शुरू की द इंडिया स्टोरी की शूटिंग

प्रात: किरण,/ एजेसी



मुंबई,। अभिनेत्री काजल अग्रवाल ने मोस्ट अवेटेड प्रोजेक्ट द इंडिया स्टोरीकी शूटिंग शुरू कर दी है। पुणे में फिल्म की शूटिंग शुरू करने के बाद अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर सोमवार को पोस्ट शेयर कर प्रशंसकों को जानकारी दी। सोशल मीडिया पर सक्रिय अभिनेत्री ने हाथ में क्लैपबोर्ड पकड़े हुए तस्वीर पोस्ट की और कैप्शन में लिखा,पुणे में द इंडिया स्टोरी के लिए हमारे पहले शेड्यूल की शुरूआत। इस अनकही,प्रभावशाली कहानी के किरदार में ढलने के लिए उत्साहित हूं। अपने कैलेंडर पर 15 अगस्त का निशान लगा लें। सिनेमाघरों में मिलते हैं! द इंडिया स्टोरी एक मनोरंजक ड्रामा है, जिसमें काजल अग्रवाल के साथ श्रेयस तलपड़े और मुरली शर्मा भी अहम भूमिका में हैं। चेतन डीके के निर्देशन में बनी फिल्म का निर्माण एमआईजी प्रोडक्शन एंड स्टूडियोज के तहत सागर बी. शिंदे ने किया है। एक तरह के स्कैम पर बनी फिल्म के कई हिस्से कोल्हापुर में भी शूट किए गए हैं। प्रोडक्शन हाउस ने सोशल मीडिया पर शूटिंग के पहले दिन की तस्वीरें हाल ही में शेयर की थीं, जिसमें लिखा था, एक दमदार कहानी जो पहले कभी नहीं कही गई। 15 अगस्त 2025 को सिनेमाघरों में आ रही है। ह्लयह फिल्म अयान मुखर्जी की वॉर 2 से सिनेमाघरों में टकराएगी, जिसमें ऋतिक रोशन के साथ जूनियर एनटीआर अहम भूमिका में हैं। काजल अग्रवाल के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह आखिरी बार पिछले साल रिलीज तेलुगू फिल्म सत्यभामा में नजर आई थीं। सुमन के निर्देशन में बनी फिल्म के निमार्ता शशि किरण टिक्का, बॉबी टिक्का और श्रीनिवास राव तक्कलपेल्ली हैं। इस फिल्म में काजल ने नवीन चंद्रा, प्रकाश राज, नागिनीदु, हर्षवर्धन और रवि वर्मा के साथ मुख्य भूमिका निभाई थी। काजल अग्रवाल की अपकमिंग प्रोजेक्ट्स पर नजर डालें तो वह कमल हासन की मोस्ट अवेटेड फिल्म इंडियन 3 के अलावा सलमान खान-रश्मिका मंदाना स्टारर एआर मुरुगादॉस के निर्देशन में बनी फिल्म सिकंदर में भी दिखाई देंगी। काजल के पास विष्णु मांचू की फिल्म कन्नप्पा भी है। इस फिल्म में काजल के साथ अभिनेता अक्षय कुमार अहम भूमिका में नजर आएंगे।

# सराफा बाजार में गिरावट जारी, सोना और चांदी की घटी कीमत

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली,। घरेलू सराफा बाजार आज लगातार तीसरे दिन गिरावट नजर आ रही है। कीमत में गिरावट आने के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 82,240 रुपये से लेकर 82,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 75,390 रुपये से लेकर 75,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज 1,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की कमजोरी आई है, जिसके कारण दिल्ली सराफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 96,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 82,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 75,540 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 82,240 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 75,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 82,290 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 75,440 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में



24 कैरेट सोना आज 82,240 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 75,390 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 82,240 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 75,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 82,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 75,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 82,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 75,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 82,390 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 75,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी आज सोने की कीमत में गिरावट दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 82,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सराफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 75,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### देश में धड़ल्ले से क्रेडिट कार्ड से खर्च कर रहे लोग, सितंबर तिमाही में 34 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी

मुंबई,। भारत में क्रेडिट कार्ड के उपयोग में सितंबर तिमाही में 34 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है, जबकि 2023 की समान अवधि में यह आंकड़ा 26 प्रतिशत के पास था। इसकी वजह ग्राहकों द्वारा अपनी खपत की जरूरतों को पूरा करने के लिए मौजूदा क्रेडिट कार्ड से अधिक खर्च करना है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई।रिपोर्ट में कहा गया कि भारत की रिटेल क्रेडिट ग्रोथ में सितंबर 2024 को समाप्त हुई तिमाही में हल्की नरमी देखने को मिली है। इसकी वजह लोन मांग वृद्धि की दर में सामान्य गिरावट और अधिकांश लोन उत्पादों में क्रेडिट की आपूर्ति में कमी होना है। एक आर्थिक जानकार ने बताया कि क्रेडिट कार्ड पर खर्च में मजबूत वृद्धि उपभोक्ताओं के बीच इसकी बढ़ती स्वीकार्यता को दिखाती है। यह केवल लेनदेन तक ही सीमित नहीं है, बल्कि क्रेडिट तक आसान पहुंच को भी दिखाती है। यह लेंडर्स के लिए एक मौका हो सकता है कि वे इसतरह के उपभोक्ताओं की पहचान करें जिन्हें अपने उपभोग के लिए अतिरिक्त लोन की आवश्यकता है और उन्हें बेहतर और किफायती समाधान उपलब्ध कराएं। रिपोर्ट के अनुसार, पर्सनल लोन में सालाना आधार पर दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज की गई, जो कि सितंबर 2024 में 11 प्रतिशत रही है। यह वृद्धि दर पिछले साल के समान अवधि के आंकड़े 32 प्रतिशत से काफी कम है। रिपोर्ट में बताया गया है कि दोपहिया वाहनों और प्रॉपर्टी के बदले लोन में भी मजबूत वृद्धि दिखाई दी है। जानकार ने सुझाव दिया, बाजार की बदलती परिस्थितियों का मतलब है कि लेंडर्स को रिटेल लोन वृद्धि के लिए टारगेटेड एप्रोच अपनाने की आवश्यकता है।

### जेएसडब्ल्यू इन्फ्रा का शुद्ध लाभ दिसंबर तिमाही में 32 प्रतिशत बढ़कर 335.62 करोड़ रुपये पर

नई दिल्ली,। जेएसडब्ल्यू इन्फ्रास्ट्रक्चर का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में आमदनी बढ़ने से 32.35 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 335.62 करोड़ रुपये हो गया है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 253.57 करोड़ रुपये रहा था। देश की दूसरी सबसे बड़ी निजी बंदरगाह परिचालक कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी कुल आमदनी चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 1,265.31 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,018.30 करोड़ रुपये रही थी। कंपनी ने बताया कि उसका खर्च दिसंबर तिमाही में बढ़कर 989.40 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 711.25 करोड़ रुपये रहा था। दिसंबर तिमाही में कंपनी ने 2.94 करोड़ टन माल ढुलाई की, जो पिछले साल की समान अवधि से पांच प्रतिशत ज्यादा है।

### सिप्ला का शुद्ध लाभ तीसरी तिमाही में 48.73 प्रतिशत बढ़कर 1,570.51 करोड़ रुपये पर

नई दिल्ली,। दवा बनाने वाली प्रमुख कंपनी सिप्ला का 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 48.73 प्रतिशत बढ़कर 1,570.51 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 1,055.9 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। सिप्ला ने बताया कि उसका परिचालन राजस्व सालाना आधार पर 6,603.81 करोड़ रुपये से बढ़कर 7,072.97 करोड़ रुपये हो गया।

### एक करोड़ रुपये से कम कीमत के घरों की आपूर्ति पिछले साल 30 प्रतिशत घटी: रिपोर्ट

नई दिल्ली,। पिछले साल देश के नौ प्रमुख शहरों में एक करोड़ रुपये तक की कीमत वाले किफायती और मध्यम आय वर्ग के लिए घरों की नई आपूर्ति 30 प्रतिशत घटकर लगभग 1.99 लाख इकाई रह गई। रियल एस्टेट क्षेत्र के आंकड़ों का विश्लेषक करने वाली कंपनी प्रॉपइक्विटी ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी प्रॉपइक्विटी ने मंगलवार को बताया कि भारत के प्रमुख नौ शहर आवास संकट का सामना कर रहे हैं। अधिकांश भारतीय नौकरी के लिए इन शहरों का रुख करते हैं। प्रॉपइक्विटी ने किफायती और मध्यम आय वाले घरों की नई आपूर्ति में इस गिरावट का कारण यह है कि आज बिल्डर लक्जरी घर बनाने की ओर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

# श्रीलंका अदाणी ग्रीन एनर्जी के साथ बिजली खरीद समझौते पर नए सिरे से बातचीत को तैयार

प्रात: किरण/एजेंसी




कोलंबो,। श्रीलंका की सरकार 484 मेगावाट क्षमता वाली पवन ऊर्जा परियोजना से पैदा होने वाली बिजली की लागत कम करने को लेकर अदाणी ग्रीन एनर्जी के साथ बिजली खरीद समझौते पर फिर से बातचीत करेगी। श्रीलंका सरकार के प्रवक्ता नलिंदा जयतिसा ने मंगलवार को कहा कि सरकार इस परियोजना की लागत को 0.06 अमेरिकी डॉलर प्रति यूनिट से कम करने के बारे में अदाणी समूह की कंपनी के साथ नए सिरे से बातचीत करेगी। जयतिसा ने यहां संवाददाताओं से कहा,हम चाहते हैं कि यह छह अमेरिकी सेंट से कम हो। श्रीलंका की पिछली सरकार ने 484 मेगावाट क्षमता के पवन संयंत्रों के लिए 8.2 सेंट के भाव पर अदाणी ग्रीन एनर्जी के साथ 20 साल का बिजली खरीद समझौता (पीपीए) करने का फैसला किया था। हालांकि, इस निर्णय पर विवाद हो गया था क्योंकि स्थानीय बोलीदाताओं ने उससे कम यूनिट कीमतों की बोली लगाई थी। जयतिसा की पार्टी नेशनल पीपल्स पावर (एनपीपी) ने पहले अदाणी ग्रीन एनर्जी परियोजना को रद्द करने का वादा किया था। पिछली सरकार द्वारा सहमत खरीद मूल्यों पर नई सरकार ने दिसंबर में हस्ताक्षर करने से मना कर दिया था। हालांकि, श्रीलंका सरकार ने उन खबरों का खंडन किया कि मन्नार और पूनरिन परियोजनाओं के पूर्वोत्तर क्षेत्रों में स्थित अदाणी ग्रीन एनर्जी परियोजनाओं को रद्द किया जाना है। लेकिन सरकार ने यह जरूर कहा कि उसके द्वारा नियुक्त एक समिति पूरी परियोजना की समीक्षा करेगी। अदाणी ग्रीन एनर्जी ने भी पहले इस बात से इनकार किया था कि श्रीलंका सरकार ने परियोजना रद्द कर दी है। अदाणी समूह की कंपनी ने पिछले हफ्ते अपने एक बयान में कहा कि मई, 2024 में स्वीकृत शुल्क दरों का पुनर्मूल्यांकन करने के लिए दो जनवरी, 2025 का श्रीलंकाई मंत्रिमंडल का निर्णय एक मानक समीक्षा प्रक्रिया का हिस्सा है। खासकर एक नई सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि समझौते की शर्तें उनकी वर्तमान प्राथमिकताओं और ऊर्जा नीतियों से मेल खाती है। इसके साथ ही अदाणी ग्रीन एनर्जी ने कहा था कि वह श्रीलंका के हरित ऊर्जा क्षेत्र में एक अरब डॉलर का निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे नवीकरणीय ऊर्जा एवं आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।

# रुपया 26 पैसे कमजोर होकर 86.57 डॉलर पर

**रुपया पिछले सत्र में नौ पैसे कमजोर होकर 86.31 पर बंद हुआ था**



प्रात: किरण/एजेंसी

मुंबई,। तेल आयातकों की ओर से डॉलर की निरंतर मांग के बीच रुपया मंगलवार को शुरूआती कारोबार में 26 पैसे कमजोर होकर 86.57 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी तथा विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती से रुपये पर दबाव जारी है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.53 पर खुला और फिर फिसलकर 86.57 प्रति डॉलर पर आ गया, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 26 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया सोमवार को नौ पैसे कमजोर होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.31 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.49 प्रतिशत की बढ़त के साथ 107.86 पर रहा।

# हुंदै का दिसंबर तिमाही का मुनाफा 19 प्रतिशत घटकर 1,161 करोड़ रुपये पर

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली, । हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 19 प्रतिशत घटकर 1,161 करोड़ रुपये रहा है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 1,425 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। हुंदै मोटर इंडिया ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में उसकी परिचालन आय घटकर 16,648 करोड़ रुपये रह गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 16,875 करोड़ रुपये थी।

# हिंदुस्तान जिंक का तीसरी तिमाही में मुनाफा 32 प्रतिशत बढ़कर 2,678 करोड़ रुपये

HINDUSTAN ZINC
Zinc & Silver of India

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली,। वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 32 प्रतिशत बढ़कर 2,678 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का गत वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में मुनाफा 2,028 करोड़ रुपये रहा था। हिंदुस्तान जिंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, अक्टूबर-दिसंबर, 2024 की अवधि में उसकी एकीकृत आय बढ़कर 8,832 करोड़ रुपये हो गई, जो गत वित्त वर्ष की समान अवधि में 7,606 करोड़ रुपये थी। वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत जस्ता उत्पादक और तीसरी सबसे बड़ी चांदी उत्पादक कंपनी है।

# मोदी ने राज्यों, निजी क्षेत्र से संगीत समारोह के लिए बुनियादी ढांचा विकसित करने को कहा

प्रात: किरण/एजेंसी




भुवनेश्वर,। मुंबई और अहमदाबाद में कोल्डप्ले संगीत समारोह की सफलता को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत में संगीत समारोहों से जुड़ी अर्थव्यवस्था में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने राज्य सरकारों और निजी क्षेत्र से सजीव कार्यक्रमों की मेजबानी के लिए जरूरी बुनियादी ढांचे और कौशल विकास में निवेश करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने भुवनेश्वर के जनता मैदान में ह्यउत्कर्ष ओडिशाः मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 10 वर्षों में सजीव कार्यक्रमों की मांग बढ़ी है। उन्होंने कहा, एक ऐसा देश जिसकी संगीत, नृत्य और कहानी कहने की इतनी समृद्ध विरासत है और जहां युवाओं का एक बड़ा समूह है, जो संगीत कार्यक्रमों के बड़े उपभोक्ता हैं, वहां संगीत कार्यक्रमों से जुड़ी अर्थव्यवस्था में कई संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा, ह्यह्यआपने देखा होगा कि पिछले 10 वर्षों में सजीव कार्यक्रमों की मांग और रुझान में वृद्धि हुई है। बीते दिनों आपने मुंबई और अहमदाबाद में कोल्डप्ले के संगीत कार्यक्रमों की खूबसूरत तस्वीरें देखी होंगी। यह साबित करता है कि भारत में संगीत कार्यक्रमों के लिए बहुत संभावनाएं हैं। मोदी ने कहा,दुनियाभर के बड़े कलाकार भारत की ओर आकर्षित होते हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि राज्य और निजी क्षेत्र संगीत कार्यक्रमों से जुड़ी अर्थव्यवस्था के लिए जरूरी बुनियादी ढांचे और कौशल विकास पर ध्यान देंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले महीने, भारत पहली बार विश्व ध्वनि दृश्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (डब्ल्यूएवीईएस) की मेजबानी करेगा और दुनिया को देश की रचनात्मक शक्ति का प्रदर्शन करेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस तरह के आयोजन राजस्व पैदा करते हैं और अर्थव्यवस्था के विकास में योगदान करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ओडिशा में इस तरह के आयोजनों की मेजबानी करने की अपार संभावनाएं हैं। भारत में सम्मेलन पर्यटन की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली में भारत मंडपम और यशोभूमि जैसे स्थल इसके लिए प्रमुख केंद्र बन रहे हैं।

# ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत, एशियाई बाजारों में मिला-जुला कारोबार

नई दिल्ली,। ग्लोबल मार्केट से आज कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान बड़ी गिरावट का शिकार हो गए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज कमजोरी के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार करने के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। वहीं एशियाई बाजारों में आज मिला-जुला कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। चीन के एआई स्टार्टअप डीपसेक के झटके ने पिछले सत्र के कारोबार के दौरान अमेरिकी टेक शेयरों को पूरी तरह से हिला दिया, जिसकी वजह से वॉल स्ट्रीट में पिछले सत्र के दौरान तीन प्रतिशत तक की गिरावट आ गई। एसएंडपी 500 इंडेक्स 1.46 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 6,012.28 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 610.90 अंक यानी 3.06 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 19,343.41 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज फिलहाल 0.09 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 44,674.64 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव में कारोबार करने के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.02 प्रतिशत की सांकेतिक तेजी के साथ 8,503.71 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, सीएसी इंडेक्स ने 0.27 प्रतिशत की गिरावट के साथ 7,906.58 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 112.75 अंक यानी 0.53 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 21,282.18 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में आज मिला-जुला कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 3 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 2 सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं। ताइवान, कोरिया, इंडोनेशिया और चीन के स्टॉक एक्सचेंज में छुट्टी होने की वजह से ताइवान वेटेड इंडेक्स, कोस्पी इंडेक्स, जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स में आज कोई हलचल नहीं है। गिफ्ट निफ्टी 0.40 प्रतिशत की तेजी के साथ 22,902.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.38 प्रतिशत उछल कर 3,811.06 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा हैंग सेंग इंडेक्स 0.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 20,232.68 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। दूसरी ओर, निक्केई इंडेक्स 420.59 अंक यानी 1.07 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 39,145.21 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.07 प्रतिशत की मामूली कमजोरी के साथ 1,340.03 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

# कृषि क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगी यूपी एग्रीज : योगी

प्रात: किरण/एजेंसी




लखनऊ,। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि उत्तर प्रदेश एग्रीकल्चर ग्रोथ एंड एंटरप्राइज इकोसिस्टम स्ट्रेंथनिंग (यूपी एग्रीज) किसानों और कृषि क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगा। आदित्यनाथ ने मंगलवार को यहां इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित एक समारोह में यूपी एग्रीज परियोजना की शुरूआत की। एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा, ह्यउत्तर प्रदेश गेहूं, आलू, आम, अमरूद, मटर, मशरूम, तरबूज और शहद आदि के उत्पादन में देश में शीर्ष पर है।ह्व योगी ने कहा कि देश के सब्जी उत्पादन में 15 प्रतिशत और फल उत्पादन में 11 प्रतिशत हिस्सेदारी उत्तर प्रदेश की है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में देश की करीब 17 प्रतिशत जनसंख्या रहती है, वहीं खाद्यान्न उत्पादन में उत्तर प्रदेश का योगदान 23 प्रतिशत से अधिक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के खाद्यान्न निर्यात में उत्तर प्रदेश तीसरे स्थान पर है। ऐसे में यूपी एग्रीज परियोजना प्रदेश के निर्यात की संभावनाओं को आगे ले जाने में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि यह किसानों और कृषि क्षेत्र में काम करने वाले लोगों के लिए अच्छी शुरूआत है। चार हजार करोड़ रुपये की यूपी एग्रीज परियोजना के लिए 2,737 करोड़ रुपये का ऋण विश्व बैंक से मिला है, जबकि राज्य सरकार ने 1,166 करोड़ रुपये का अंशदान किया है। परियोजना का मुख्य उद्देश्य कृषि और उससे संबंधित क्षेत्र को चिन्हित करना, प्रमुख फसलों की उत्पादकता में गुणात्मक वृद्धि, विशिष्ट कृषि उत्पादों को बढ़ावा देना, फसल तैयार होने के बाद प्रबंधन और बाजार समर्थन प्रणाली को विकसित करना है। इसके पहले चरण में राज्य के आठ संभागों (कमिश्नरी) के 28 जनपद चुने गये हैं। यह परियोजना छह वर्ष की होगी। इसकी शुरूआत 2024-25 से होगी और यह 2029-30 तक चलेगी। आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से उत्तर प्रदेश समग्र विकास के नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। इनमें कृषि और उससे संबंधित क्षेत्र की प्रगति स्पष्ट रूप से देखने को मिल रही है। यह कार्यक्रम उसी अभियान का एक हिस्सा है।

# बढ़त के साथ शेयर बाजार की शुरूआत

**सेंसेक्स 350 अंक चढ़ा, निफ्टी 22,900 के ऊपर**

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली,। घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान उतार-चढ़ाव के बीच तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत भी बढ़त के साथ हुई थी। हालांकि बाजार खुलते ही बिकवाली के दबाव में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों में गिरावट आ गई, लेकिन थोड़ी देर बाद ही खरीदारों ने मोर्चा संभाल लिया। बाजार में खरीदारी शुरू हो जाने की वजह से शेयर बाजार की चाल में दोबारा तेजी का रुख बन गया। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.46 प्रतिशत और निफ्टी 0.22 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से श्रीराम फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस, एक्सिस बैंक और बजाज फाइनेंस के शेयर 2.31 प्रतिशत से लेकर 0.33 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर श्रीराम फाइनेंस, डॉक्टर रेड्डीज लेबोरेट्रीज, एनटीपीसी, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज और सिप्ला के शेयर 4.31 प्रतिशत से लेकर 1.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,363 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 519 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,844 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 15 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 15 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 20 शेयर हरे निशान में और 30 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 292.83 अंक उछल कर 75,659 अंक के स्तर पर खुला।

# मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में बिना लॉक-इन और एग्जिट चार्ज के निवेश का मौका

**निवेशक कभी भी अपने पैसे निकाल सकते हैं, कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होगा**

नई दिल्ली,। यूटीआई म्यूचुअल फंड ने अपना नया ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम यूटीआई निफ्टी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग इंडेक्स फंड झ्र रेगुलर प्लान लॉन्च किया है। यह फंड निफ्टी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग टीआरआई को ट्रैक करता है, जो भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की कंपनियों का प्रदर्शन दर्शाता है। इसका उद्देश्य इंडेक्स की परफॉर्मेंस के अनुसार रिटर्न देना है, हालांकि ट्रैकिंग एरर के चलते कुछ अंतर हो सकता है। यह न्यू फंड ऑफर 28 जनवरी को लॉन्च हो गया और 10 फरवरी 2025 को बंद हो जाएगा। इस स्कीम की खासियत यह है कि इसमें कोई लॉक-इन पीरियड नहीं है और न ही एग्जिट लोड लगेगा। इसका मतलब है कि निवेशक कभी भी अपने पैसे निकाल सकते हैं, और इसके लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होगा। एनएफओ और प्लान्स में मिनिमम इन्वेस्टमेंट 1,000 रुपए है, जिसके बाद 1 रुपए के मल्टीपल्स में इन्वेस्टमेंट किया जा सकता है। फोलियो में दोबारा इन्वेस्टमेंट के लिए भी मिनिमम अमाउंट 1,000 रुपए है और 1 रुपए के मल्टीपल्स में आगे इन्वेस्ट किया जा सकता है। मैक्सिमम इन्वेस्टमेंट की कोई लिमिट नहीं है। यूनिट्स का अलॉटमेंट एप्लिकेबल स्टांप ड्यूटी और ट्रांजैक्शन चार्जेज डिडक्ट करने के बाद ही किया जाएगा। एसआईपी (सिस्टेमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) के ऑप्शन्स में डेली, वीकली और मंथली एसआईपी के लिए मिनिमम अमाउंट 500 रुपए है, जबकि क्वार्टरली एसआईपी के लिए 1,500 रुपए तय की गई है। दोनों ही केसेस में 1 रुपए के मल्टीपल्स में इन्वेस्टमेंट पॉसिबल है।

# खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2025 : लद्दाख शीर्ष पर रहा, सेना ने आईटीबीपी को हरा जीता आइस हॉकी का खिताब

● अंतिम दिन दो स्वर्ण जीतकर लद्दाख ने चार गोल्ड मेडल के साथ किया समापन

प्रात : किरण,/ एजेसी

लेह (लद्दाख), ।खेलो इंडिया शीतकालीन खेल (केआईडब्ल्यूजी) 2025 की मेजबानी कर रहे केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया है और पदक तालिका में शीर्ष पर रहा। में शीर्ष पर रहा, जिसका पहला अध्याय सोमवार को यहां एनडीएस स्टेडियम में समाप्त हुआ। हमेशा की तरह, ग्रैंड फिनाले में रोमांचक पुरुष आइस हॉकी फाइनल हुआ और भारतीय सेना ने आईटीबीपी को 2-1 से हराकर केआईडब्ल्यूजी का ताज बरकरार रखा। केआईडब्ल्यूजी 2025 का दूसरा और अंतिम चरण 22-25 फरवरी तक जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में आयोजित किया जाएगा। सोमवार को तय हुए चार स्वर्ण में से दो स्वर्ण लद्दाख ने जीते। उनकी मिश्रित रिले चौकड़ी, जिसमें स्टैनज़िन जम्पल, स्कर्मा त्सुल्टिम, मोहम्मद सकाफ रजा और पद्मा एंग्मो शामिल थे, ने 3:02.19 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता। महाराष्ट्र (3:03.78 सेकेंड) और तेलंगाना (3:04.85 सेकेंड) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। वहीं, खचाखच भरे एनडीएस स्टेडियम परिसर में महिला राउंड-रॉबिन लीग में लद्दाख ने आईटीबीपी को 4-0 से हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। महिला आइस हॉकी पिछले साल ही शुरू हुई थी और दिलचस्प बात यह है कि लद्दाख फाइनल मैच आईटीबीपी से 4-0 के अंतर से हार गया था। हिमाचल प्रदेश ने कांस्य पदक जीता। यूटी लद्दाख महिला आइस हॉकी टीम की वरिष्ठ सदस्य पद्मा चोरोल ने कहा, ह्लयह आश्चर्यजनक लगता है और




यह हमारी टीम के लिए एक बड़ा क्षण है। पिछले साल हम आईटीबीपी से हार गए थे लेकिन इस साल हमने जोरदार वापसी की। इस आयोजन को लद्दाख में लाने और हमारे लिए इसे संभव बनाने के लिए हमारे कोच और खेलो इंडिया प्रशासन को बहुत-बहुत धन्यवाद।ह्व सोमवार को अंतिम स्केटिंग स्पर्धा में, 500 मीटर महिला लॉन्ग ट्रैक (गुपुक्स में) में, यशश्री ने तमिलनाडु के लिए केआईडब्ल्यूजी 2025 का तीसरा स्वर्ण जीता। उसने 00:58.00 सेकंड का समय लिया। महाराष्ट्र की रिया विलास गायकवाड़ (1:04.31 सेकेंड) और कर्नाटक की सृजा एस राव (1:04.93 सेकेंड) ने सबसे कड़े मुकाबले में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। केआईडब्ल्यूजी 2025 में शीर्ष पर रहा लद्दाख (चार स्वर्ण सहित 7 पदक) और उसके बाद तमिलनाडु (तीन स्वर्ण सहित पांच पदक) का स्थान रहा। महाराष्ट्र अधिकतम पदकों (10) के साथ समाप्त हुआ लेकिन केवल दो स्वर्ण का मतलब था कि वे तीसरे स्थान पर रहे। सेना ने अपने आइस-हॉकी ताज का बचाव किया। सोमवार के फाइनल में, पहले दो अवधियों में कोई गोल नहीं हुआ और सभी तीन गोल खेल के अंतिम 15 मिनट में आए। यह कई राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को मैदान में उतारने वाली दो कुशल टीमों के बीच एक रोमांचक मुकाबला था। अंतिम समय के तीसरे मिनट में सेना ने बढ़त बनाई। रिगज़िन नोरबू ने राष्ट्रीय खिलाड़ी दोर्जे एंगचोक की बेहतरीन मदद से सुदूर पोस्ट पर चतुराईपूर्ण फिनिश के साथ सेना को बढ़त दिला दी। 13वें मिनट में ताशी नामगेल की सहायता से आईटीबीपी के लिए रिगज़िन नोरबू ने बराबरी का गोल दागा जिसके बाद सेना ने बढ़त खो दी। एक बार फिर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई क्योंकि पद्मा नोरबू ने धैर्य बनाए रखते हुए एक मिनट शेष रहते सेना टीम का स्कोर 2-1 कर दिया। सेना के कोच रिनचेन टुंडुप ने बताया, ह्लहमारी टीम लगातार मैच खेल रही है, जिसकी शुरूआत सीईसी कप, फिर एलजी कप और अब खेलो इंडिया से हुई है। हमें अभ्यास के लिए ज्यादा समय नहीं मिला, लेकिन मुझे खुशी है कि टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया। हमने तीनों कप जीते और मैं उनके प्रदर्शन से खुश हूं। मैं आज के फाइनल में हमें कड़ी प्रतिस्पर्धा देने के लिए आईटीबीपी टीम को भी धन्यवाद देना चाहता हूं।

# कोहली के किया अरूण जेटली स्टेडियम में अभ्यास

प्रात : किरण,/ एजेसी



नई दिल्ली, । विराट कोहली की काली पोर्श कार सुबह ठीक नौ बजे जब यहां फिरोजशाह कोटला मैदान के वीरेंद्र सहवाग गेट से अंदर आई तो यह दिल्ली के इस स्टार बल्लेबाज के लिए घर वापसी जैसा था जो 12 साल से अधिक समय के बाद अपनी प्रथम श्रेणी टीम के साथ अभ्यास के लिए पहुंचे। तेज गेंदबाज नवदीप सैनी को छोड़कर दिल्ली की टीम के अन्य सभी 18 सदस्यों ने उन्हें केवल टीवी पर देखा था और यह कहानियां सुनते हुए बड़े हुए थे कि कैसे चीकू भारतीय क्रिकेट का किंग बन गया। पिछले 15 वर्षों में दिल्ली का चीकू एक धुंधली याद बनकर रह गया है क्योंकि वह वैश्विक क्रिकेट में सबसे बड़ा व्यावसायिक रूप से व्यावहारिक ब्रांड बन गया है। वह चेहरा जिसे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अपनी ओलंपिक दावेदारी प्रस्तुतिकरण में सबके सामने रखा। सोमवार को वह अपने घरेलू मैदान पर लगभग तीन घंटे तक रहे और उन्होंने अपने आसपास के सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। चाहे वे युवा खिलाड़ी हों या अनुभवी मुख्य कोच सरनदीप सिंह या बल्लेबाजी कोच बंटू सिंह झ्र सभी उनके करीब रहना चाहते थे। हालांकि सभी के साथ विनम्र रहे भारत के पूर्व कप्तान कोहली अपने पूर्व अंडर-19 कोच महेश भाटी के साथ अधिक सहज दिखे जो इस टीम के प्रशासनिक प्रबंधक भी हैं। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा,वह बदला नहीं है। उसको छोले-पूरी पसंद थे और हमने मंगाकर रखे थे। उसने बोला छोले-पूरी नहीं खाऊंगा। कोहली ने 12 वर्षों में अपने पहले रणजी मुकाबले से पूर्व अपने पहले अभ्यास सत्र के बाद जो खाया वह उनका पुराना पसंदीदा व्यंजन है। अधिकारी ने खुलासा किया,अभ्यास के बाद पुराने समय की तरह कढ़ी-चावल खाया सभी के साथ। रणजी ट्रॉफी मुकाबलों को कवर करने के लिए घरेलू क्रिकेट को चाहने वाले लोग ही पहुंचते हैं लेकिन सोमवार को ऐसे लोगों की संख्या तीन गुनी थी। कोहली के प्रत्येक कदम पर लोगों की नजर थी। दो कोच सरनदीप और बंटू पूरे समय उनके साथ रहे। दिल्ली क्रिकेट में मामा के नाम से मशहूर डीडीसीए सचिव अशोक शर्मा ने कहा, मुझे याद है कि दिल्ली रणजी टीम के तत्कालीन मैनेजर अजीत चौधरी ने 2006-07 में उनका उपनाम चीकू रखा था। सनत सांगवान, अर्पित राणा और सिद्धांत शर्मा के लिए यह यादगार अवसर था लेकिन कोहली के लिए यह हमेशा की तरह ही था। ऐसा लग रहा था कि उन्होंने स्टार को मैदान के बाहर ही छोड़ दिया था और उनके अपने विराट भैया बन गए हैं। टीम ने रेलवे के खिलाफ महज औपचारिकता के मुकाबले से पहले नेट सत्र से पूर्व 35 मिनट तक वार्मअप किया। सभी ने 15 मिनट तक फुटबॉल खेला और तेज दौड़ लगाई तथा हंसी-मजाक भी किया। नेट सत्र शुरू होते ही सभी एकाग्रता से अभ्यास करने लगे। कोहली नेट पर गए जहां कप्तान आयुष बडोनी बल्लेबाजी कर रहे थे। कोहली को नेट की ओर आता देख बडोनी थोड़े असहज हो गए जिसके बाद इस स्टार बल्लेबाज ने कहा,आयुष तुम बल्लेबाजी कर लो, फिर दोनों एक-दूसरे की जगह लेंगे। कोहली ने करीब एक घंटा नेट पर बिताया। सबसे पहले उन्होंने थ्रो-डाउन का सामना किया जिस पर वह पुल शॉट खेलते रहे। कोहली इसके बाद स्पिनरों के नेट पर गए जहां उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनरों हर्ष त्यागी और सुमित माथुर का सामना किया। कुछ गेंदे विकेट पर गिरने के बाद रुककर आईं लेकिन उनकी गेंदबाजी में ज्यादा धार नहीं थी। तेज गेंदबाजों नवदीप सैनी, मनी ग्रेवाल, राहुल गहलोत और सिद्धांत शर्मा के साथ भी यही स्थिति रही। कोहली इस दौरान बामुश्किल परेशानी में दिखे लेकिन उन्होंने कई गेंदों को छोड़ने का अभ्यास किया। चैंपियंस ट्रॉफी के करीब होने के कारण कोहली को गेंदों की लाइन के पीछे आकर खेलने की कोशिश करते देखा गया। भाटी ने कहा, वह सतह से बहुत खुश था। उन्होंने कहा कि अभ्यास विकेट, बीच का विकेट, सब कुछ शीर्ष स्तर के हैं। मैंने उनसे कहा कि इसका श्रेय हमारे युवा क्यूरेटर अंकित दत्ता को जाता है। उन्होंने कहा,भैया मजा आ गया बल्लेबाजी करके। कल फिर बल्लेबाजी करने आऊंगा। चौथी कक्षा का एक छात्र कबीर अंकल विराट का स्केच लेकर आया था। कोहली कबीर के पिता शावेज के साथ दिल्ली के लिए अंडर-17 और अंडर-19 क्रिकेट खेल चुके हैं। शावेज ने कहा,हमारा बीडीएम के साथ बल्ला अनुबंध था और हम साथ में बल्ले चुनने जाते थे। हम लंबे समय से दोस्त हैं। जब कबीर से कोहली के साथ उनकी बातचीत के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा,मैंने उनसे पूछा कि मैं भारत के लिए कैसे खेल सकता हूं? उन्होंने कहा,तुम्हें कड़ी मेहनत करनी होगी और तुम्हारे पापा को तुम्हें अभ्यास करने के लिए नहीं कहना चाहिए। तुम्हें पापा से कहना चाहिए, मुझे अभ्यास करने जाना है। कोहली ने टीम के अपने साथियों से कहा,दिल्लीवाले हो, दम दिखाओ। शुरूआत अच्छी की और फिर ठंडे पड़ गए। सकारात्मक खेलो जैसे दिल्लीवाले खेलते हैं।

# ओवेन के रिकॉर्ड शतक से होबार्ट हरिकेन्स ने बीबीएल खिताब जीता




प्रात : किरण,/ एजेसी

होबार्ट (ऑस्ट्रेलिया), । सलामी बल्लेबाज मिचेल ओवेन ने बिग बैश लीग (बीबीएल) के इतिहास का संयुक्त रूप से सबसे तेज शतक जड़ा जिससे होबार्ट हरिकेन्स ने मंगलवार को यहां फाइनल में सिडनी थंडर को सात विकेट से हराकर अपना पहला ऑस्ट्रेलियाई ट्वेंटी20 घरेलू खिताब जीता। ओवेन ने 2014 में बनाए क्रेग सिमंस के रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए 39 गेंद में शतक जड़ा। हरिकेन्स ने सिडनी थंडर के 183 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ओवेन की 42 गेंद में 11 छक्कों और छह चौकों से 108 रन की पारी की बदौलत 14.1 ओवर में ही तीन विकेट पर 185 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। ओवेन के 11 छक्के बीबीएल फाइनल में नया रिकॉर्ड है। हरिकेन्स की ओर से मैथ्यू वेड ने भी 32 रन की नाबाद पारी खेली जबकि बेन मैकडर्मोट 18 रन बनाकर नाबाद रहे। सिडनी थंडर ने इससे पहले जेसन सांघा (67) और कप्तान डेविड वार्नर (48) के बीच पहले विकेट की 97 रन की तेजतर्रार साझेदारी से सात विकेट पर 182 रन का स्कोर खड़ा किया। नाथन एलिस के पारी के 11वें ओवर में वार्नर का विकेट गंवाने के बाद सिडनी की टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम अच्छी शुरूआत का फायदा उठाने में नाकाम रही। एलिस ने 23 रन देकर तीन विकेट चटकाए जबकि राइली मेरेडिथ ने भी 27 रन देकर तीन विकेट हासिल किए।

# मुंबई ने मेघालय के खिलाफ रणजी मुकाबले के लिए 16 सदस्यीय टीम घोषित की



प्रात : किरण,/ एजेसी

मुंबई। गत चैंपियन मुंबई ने बृहस्पतिवार से यहां मेघालय के खिलाफ शुरू हो रहे करो या मरो के अपने रणजी एलीट ग्रुप ए मैच के लिए रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल और श्रेयस अय्यर जैसे भारतीय खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में 16 सदस्यीय टीम की घोषणा की। अंगकृष रघुवंशी, सूर्यांश शेडगे और अथर्व अंकोलकर की टीम में वापसी हुई है। पिछले सप्ताह जम्मू-कश्मीर के खिलाफ पांच विकेट से हार झेलने वाली मुंबई की टीम में भारत के स्टार खिलाड़ी जायसवाल, अय्यर और रोहित नहीं होंगे। ये सभी छह फरवरी से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली आगामी एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भारतीय टीम से जुड़ गए हैं। ये तीनों खिलाड़ी यहां बीकेसी मैदान पर छठे दौर के मैच में खेले थे। रोहित और जायसवाल ने घरेलू क्रिकेट में नियमित रूप से खेलने के भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देश का पालन किया। दूसरी ओर अय्यर इस साल सभी प्रारूपों की घरेलू प्रतियोगिताओं में मुंबई की टीम का अहम हिस्सा रहे। रोहित, जायसवाल और अय्यर अगले महीने होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम का भी हिस्सा हैं। जम्मू-कश्मीर के खिलाफ मुंबई की एकादश में शामिल रहे कर्श कोठारी को टीम में नहीं चुना गया है। जम्मू-कश्मीर के खिलाफ हार ने मुंबई की खिताब की रक्षा के अभियान को नुकसान पहुंचाया है क्योंकि अजिंक्य रहाणे की अगुवाई वाली टीम को अब मेघालय के खिलाफ बोनस अंक के साथ बड़ी जीत दर्ज करनी होगी और उम्मीद करनी होगी कि बड़ौदा शीर्ष पर चल रहे जम्मू-कश्मीर को उनके मैदान पर हरा दे। मुंबई की टीमः अजिंक्य रहाणे (कप्तान), आयुष म्हात्रे, अंगकृष रघुवंशी, अमोघ भटकल, सिद्धेश लाड, आकाश आनंद, हार्दिक तमोरे, सूर्यांश शेडगे, शारदुल ठाकुर, शम्स मुलानी, तनुष कोटियन, मोहित अवस्थी, सिल्वेस्टर डिसूजा, रॉयस्टन डायस, श्रेयस गुरव और अथर्व अंकोलकर।

# रॉयल्स की रिकॉर्ड जीत, डीएसजी बाहर



पार्ल, । पार्ल रॉयल्स ने एसए20 लीग में डरबन्स सुपर जाइंट्स (डीएसजी) को छह विकेट से हराकर घरेलू मैदान पर सभी पांच मैच जीतने का नया रिकॉर्ड बनाया। यह पहली बार है जब प्रतियोगिता के लीग चरण में कोई टीम घरेलू मैदान पर अजेय रही है। डीएसजी की टीम प्रतियोगिता से बाहर हो गई है क्योंकि पिछले सत्र की उप विजेता टीम अब प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकती। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे सुपर जाइंट्स ने 33 रन तक तीन विकेट गंवा दिए थे लेकिन मार्कस स्टोइनिस (नाबाद 55) के नाबाद अर्धशतक और केन विलियमसन (45) के साथ उनकी 53 रन की साझेदारी की बदौलत टीम सात विकेट पर 143 रन बनाने में सफल रही। रॉयल्स की ओर से ब्योर्न फोरटुइन ने 20 जबकि क्वेन मफाका ने 22 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए। रॉयल्स ने इसके जवाब में रूबिन हरमन की 59 रन की पारी और हुआन ड्रे-प्रिटोरियस (43) के साथ उनकी दूसरे विकेट की 91 रन की साझेदारी से 19.5 ओवर में चार विकेट पर 147 रन बनाकर जीत दर्ज की। इस जीत से रॉयल्स की टीम आठ मैच में सात जीत से 28 अंक के साथ अंक तालिका के शीर्ष पर बरकरार है।

# कर्नाटक के तैराकों ने डेन डेन सी स्विमिंग चैंपियनशिप में जीते 51 पदक



प्रात : किरण,/ एजेसी

मंगलुरु, । कर्नाटक के तैराकों ने डेन डेन सी स्विमिंग (समुद्र तैराकी) चैंपियनशिप के दूसरे संस्करण में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कुल 51 पदक जीते, जिनमें 17 स्वर्ण, 18 रजत और 17 कांस्य पदक शामिल हैं। राज्य का दबदबा विशेष रूप से 250 मीटर और 500 मीटर इवेंट्स में देखा गया, जहां कर्नाटक ने पुरुषों और महिलाओं दोनों श्रेणियों में सभी 12 पदक जीते। इस प्रतियोगिता का आयोजन मंगलौर सर्फ क्लब द्वारा किया गया था, जिसमें 9 राज्यों के 200 से अधिक तैराकों ने 5 श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा की। कर्नाटक ने 1.5 किमी श्रेणी में 19 पदक, 3 किमी श्रेणी में 15 पदक और नई 6 किमी श्रेणी में 5 पदक भी जीते। पदकों और प्रमाणपत्रों का वितरण मंगलुरु उत्तर के विधायक डॉ. भरत शेट्टी और वायु सुरक्षा कमांडेंट मुनीश अग्रवाल द्वारा किया गया, जो इस आयोजन के सम्मानित अतिथि थे। हालांकि कर्नाटक ने अधिकांश पदक जीते, अन्य राज्यों ने भी अपनी स्थिति मजबूत की। तमिलनाडु के तैराकों ने 4 पदक, महाराष्ट्र और गोवा के तैराकों ने 3-3 पदक और गुजरात, पश्चिम बंगाल और दिल्ली के तैराकों ने 1 और 2 पदक जीते। मंगलौर सर्फ क्लब के अध्यक्ष चिराग शंबू ने इस बारे में कहा, हम डेन डेन सी स्विमिंग चैंपियनशिप के दूसरे संस्करण की सफलता से बहुत खुश हैं। प्रतियोगिता कड़ी थी, और हम सभी विजेताओं को दिल से बधाई देते हैं। हम हमारे प्रायोजकों के समर्थन के लिए आभारी हैं और अगले साल एक और बड़े आयोजन का इंतजार कर रहे हैं। डेन डेन स्विम 2.0 के कंटेस्ट डायरेक्टर ऋषभराज शेट्टी ने कहा, इस वर्ष का आयोजन सभी के लिए रोमांचक था। मौसम और पानी की स्थिति अनुकूल थी, और जैलीफिश की कोई घटना नहीं होने के कारण प्रतियोगिता सुचारू रूप से चली। सभी एथलीटों ने शानदार समय बिताया और हम अगले वर्ष के लिए पहले से ही योजना बना रहे हैं।

# मोहन बागान ने आईएसएल में बेंगलुरू एफसी को हराया

कोलकाता, । मोहन बागान सुपर जाइंट ने इंडियन सुपर लीग के मैच में बेंगलुरू एफसी को 1.0 से हराकर शीर्ष पर अपनी बढत और मजबूत कर ली। मोहन बागान के लिये एकमात्र गोल लिस्टन कोलासो ने 74वें मिनट में किया। इस जीत के बाद अब उसके 40 अंक है और उसे दूसरे स्थान पर काबिज एफसी गोवा (33) पर सात अंक की बढत हासिल है। मोहन बागान ने 18 और एफसी गोवा ने 17 मैच खेले हैं। अब मोहन बागान का सामना एक फरवरी को मोहम्मडन एससी से होगा ।

# त्रिशा गोंगडी अंडर 19 महिला विश्व कप में शतक लगाने वाली पहली खिलाड़ी बनीं

प्रात : किरण,/ एजेसी



कुआलालंपुर, । भारत की सलामी बल्लेबाज त्रिशा गोंगडी ने मंगलवार को आईसीसी अंडर19 महिला टी20 विश्व कप में इतिहास रच दिया, क्योंकि वह टूर्नामेंट में शतक लगाने वाली पहली खिलाड़ी बन गईं। 19 वर्षीय इस आक्रामक बल्लेबाज ने स्कॉटलैंड के खिलाफ ब्यूमास ओवल में भारत के सुपर सिक्स मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। दाएं हाथ की इस सलामी बल्लेबाज ने 53 गेंदों पर तीन अंकों का आंकड़ा छुआ। वह 186.44 के स्ट्राइक रेट से 59 गेंदों पर 13 चौकों और चार छक्कों की मदद से 110 रन बनाकर नाबाद रहीं। त्रिशा ने जी कमलिनी के साथ 147 रनों की ओपनिंग विकेट साझेदारी की, जो 42 गेंदों पर 51 रन बनाकर आउट हो गईं। सलामी बल्लेबाज ने फिर से सानिका चाल्का (नाबाद 29) के साथ नाबाद 61 रनों की साझेदारी की और भारत को 20 ओवरों में 208/1 तक पहुंचाया। इतिहास रचने वाली पारी के साथ, त्रिशा टूर्नामेंट में शीर्ष स्कोरर भी बन गई हैं - उन्होंने पांच मैचों में 230 रन बनाए हैं। वह उद्घाटन महिला अंडर 19 विश्व कप में भारत के खिताब जीतने वाले अभियान में भी शामिल थीं। उस टूर्नामेंट में, उन्होंने सात मैचों में 116 रन बनाए थे। इंग्लैंड की डेविना सारा टी पेरिन चार मैचों में 131 रनों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। अगर त्रिशा निकी प्रसाद की अगुवाई वाली भारतीय टीम के लिए आगामी मैचों में कम से कम 68 रन बनाने में सफल रहती हैं, तो वह महिला अंडर 19 टी20 विश्व कप के एक संस्करण में सबसे अधिक रन बनाने का श्वेता सेहरावत का रिकॉर्ड तोड़ देंगी। सेहरावत ने 2023 में दक्षिण अफ्रीका में आयोजित टूर्नामेंट के उद्घाटन संस्करण के दौरान रिकॉर्ड बनाया, जहां उन्होंने सात मैच खेले और 297 रन बनाए। 19 जनवरी को वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत के पहले मैच में सिर्फ 4 रन बनाने वाली त्रिशा ने मलेशिया के खिलाफ दूसरे ग्रुप ए मैच में नाबाद 27 रन बनाकर वापसी की। उस मैच में भारत ने 32 रन का लक्ष्य हासिल किया था। त्रिशा ने इसके बाद श्रीलंका के खिलाफ तीसरे मैच में 49 रन बनाए और पहले सुपर सिक्स मैच में उन्होंने 40 रन बनाए, जिससे भारत ने बांग्लादेश पर आठ विकेट से जीत दर्ज की। गत चैंपियन भारत टूर्नामेंट में अजेय है और पहले ही सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुका है।

## बैंकॉक में सुपर फाइटर सीरीज में चुनौती पेश करेंगे तीन भारतीय पेशेवर मुक्केबाज

बेंगलुरू, ।तमिलनाडु के पेशेवर मुक्केबाज साबरी जयशंकर सात फरवरी को बैंकॉक में होने वाली अंतरराष्ट्रीय पेशेवर मुक्केबाजी स्पर्धा सुपर फाइटर सीरीज में हिस्सा लेंगे जहां मिजोरम से दो अन्य भारतीय मुक्केबाज लालडिनसांगा और वनलालवम्पुइया भी चुनौती पेश करेंगे।क्राउन बॉक्सिंग प्रमोशन्स और ग्रासरूट बॉक्सिंग प्रमोशन्स द्वारा आयोजित इन मुकाबलों में तीन भारतीयों के अलावा अमेरिका, फ्रांस, बेलारूस, यूक्रेन और थाईलैंड के अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज भी हिस्सा लेंगे।भारतीय दावेदार जयशंकर थाईलैंड के अनुभवी पेशेवर रत्ताकोर्न टेसावॉर्न के साथ मुकाबला करेंगे। तमिलनाडु का यह मुक्केबाज मौजूदा डब्ल्यूबीसी मिडिल ईस्ट और डब्ल्यूबीसी ऑस्ट्रेलेशिया चैंपियन हैं। डब्ल्यूबीसी युवा विश्व चैंपियन और पेशेवर मुक्केबाजी में उभरते सितारे लालडिनसांगा का सामना थाईलैंड के सरावुत जियामथोंग से होगा। वनलालवम्पुइया की भिड़ंत थाईलैंड के सुपाचट सुकोंथामनी से होगी।इस मुकाबले के काफी रोमांचक होने की उम्मीद है क्योंकि दोनों ही मुक्केबाज अपनी आक्रामक शैली के लिए जाने जाते हैं।

# न्यूजीलैंड की अमेलिया केर को आईसीसी महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया

प्रात : किरण,/ एजेसी



दुबई, । अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने न्यूजीलैंड की अमेलिया केर को आईसीसी महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर के लिए राचेल हेहो फ्लिंट ट्रॉफी का विजेता घोषित किया है। कैलेंडर वर्ष के दौरान खेल के सभी प्रारूपों में शानदार प्रदर्शन करने वाली केर 2024 में व्हाइट फर्न्स को उनके पहले आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के लिए प्रेरित करने के बाद प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीतने वाली पहली न्यूजीलैंडर बन गई हैं। अकेले टी20 में, केर ने 15.55 की औसत से 387 रन बनाए और 29 विकेट लिए, फिर भी विश्व कप अभियान के दौरान उनकी प्रतिभा सबसे अधिक स्पष्ट थी - एक ही संस्करण में सबसे अधिक विकेट (15) का नया रिकॉर्ड बनाया और फाइनल में एक अविस्मरणीय व्यक्तिगत प्रदर्शन के साथ ट्रॉफी और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का सम्मान हासिल किया। सबसे बड़े मंच पर, फॉर्म में चल रही दक्षिण अफ्रीकी टीम के खिलाफ, केर ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों पर काबू पाते हुए 38 गेंदों पर 43 रन बनाए और फिर खतरनाक लॉरा वोल्वार्ट और एनेके बॉश को आउट करके 24 रन देकर तीन विकेट चटकाए और जश्न के बीच 32 रनों की जीत दर्ज की। जबकि उनका साल सबसे छोटे प्रारूप में उनके ऐतिहासिक कारनामों के लिए सबसे ज्यादा याद किया जाएगा, केर ने वनडे में भी प्रभावित किया, 33.00 की औसत से 264 रन बनाए और 14 विकेट लिए, जिसमें भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार विकेट शामिल हैं। 24 वर्षीय खिलाड़ी ने दक्षिण अफ्रीका की कप्तान वोल्वार्ट, श्रीलंका की चामरी अथापथु और ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड को पछाड़कर यह पुरस्कार जीता। उन्होंने शनिवार को महिला टी20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर का खिताब भी जीता था। अमेलिया केर ने कहा, ह्लआईसीसी महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर के लिए राचेल हेहो फ्लिंट ट्रॉफी जीतना बहुत बड़ा सम्मान है। मुझे लगता है कि मेरे लिए व्यक्तिगत पुरस्कार कुछ ऐसा नहीं है जिसके बारे में आप ज्यादा सोचते हैं, लेकिन यह एक बेहद खास पुरस्कार है।ह्व ह्लन्यूजीलैंड के लिए योगदान दे पाना अच्छा है, मुझे लगता है कि कोई भी क्रिकेटर यही चाहता है कि वह कड़ी मेहनत करे और अपने साथियों के लिए अच्छा प्रदर्शन करे। ऐसे बहुत से लोग हैं जिन्होंने मुझे वह हासिल करने में मदद की है जो मैंने हासिल किया है, और मैं अपने आस-पास मौजूद समर्थन नेटवर्क के लिए बहुत आभारी हूं।ह्व आईसीसी अवार्ड्स 2024 की घोषणाएं मंगलवार को बाद में समाप्त होंगी, जिसमें आईसीसी पुरुष क्रिकेटर ऑफ द ईयर के लिए बहुप्रतीक्षित सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी की घोषणा की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### टेंपो में ले जा रहे थे गाय-बछड़ा; भीड़ ने रोका और तस्कर बताकर पीटा, एक की मौत

**पलवल, एजेंसी।** हरियाणा के पलवल जिले में भीड़ की ओर से एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या का मामला सामने आया है। मित्रोल गांव में हुई इस घटना को लेकर 10 लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह हमला पशु तस्करी के संदेह में शुक्रवार रात को हुआ। इस दौरान गंभीर चोटें आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और दूसरा घायल है। पुलिस की ओर से इस मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं की गई है। मृतक की पहचान मुंडकटी गांव के यूसुफ के तौर पर हुई जो 28 साल का था। घायल लड़के का नाम रवि है जिसकी उम्र 26 वर्ष है। पुलिस थाने में दर्ज शिकायत के अनुसार, यूसुफ मवेशियों की बिक्री और खरीद का काम करता था। वह रवि के साथ नगला गांव से टेंपो में एक गाय और बछड़े को ले जा रहा था। इसी दौरान मित्रोल गांव के पास कुछ लोगों ने उन्हें घेर लिया। उन्होंने मवेशियों के दस्तावेज मांगे मगर यूसुफ ऐसा कोई कागज नहीं दिखा सका। इस पर भीड़ ने दोनों पर मवेशियों की तस्करी का आरोप लगाया और हमला करना शुरू कर दिया। यूसुफ गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में रविवार को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में उसने दम तोड़ दिया। टेंपो चालक रवि को भी चोटें आईं लेकिन उसकी हालत अब स्थिर है। रिपोर्ट के मुताबिक, यूसुफ की मौत के बाद शव उसके परिवार को सौंप दिया गया है। लाश को उसके गांव ले जाया गया और जोरदार विरोध प्रदर्शन हुआ। सड़क पर यातायात रोक दिया गया था और दोषियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग रखी गई। पुलिस की ओर से सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। इसके बाद, मृतक के परिजन शव का अंतिम संस्कार करने के लिए राजी हुए। बताया जा रहा है कि दोनों पीड़ितों की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। खुद को गोरक्षक बताने वाले लोगों ने उन्हें मवेशी तस्कर घोषित कर दिया और बुरी तरह से पीटा। गंभीर चोटों के चलते ही यूसुफ की मौत हुई। पुलिस का कहना है कि आरोपियों को पकड़ने की कोशिश जारी है।

### कोलकाता एसटीएफ ने हथियारों के साथ यूपी के पांच लोग पकड़े

**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता के सियालदह इलाके में एसटीएफ ने उत्तर प्रदेश के पांच लोगों को हथियार और गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि कोलकाता पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने सोमवार को मुचिपारा पुलिस थाना क्षेत्र में सुरेंद्रनाथ महिला कॉलेज के पास से आरोपियों को पकड़ा। वे किसी अपराध को अंजाम देने के लिए शहर में थे। मामले की जांच चल रही है। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों पास से दो हथियार और 15 राउंड गोला बारूद जब्त किया।

### मणिपुर में दो उग्रवादी पकड़े गए

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर के थौबल और इंफाल पश्चिम जिलों में अलग-अलग अभियानों में दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि कांगलेइपाक कम्युनिस्ट पार्टी (ताइबांगनगानबा) के एक सदस्य को सोमवार को थौबल में वेथौ-थियाम आईवीआर से गिरफ्तार किया गया। उसकी पहचान सपम पाइखोम्बा मैतेई (26) के रूप में हुई। उसके पास से एक वायरलेस हैंडसेट और छह 9 मिमी लाइव राउंड जब्त किए गए। इसके अलावा प्रतिबंधित केसीपी (एमएफएल) के एक 32 वर्षीय सदस्य सैमोम डेविडसन मैतेई उर्फ लोया को इंफाल पश्चिम जिले के थोंगजू पेचुलमपाक पुखरी से गिरफ्तार किया गया। उस पर सिंगजामेई-थोंगजू क्षेत्र और उसके आसपास स्थित दुकानों के मालिकों से जबरन वसूली करने का आरोप था।

### संबंध न बनाने पर पति को जेल भेजने की धमकी, पत्नी ने पुलिसकर्मी रिश्तेदार पर दर्ज कराई एफआईआर

**गाजियाबाद, एजेंसी।** गाजियाबाद के शालीमार गार्डन इलाके में रहने वाली एक विवाहित महिला ने उत्तराखंड के एक पुलिसकर्मी पर जबरन संबंध बनाने का दबाव डालने और पति को जेल भेजने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस महिला की शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर इस मामले की जांच कर रही है। पीड़ित महिला अपने पति के साथ गाजियाबाद के शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र में रहती है। पुलिस को दी शिकायत में उसने बताया कि उनका एक रिश्तेदार उत्तराखंड पुलिस में कॉन्स्टेबल है। वह एसएसपी हरिद्वार के कार्यालय में डाक मुंशी के पद पर तैनात है।

# केजरीवाल पर मानहानि का दावा करेगी हरियाणा सरकार

### सीएम नायब सैनी बोले- मानसिक संतुलन खो चुके अरविंद, जनता से तुरंत मांगे माफी



**चंडीगढ़, एजेंसी।**
हरियाणा सरकार दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल पर मानहानि का दावा करेगी. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कड़े शब्दों में कहा कि अरविंद केजरीवाल को हरियाणा और दिल्ली की जनता से तुरंत माफी मांगनी चाहिए, अगर उन्होंने ऐसा नहीं किया, तो हरियाणा सरकार उन पर मानहानि का दावा पेश करेगी.

हरियाणा के सीएम ने केजरीवाल से पूछे सवालः मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि केजरीवाल ने कहा है कि दिल्ली जल बोर्ड के इंजीनियरों ने पानी को दिल्ली आने से रोक दिया, उन्हें पता लगा कि इसमें जहर है. सीएम नायब सैनी ने अरविंद केजरीवाल से पूछा कि इंजीनियरों ने किस तरह निष्कर्ष निकाला कि इसमें (यमुना में) जहर है? केजरीवाल बताएं कि कौन सा जहर डाला गया? कितने टन जहर डाला गया? फिर बॉर्डर पर पानी को कैसे रोका? कोई दीवार बनाई? कहां बनाई? अगर पानी जहरीला था, तो उस जहरीले पानी से कितनी मछलियां मरी?

मानसिक संतुलन खो चुके केजरीवालः सीएम नायब सैनी ने कहा घटिया और झूठ की राजनीति करने के मामले में अरविंद केजरीवाल का कोई सानी नहीं है. केजरीवाल ने उस माटी का अपमान किया. जहां वो पैदा हुए. हरियाणा के लोग यमुना को पवित्र नदी मानते हैं और इसकी पूजा करते हैं, हरियाणा के लोग भला नदी के पानी में जहर क्यों मिलाएंगे? अरविंद केजरीवाल ने वर्ष 2020 में झूठा वादा किया था कि अगर यमुना को दूषित होने से नहीं बचाया, तो कभी वोट नहीं मांगूंगा. अब चुनाव में संभावित हार को देखकर केजरीवाल ने अपना मानसिक संतुलन खो दिया है. अरविंद केजरीवाल पर मानहानि का केस करेगी हरियाणा सरकारः सीएम नायब सैनी ने सख्त लहजे में कहा कि अरविंद केजरीवाल हरियाणा और दिल्ली की जनता से तुरंत माफी मांगे. वरना हम उनके खिलाफ मानहानि का दावा करेंगे.

# जांच के बाद वापस होंगे कन्नड़ समर्थकों पर दर्ज मुकदमे, सीएम के एलान पर बोले गृह मंत्री परमेश्वर

**बंगलूरू, एजेंसी।**
कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने कन्नड़ समर्थकों को बड़ी राहत देने के लिए एलान किया। उन्होंने कहा कि 2023 में कन्नड़ समर्थकों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने पर दर्ज किए गए सभी मामले वापस लिए जाएंगे। इस पर राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा कि कैबिनेट समिति पहले इसकी जांच करेगी। इसके बाद प्रस्ताव अमल में लाया जाएगा।



विधान सौध क्षेत्र में कर्नाटक की देवी भुवनेश्वरी की कांस्य प्रतिमा के लोकार्पण समारोह में सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि हमें सभी भाषाओं से प्रेम करना चाहिए। उनको अपनाना चाहिए। कर्नाटक में भी कन्नड़ लोगों को कन्नड़ में अपने भाइयों और अन्य लोगों से बोलने और बातचीत करने की संस्कृति का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दूसरी भाषाओं में गलत बोलने के बजाय हमें अपनी भाषा बोलनी चाहिए। हमारे सभी पड़ोसी राज्य में वहां के लोगों द्वारा बोली जाने वाली भाषा की संप्रभु है। सीएम ने कहा कि यहां भी इसका अभ्यास किया जाए। राज्य में हर किसी को कन्नड़ भाषा, संस्कृति और कला के प्रति सम्मान विकसित करना चाहिए। तभी कन्नड़ संप्रभु भाषा बन पाएगी। वहीं कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा कि एक प्रक्रिया है। कैबिनेट समिति इसकी जांच करेगी। अगर इसे वापस लेना है, तो यह कैबिनेट के पास जाएगा। 2023 में कर्नाटक में कर्नाटक रक्षण वेदिके (नारायण गौड़ा गुट) के कार्यकर्ताओं ने बंगलूरू में दुकानों पर कन्नड़ भाषा में साइनबोर्ड लगाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया था। कार्यकर्ताओं ने उन दुकानों में तोड़फोड़ भी की, जिन पर कन्नड़ भाषा में साइनबोर्ड नहीं थे। मामले में दुकानों में तोड़फोड़ करने वाले कर्नाटक रक्षण वेदिके के अध्यक्ष टीए नारायण गौड़ा समेत 29 कार्यकर्ताओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। जबकि 500 कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया था।

# महाकुंभ : देश के कोने-कोने से आ रहे श्रद्धालु, बेहतरीन व्यवस्था के लिए सरकार को सराहा

**महाकुंभ नगर , एजेंसी।**
दुनिया में हिंदुओं के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन महाकुंभ 2024 में रोजाना लाखों श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है। पिछले दो-तीन दिनों से यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोतरी देखी गई है। महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालु बड़ी संख्या में प्रयागराज में ही स्थित बड़े हनुमान जी मंदिर में भी दर्शन कर रहे हैं। मंगलवार को संगम स्नान करने आए भक्तों ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से खास बात की।

दिल्ली के श्रद्धालु निखिल गोस्वामी ने बताया, बहुत अच्छा आयोजन है, सरकार की तरफ से अच्छी सुविधाएं दी जा रही हैं। यहां पर लोगों की बहुत भीड़ है। सभी को महाकुंभ में आना चाहिए। जितनी भीड़ यहां पर आ रही है, उसी हिसाब से मैनेजमेंट भी किया गया है। महाकुंभ में युवा बहुत रुचि दिखा रहे हैं, जिसका कारण मीडिया है। मीडिया को देखकर युवा यहां पर आ रहे हैं। पंजाब



के जालंधर से आने वाली पूजा चौहान ने बताया, हमने त्रिवेणी में डुबकी ली। बहुत ही भक्तिमय माहौल है। मेरे हिसाब से सभी को यहां पर आना चाहिए। जो यहां पर आएगा, वो पूरे जीवन भर इसको याद करेगा। मुंबई से आने वाले श्रद्धालु ने बताया, यहां आकर बहुत अच्छा लगा। घाटों और खाने की व्यवस्था बहुत अच्छी है। सुरक्षा के पुख्ते इंतजाम के लिए पुलिस की अधिक संख्या में तैनाती है। खाने की अच्छी सुविधा है। बहुत संख्या में लोग आ रहे हैं। हमने स्नान करने के बाद बड़े हनुमान जी का दर्शन किया। आज के दिन मात्र दो घंटे में दर्शन हो गए। गुजरात के अहमदाबाद से आए एक श्रद्धालु ने बताया कि इस बार महाकुंभ की व्यवस्था बहुत अच्छी है। सपा के शासन में हुए कुंभ में भी यहां पर आया था, उस समय की अपेक्षा ये बहुत ही भव्य आयोजन है। सभी को इसके प्रति जागरूक होना चाहिए। बहुत अच्छी व्यवस्था की गई है। बलिया के रहने वाले एक श्रद्धालु ने बताया, महाकुंभ में इस बार पुलिस की व्यवस्था बहुत अच्छी है। पिछले दो-तीन दिनों से यहां पर लगातार भीड़ बढ़ती जा रही है। हमें लग रहा है कि कल मौनी अमावस्या होने के कारण करोड़ों श्रद्धालु स्नान करेंगे। शासन-प्रशासन सभी आपसी सहयोग से काम कर रहे हैं। इस आयोजन से सनातन धर्म का प्रचार हो रहा है, देश और दुनिया के कोने-कोने से श्रद्धालु यहां पर आ रहे हैं और गंगामय हो जा रहे हैं।

# अमृतसर में निर्वाचित पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह

### कांग्रेस ने प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप

**अमृतसर, एजेंसी।**
अमृतसर नगर निगम के निर्वाचित पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को आयोजित किया गया। इस दौरान मेयर, डिप्टी मेयर और सीनियर मेयर का चुनाव होना था। इस महत्वपूर्ण आयोजन का संचालन अमृतसर मेडिकल कॉलेज में किया गया, जहां बड़ी संख्या में स्थानीय नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। समारोह के दौरान प्रशासन ने कांग्रेस, भाजपा और शिरोमणि अकाली दल के किसी भी वरिष्ठ नेता को अंदर प्रवेश करने की इजाजत नहीं दी। वहीं, आम आदमी पार्टी के सभी नेता और कार्यकर्ता समारोह में उपस्थित रहे। कांग्रेस के




पार्षद इस पर नाराज नजर आए और उनका कहना था कि उन्हें मेयर के चुनाव में वोटिंग का मौका नहीं दिया गया। पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष राजा वारिंग इस दौरान पुलिस अधिकारियों से बहस करते हुए नजर आए। राजा वारिंग ने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके ऊपर सीधा दबाव डाला गया और बिना किसी मतदान के तुरंत ही मेयर, डिप्टी मेयर और सीनियर डिप्टी मेयर के नामों की घोषणा कर दी गई। राजा वारिंग ने इस पूरी प्रक्रिया की निंदा की और कहा कि वह हाई कोर्ट में रिट दायर कर चुनाव को दोबारा कराने की मांग करेंगे।

इस मौके पर पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष राजा वारिंग, डॉ. राज कुमार वेरका, पूर्व सांसद जसबीर सिंह डिंपा और अमृतसर से सांसद गुरजीत सिंह औजला ने कहा कि उनके पार्षद समारोह में मौजूद थे, लेकिन प्रशासन के दबाव के कारण आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार को मेयर बना दिया गया। उन्होंने इसे लोकतंत्र का उल्लंघन बताया और इस मामले को लेकर हाई कोर्ट जाने का ऐलान किया। राजा वारिंग और कांग्रेस पार्टी की पूरी लीडरशिप ने मेडिकल कॉलेज के बाहर पंजाब सरकार और प्रशासन के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। उन्होंने आरोप लगाया कि संविधान का खुलेआम उल्लंघन किया गया। वहीं, आम आदमी पार्टी के पक्ष से नए मेयर बने जतिंदर सिंह मोती भाटिया के समर्थकों ने उनके समर्थन में जोरदार नारेबाजी की।

# महाराष्ट्र निकाय चुनाव में एकला चलो की राह पर उद्धव सेना, मुंबई में लड़ेगी अकेले

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में शिवसेना (यूबीटी) स्थानीय निकाय चुनावों में एकला चलो की राह पकड़ती नजर आ रही है। राज्यसभा सांसद और सीनियर नेता संजय राउत ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी मुंबई में अकेले चुनाव लड़ेगी। मगर, दूसरे शहरों को लेकर फैसला अभी तक नहीं हुआ है। यह निर्णय पार्टी की ताकत के आधार पर लिया जाएगा। संजय राउत ने कहा, पार्टी के पास मुंबई में अच्छी-खासी ताकत है। स्थानीय नेताओं का इस बात पर जोर है कि पार्टी को बीएमसी चुनाव अकेले लड़ना चाहिए। इसे देखते हुए हमने मुंबई में बीएमसी चुनाव अकेले लड़ने का मन बनाया है। जहां तक अन्य स्थानीय निकायों का सवाल है तो हम मौजूदा स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं। अकेले लड़ेगी और कहां पर गठबंधन होगा, इस संबंध में चर्चा जारी है। फिलहाल, मुंबई में अकेले लड़ने का फैसला लिया गया है। इससे पहले, शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने संकेत दिया था कि उनकी पार्टी आगामी स्थानीय निकाय चुनाव अपने दम पर लड़ सकती है। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकर्ता इसके लिए उत्सुक हैं और वह उचित समय पर इस पर निर्णय लेंगे। उन्होंने भाजपा को कम से कम एक चुनाव मतपत्रों से कराने की चुनौती दी। 99वीं जयंती पर पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि वह सभी नगर निगमों में पार्टी के कार्यकर्ताओं से बात कर रहे हैं। वे चाहते हैं कि पार्टी आगामी स्थानीय निकाय चुनाव स्वतंत्र रूप से लड़े।

# चीन के डीपसीक ने अमेरिका को दिया बड़ा झटका, दुनियाभर के स्टॉक बाजारों में हलचल

**वाशिंगटन एजेंसी।** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद चीन के साथ कारोबारी तनाव बढ़ने की आशंका थी, लेकिन इस बीच चीन ने एक नया एआई मॉडल पेश किया है, जिसने अमेरिकी और एशियाई बाजारों को हिला दिया है। चीन के डीपसीक एआई मॉडल ने अमेरिकी बाजार में हलचल मचा दी है और एशिया के प्रमुख बाजारों में भी इसका असर देखा जा रहा है। खास बात यह है कि चीन का बाजार अभी भी हरे रंग में दिखाई दे रहा है, जबकि बाकी बाजारों में गिरावट है। डीपसीक का एआई मॉडल कम खर्चीला है और यह कम क्षमता की चिप पर भी काम कर सकता है, जिससे अमेरिका की एनवीडिया जैसी बड़ी टेक कंपनियों के लिए चुनौती बढ़ी है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, यह मॉडल ऐप स्टोर पर टॉप रैंक पर है और इससे अमेरिकी टेक कंपनियों के लिए मुश्किलें बढ़ सकती हैं। प्रमुख निरगुनन तिरुचेल्वम का कहना है कि इस मॉडल ने अमेरिका के सिलिकॉन वैली में भारी निवेश पर सवाल खड़े कर दिए हैं, क्योंकि यह ओपन सोर्स टेक्नोलॉजी पर आधारित है और इसका उपयोग करना आसान है। स्ड्ड×श्र स्ड्डह्ल्ध्रद्गह्लह्य की निवेश रणनीतिकार चारु खत्रा के मुताबिक, चीन का डीपसीक एआई मॉडल आने वाले समय में प्रतियोगिता को और बढ़ा सकता है। डीपसीक ने दुनियाभर के स्टॉक मार्केट्स में हलचल मचाई है। अमेरिका के एसएंडपी फ्यूचर्स 1त्न गिर गए हैं, जबकि नास्डाक 100 के कॉन्ट्रेक्ट्स में करीब 2त्न की गिरावट आई है। वहीं, चीन के हैंगसैंग और शंघाई कंपोजिट में थोड़ी बढ़त देखने को मिली है, जबकि भारत समेत बाकी एशियाई बाजारों में भारी गिरावट है।

# अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो ने कहा- लादेन की तरह अफगानिस्तान शासकों पर करेंगे ईनाम की घोषणा

### भड़क गया तालिबान

**वाशिंगटन, एजेंसी।** तालिबान के एक राजदूत ने सोमवार को अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो की टिप्पणी पर आपत्ति जताई जिन्होंने कहा था कि वह अमेरिकी नागरिकों को हिरासत में रखने के लिए अफगानिस्तान के शासकों पर इनाम की घोषणा करेंगे। पिछले सप्ताह अमेरिका और अफगानिस्तान के बीच कैदियों की अदला-बदली में तालिबान के एक सदस्य खान मुहम्मद के बदले दो अमेरिकियों को रिहा किया गया था। अमेरिकी नागरिक रयान कॉर्बेट और विलियम मैकेंटी को रिहा करने का समझौता जो बाइडेन का राष्ट्रपति कार्यकाल खत्म होने से पहले ही किया गया था। लेकिन दो और अमेरिकी, जॉर्ज ग्लीजमैन और महमूद हबीबी अब भी तालिबान की हिरासत में हैं। तालिबान ने यह नहीं बताया है कि कितने विदेशी नागरिक अफगानिस्तान की जेलों में बंद हैं। रुबियो ने शनिवार को 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''मैंने सुना है कि तालिबान ने और ज्यादा अमेरिकी नागरिकों को बंधक बना रखा है। उन्होंने कहा कि अगर यह सच है, तो अमेरिका तालिबान के शीर्ष नेताओं को पकड़े जाने के लिए ओसामा बिन लादेन से भी ज्यादा इनाम की घोषणा करेगा। कतर में तालिबान के राजदूत सुहैल शाहीन ने कहा कि अफगान सरकार की नीति बातचीत के जरिए शांतिपूर्ण तरीके से मुद्दों को हल करना है। उन्होंने रुबियो के बयान पर आपत्ति जताते हुए कहा, ''दबाव और आक्रामकता के सामने, हाल के दशकों में अफगान राष्ट्र का जिहाद एक सबक है जिससे सभी को सीखना चाहिए। तालिबान ने दो दशकों तक अमेरिका और नाटो सेनाओं से लड़ाई लड़ी, अंततः अगस्त 2021 में विदेशी सैनिकों को अफगानिस्तान छोड़ना पड़ा। शाहीन अफगानिस्तान के लिए शांति समझौता सुनिश्चित करने को लेकर दोहा में तालिबान की वार्ता टीम का हिस्सा थे। शाहीन ने कहा कि हाल में एक अन्य विदेशी नागरिक डेविड लैवरी (कनाडा) की अफगान जेल से रिहाई ''मित्र देश कतर की मध्यस्थता और ऐसे मामलों पर तालिबान सरकार के साथ सकारात्मक बातचीत के माध्यम से हुई।



# नीदरलैंड के ड्रेंट्स म्यूजियम से चोरी हुआ 2500 साल पुराना मुकुट, फिल्म धूम-2 के स्टाइल में की चोरी

**नीदरलैंड एजेंसी।**
नीदरलैंड के एसेन शहर में स्थित ड्रेंट्स म्यूजियम से सैकड़ों साल पुरानी बेशकीमती वस्तुएं चोरी होने का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। डच पुलिस के अनुसार, यह घटना शनिवार की सुबह म्यूजियम में हुई। चोरों ने फिल्म धूम 2 की तरह चोरी को अंजाम दिया। पहले विस्फोट कर म्यूजियम में घुसने का रास्ता बनाया, फिर बेशकीमती सामान चोरी कर लिया। पुलिस को स्थानीय समय के अनुसार सुबह 3:45 बजे विस्फोट की सूचना मिली थी।

चोर म्यूजियम से तीन डैशियन सोने के कंगन और एक शानदार मुकुट (हेलमेट) ले गए हैं। सीसीटीवी फुटेज में धमाके से पहले संदिग्धों को म्यूजियम का बाहरी दरवाजा खोलते हुए देखा जा सकता है। विस्फोट से चारों ओर धुआं और चिंगारी फैलती हुई दिखाई देती है। जो मुकुट चोरी किया गया, वह 2500 साल पुराना है और म्यूजियम की प्रदर्शनी का आकर्षण था। यह मुकुट डैशियन्स नामक प्राचीन समाज से जुड़ा हुआ है, जिन्होंने रोमन साम्राज्य से पहले वर्तमान रोमानिया के अधिकांश हिस्से पर शासन किया था। इस मुकुट का नाम कोटोफेनेस्टी हेलमेट है और इसे करीब एक सदी पहले रोमानिया के एक गांव में खोजा गया था। इस हेलमेट के डिज़ाइन में पौराणिक चित्रण और आंखों का एक जोड़ा दिखता है, जो इसे पहनने वाले को बुरी नजर से बचाने के लिए माना जाता था। इसे युद्ध के दौरान दुश्मनों को डराने के लिए भी उपयोगी माना जाता था। यह चोरी एक विशेष प्रदर्शनी का हिस्सा थी, जिसका नाम डासिया: एम्पायर ऑफ गोल्ड एंड सिल्वर था, जिसमें रोमानिया के विभिन्न संस्थानों से उधार ली गई प्राचीन वस्तुएं प्रदर्शित की गई थीं। यह प्रदर्शनी जुलाई से चल रही थी और इसमें डैशियन्स के समाज और उनके खजाने को दर्शाया जा रहा था। डच पुलिस ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। वे इंटरपोल के साथ मिलकर काम कर रहे हैं, जो एक वैश्विक पुलिस एजेंसी है। रविवार तक पुलिस को 50 से अधिक सूचनाएं प्राप्त हो चुकी हैं। जांचकर्ता एक ग्रे रंग की कार की तलाश में हैं, जो हफ्ते के शुरुआत में पास के शहर अलकमार से चोरी हो गई थी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129